@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
सोमवार, 18 दिसंबर 2023

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 18 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

प्रधानमंत्री मोदी ने किया दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन का उद्घाटन

सूरत, 17 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन- सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन कर दिया। इसी के साथ अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को पीछे छोड़कर भारत में अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन शुरू हो गया है। 80 वर्षों तक, पेंटागन दुनिया की सबसे बड़ी कार्यालय इमारत थी। लेकिन, यह उपाधि अब गुजरात के सूरत में निर्मित इमारत ने ले ली है। इस इमारत में हीरा व्यापार केंद्र होगा। गौरतलब है कि सूरत को विश्व की रत्न राजधानी के रूप में जाना जाता है, जहां दुनिया के 90त्न हीरे तराशे जाते हैं। नवनिर्मित सूरत डायमंड बोर्स में 65,000 से अधिक हीरा पेशेवर एक साथ काम कर सकेंगे। 15 मंजिला यह इमारत 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है और इसमें नौ आयताकार संरचनाएं बनी हैं। जो एक केंद्र से आपस में जुड़ी हैं। इस भव्य इमारत का निर्माण करने वाली कंपनी के अनुसार, इसमें 7.1 मिलियन वर्ग फुट से अधिक फर्श की जगह मौजूद है। इमारत का निर्माण चार साल में पूरा हुआ है। एसडीबी वेबसाइट के अनुसार, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में एक मनोरंजन क्षेत्र और पार्किंग क्षेत्र है जो 20 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। परियोजना के सीईओ महेश गढ़वी ने इस इमारत के निर्माण के दौरान कहा था कि नया भवन परिसर खुलने के बाद हजारों लोगों को व्यवसाय करने के लिए ट्रेन से मुंबई जाने की जरूरत नहीं होगी। जिन्हें कभी-कभी हर दिन मुंबई की यात्रा करनी पड़ती थी। एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता के बाद भारतीय आर्किटेक्ट कंपनी मॉर्फोजेनेसिस ने इस इमारत का डिजाइन तैयार गया था।

21 को होगी कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक

सिम्मी कौर बब्बर

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अगले साल के आम चुनाव की रणनीति पर चर्चा करने और भाजपा का मुकाबला करने के लिए अपने चुनाव अभियान को जमीन पर उतारने की योजना तैयार करने के लिए बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में होने वाली यह मीटिंग इंडिया गठबंधन की बैठक के दो दिन बाद होगी। बता दें, इंडिया गठबंधन की बैठक 19 दिसंबर को होनी है। कार्य समिति की बैठक में अगले साल होने वाले चुनावों से पहले राहुल गांधी द्वारा बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाकर निकाली जाने वाली यात्रा पर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस यात्रा के मोड को लेकर विचार कर रही है कि इसे पैदल निकाला जाए या हाइब्रिड मोड में। पार्टी पैदल समेत हाइब्रिड मोड में पूर्व-से-पश्चिम यात्रा पर विचार कर रही है और जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिए जाने की उम्मीद है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को दोपहर तीन बजे नई दिल्ली में होगी। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के सामने मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना, सीटों का बंटवारा और संयुक्त रैलियां आयोजित करने का कार्यक्रम मुख्य चुनौतियों में शामिल है, जिसे उसकी अगली बैठक में उठाया जाएगा। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टियां बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम मैं नहीं, हम के साथ आगे बढ़ना चाहती हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक में हाल के विधानसभा चुनाव परिणामों का भी विश्लेषण किया जाएगा, जिसमें उसे हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि तेलंगाना में जीत मिली थी। पार्टी मिजोरम में भी चुनाव हार गई थी। इसमें हार के कारणों और 2024 के चुनावों के लिए आगे की राह पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

धारावी पुनर्विकास परियोजना: अदाणी के खिलाफ सड़क पर उद्धव

मुंबई, 17 दिसंबर। एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी के पुनर्विकास परियोजना के मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रसिद्ध उद्योगपित गौतम अदाणी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को ठाकरे ने धारावी पुनर्विकास परियोजना को लेकर अडानी के खिलाफ महामोर्चा निकाला। उन्होंने कहा कि मुंबई की भूमि अदाणी को नहीं हड़पने देंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि धारावी पुनर्विकास परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा टीडीआर (विकास के लिए भूमि अधिग्रहण) घोटाला है, क्योंकि सरकार अदाणी को 100 करोड़ वर्ग का टीडीआर दे रही है। धारावी में 7 लाख से अधिक लोग रहते हैं, जबकि सर्वे में सिर्फ 95000 लोगों को पात्र घोषित किया गया है। यह वहां रह रहे लोगों को बेघर करने की साजिश है। उद्धव ने कहा कि अब आप को समझ में आ गया होगा कि उनकी सरकार क्यों गिराई गई और किसने गद्दारों के लिए 50 खोखे (50 करोड़ रुपए), विमान और होटल के प्रबंध किए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 50 खोखे कम पड़ गए होंगे इसलिए धारावी का सौदा करने चले हैं। उद्धव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी निशाना बनाया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के मोर्चे को विकास विरोधी बताया और कहा कि उन्हें जैसे का तैसा जवाब मिलेगा। शिंदे ने कहा कि जो लोग धारावी का विकास नहीं चाहते उन लोगों ने मोर्चा निकाला है। इस मोर्चे के लिए महाराष्ट्र से लोगों को बुलाया गया जबकि धारावी के कम लोग शामिल थे। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने उद्धव के मोर्चे का करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुंबई के टीडीआर लॉबी की सुपारी लेकर अदानी समूह के खिलाफ मोर्चा निकाला है। फडणवीस ने कहा कि उबाठा की शिवसेना गरीबों को पक्के घर नहीं मिलने देना चाहती।

संसद की सुरक्षा में सेंध: ममता बनर्जी ने केंद्र पर साधा निशाना

तेजिन्दर कौर बब्बर

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा में भारी चूक है। गृह मंत्री पहले ही यह स्वीकार कर चुके हैं और ये बहुत गंभीर मामला है। उन्हें मामले की जांच करने दीजिए। विपक्ष पहले ही इस मुद्दे को उठा चुका है और इसीलिए टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित कर दिया गया है। अन्य कांग्रेस और डीएमके सांसदों को भी निलंबित कर दिया गया है। इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सांसद और दिग्गज नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने भी मामले में प्रतिक्रिया दी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। हालांकि, मुझे बहुत गर्व के साथ कहना होगा कि सभी सांसद एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट थे। लोकसभा कर्मचारियों ने भी सभी को सुरक्षित रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मेरे मन में केवल आभार है। आज मैं यहां खड़ी हूं तो संसद में मेरे सभी सहयोगियों की वजह से। ठाणे की घटना पर उन्होंने कहा कि जो हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए। इससे पहले ममता बनर्जी ने दिल्ली रवाना होने से पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध एक गंभीर मामला है। एक बड़ी चूक हुई। केंद्रीय गृह मंत्री पहले ही यह स्वीकार कर चुके हैं। उन्हें इसकी जांच करने दीजिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों को भगवा रंग में रंगने के केंद्र के निर्देश का भी जिक्र किया। उन्होंने भाजपा निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी यह भी तय करने की कोशिश कर रही है कि लोगों को क्या खाना या पहनना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना हुई हैं। वे पश्चिम बंगाल की बकाया धनराशि जारी करने की मांग को लेकर वह 20 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगी। दरअसल, संसद पर 2001 में किए गए आतंकी हमले की बरसी के दिन यानी 13 दिसंबर को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना सामने आई थी। दोपहर करीब एक बजे जब लोकसभा की कार्यवाही चल रही थी, तब दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के अंदर कूद गए और सांसदों की बैठने की जगह पर दौड़ते नजर आए।

अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता का बहाना नहीं दिया जा सकता: सीजेआई

बंगलुरू, 17 दिसंबर। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं। सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरर्निहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी चीजों के इस विरोधाभास ने कई वर्षों से हमारे कानूनों को नारीवादी और आर्थिक आलोचना का आधार बनाया है।

स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी: उपराष्ट्रपति

कौमी संवाददाता

लखनऊ, 17 दिसंबर। स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है। भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार अथवा नाम का हो कानून सबके लिए बराबर काम कर रहा है। यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला आज से शुरू हुआ है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपके पास एक ही विकल्प है स्वस्थ रहना। माया का सुख भी तभी मिलेगा, जब निरोगी काया होगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक समय था जब आम जनता को दिल्ली से चलने वाला पैसा पूरा नहीं मिलता था लेकिन आज के समय में 100 प्रतिशत मिल रहा है। अटल जी की जो आकांक्षा और भावनाएं थीं वह आज पूरी हो रही हैं। अटल जी होते तो देखते कि उनका सपना सार्थक हो रहा है। आज भारत किसी के दृष्टिकोण का मोहताज नहीं है, हमारा देश पूरी दुनिया को दिशा दे रहा है। एक समय था कि स्वास्थ्य के मामले में हमने अंग्रेजियत को अपना लिया था लेकिन मौजूदा सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन कर हमें अपनी पुरानी पद्धति को अपनाने का अवसर दिया है। अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन कर उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह मेरे लिए भावुक पल है। मुझे अटल जी का सानिध्य मिला है। सैद्धान्तिक मुद्दों पर अटल जी अटल थे। आज अटल जी होते तो देखते कि आज का भारत दुनिया के शिखर पर जा रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। इसके लिए सबका स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा कितनी भी अच्छी हो लेकिन स्वास्थ्य अच्छा नहीं होता तो कुछ भी नहीं कर पायेंगे। इसलिए स्वस्थ रहना ही हमारे पास एकमात्र विकल्प है। इस पर भी सोचना होगा कि हम बीमार ही न पड़ें। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा जब उनसे मुलाकात होती है तो उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करता हूं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के काम की भी उपराष्ट्रपति ने तारीफ की।

कोर्ट के आदेश पर हो रहा राम मंदिर का निर्माण: शिवपाल यादव

सहारनपुर, 17 दिसंबर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर कोर्ट के आदेश पर बनाया जा रहा है। इसमें भारतीय जनता पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। भाजपा केवल भगवान राम के सहारे अपनी राजनीति कर रही है। शिवपाल यादव ने रविवार को देवबंद में स्टेट हाइवे स्थित पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राव कारी साजिद के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना वजह ही राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है। जबकि हकीकत यह है कि राम मंदिर निर्माण में भाजपा की कोई भूमिका ही नहीं है। उसका निर्माण कोर्ट के आदेश पर हो रहा है। देश की जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा भगवान राम के नाम पर राजनीति कर रही है। शिवपाल यादव ने कहा कि किसान और जनविरोधी भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए ही इंडिया गठबंधन बनाया गया है। गठबंधन के पास पीएम पद के लिए कई चेहरे हैं। साथ ही उन्होंने मथुरा विवाद पर कहा कि मामला न्यायालय में है कोर्ट का जो भी फैसला होगा वह सर्वमान्य होगा। उन्होंने भाजपा पर देश के संवैधानिक उपक्रमों को असंवैधानिक तरीके से कब्जा करने का आरोप लगाया। यादव ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में सपा को अभी कोई निमंत्रण नहीं मिला है। इसमें सपा सरकार के पूर्व काबीना मंत्री शाहिद मंजूदर, पूर्व मंत्री सरफराज खान, सपा जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, असद जमाल फैजी आदि मौजूद रहे।

यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन: अखिलेश यादव

सौरभ शर्मा

लखनऊ, 17 दिसंबर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता देश में परिवर्तन करेगी। पीडीए जीतेगा और भाजपा हारेगी। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में शनिवार को पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हरायेगा। भाजपा हटेगी तो देश खुशहाली के रास्ते पर जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी और पीडीए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के खिलाफध षडयंत्रकारी रणनीति बनाने में जुटी है। हमें भाजपा की चालों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक सदभाव को खत्म कर रही है। उसने बांटो और राज करो की नीति अंग्रेजों से सीखी है। समाज में नफरत फैलाना भाजपा का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना समाज में न सदभाव रहेगा और न विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय हुए कामों का ही भाजपा उदघाटन और शिलान्यास कर उन पर अपने नाम का ठप्पा लगाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है, तभी डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बच सकेगा। संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होगी तभी समानुपातिक ढंग से सबको हक और सम्मान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का हर वर्ग परेशान और महंगाई, भ्रष्टाचार तथा बेरोजगारी से त्रस्त है। इस दौरान पसमांदा मुस्लिम समाज के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अनीस मंसूरी ने कहा कि भाजपा पसमांदा समाज को तमाम तरह के प्रलोभन देकर भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पसमांदा समाज के लोग अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश ही पिछड़े मुसलमानों के हितैषी है। पसमांदा समाज से हाजी अंजुम अली एडवोकेट, महबूब आलम लारी, एहरार कुरैशी, मुख्तार मंसूरी, मोहम्मद वसीम राईनी, खुर्शीद आलम सलमानी, शेख सलाउद्दीन, मौलाना सिराज बारूदी, अबरार अहमद अन्नू गद्दी, इस्लाम सिद्दीकी, दौलत अली घोसी, साबिर हुसैन फारूखी, शाहिद कस्सार, नाशे अली खां मेवाती, शौकीन सैफी आदि मौजूद रहे।

कुछ नहीं चाहिए, बस मेरी बेटी का शव सौंप दो

मुंबई, 17 दिसंबर। नागपुर के पास विस्फोटक बनाने वाली फैक्टरी में हुए विस्फोट ने नीलकंठराव सहारे की दुनिया को हिलाकर रख दिया। चेहरे पर हैरानी भरे भाव और घबराहट के साथ वह फैक्टरी के गेट के बाहर आगे-पीछे घूम रहे हैं। दरअसल, सहारे की बेटी आरती (22 वर्षीय) भी उन नौ लोगों में शामिल हैं, जिनकी रविवार की सुबह यहां से करीब 35 किलोमीटर दूर बाजारगांव इलाके में सोलर इंडस्ट्रीज में हुए विस्फोट में मौत हो गई। वह अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। सहारे लकवे के कारण लंगड़ाकर चलते हैं। जबकि उनकी पत्नी बोलने में अक्षम हैं। आरती फैक्टरी में काम करके उनका समर्थन करती थीं। आरती की एक छोटी बहन भी है। सहारे ने कहा कि वह अपनी मृत बेटी को देखने के लिए सुबह साढ़े नौ बजे से कारखाने के गेट के बाहर इंतजार कर रहे हैं। परेशान पिता ने कहा, मुझे कुछ नहीं चाहिए, बस मेरी बेटी का शव सौंप दो। सूत्रों के मुताबिक, विस्फोट में मारे गए श्रमिकों के शव अभी भी परिसर के अंदर हैं। सोलर इंडस्ट्रीज फैक्टरी के प्रवेश द्वार पर कई एंबुलेंस तैनात हैं। स्थानीय लोगों और पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने फैक्टरी के प्रवेश द्वार का घेराव किया और मांग की कि उन्हें कारखाने के परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए, जहां विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दो बच्चों की मां रुमिता उइके (32 वर्षीय) की भी इस औद्योगिक हादसे में मौत हो गई। प्रोडक्शन प्लांट के बाहर शव का इंतजार कर रहे उसके पिता देवीदास इरपति ने कहा कि उन्हें अन्य लोगों से दुर्घटना के बारे में पता चला। रुमिता विस्फोटक निर्माण इकाई के पास खैरी में रहती थी। रविवार को उसे धमनगांव स्थित अपने पैतृक गांव जाना था। देवादास ने बताया कि रुमिता के दो बेटे हैं और उसका पति खेतिहर मजदूरी का काम करता है। बेहोशी की हालत में देवीदास ने कहा, हमें नहीं पता कि रुमिता का शव हमें कब सौंपेंगे। हम यह उसका इंतजार कर रहे हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। फडणवीस ने कहा कि सोलर इंडस्ट्रीज में हुए विस्फोट में छह महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई।

अध्यक्ष पद से हटाए जाने से कमलनाथ हुए नाराज!

नरेश मल्होत्रा

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के हारने के बाद भी जब पार्टी अध्यक्ष कमलनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया तो पार्टी ने वहां पर बदलाव कर दिया। कांग्रेस के नेता जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। पटवारी को अध्यक्ष बनाए जाने कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता कमलनाथ के नाराज होने की चर्चाएं हैं। दरअसल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को ट्वीट कर पार्टी में हुए बदलाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष समेत नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष को बधाई दी। इस बधाई के साथ-साथ उन्होंने चिह्न दो अन्य नेताओं को इस बधाई में शामिल किया उसके बाद यह कयास लगाए जाने लगे कि कमलनाथ इस फैसले से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भी कहते हैं जब पार्टी का बेहतर प्रदर्शन ही नहीं रहा तो कमलनाथ ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी और संगठन प्रभारी को बधाई किस आधार पर दी। हालांकि पार्टी अब मध्य प्रदेश की तर्ज पर ही आगे की सियासत को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की बुरी हार के बाद आखिरकार पार्टी ने वहां पर प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को हटाकर बड़ा फैसला ले लिया। कांग्रेस पार्टी के सियासी गलियारों में बीते कुछ समय से इस बात की चर्चा हो रही थी कि आखिर मध्य प्रदेश में हार की जिम्मेदारी किसकी है। लेकिन सभी नेता जिम्मेदार नेता हार की जिम्मेदारी लेने की बजाए ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रहे थे। इसी दरम्यान पार्टी ने आखिरकार एक इंतजार के बाद कमलनाथ को अध्यक्ष पद से हटा दिया। इस बड़े फैसले के बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कद्दावर नेता कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार समेत उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे को बधाई दी। लेकिन इसी बधाई के साथ कमलनाथ ने पार्टी के संगठन प्रभारी के वेणुगोपाल और प्रदेश के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला को भी बधाई दे डाली। कमलनाथ के इस ट्वीट के बाद चर्चाएं सबसे ज्यादा इसी बात की हो रही है कि आखिर कमलनाथ ने वेणुगोपाल और सुरजेवाला को बधाई किस बात के लिए दी। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार दीपेंद्र साहू कहते हैं कि कमलनाथ का यह ट्वीट सियासी तौर पर नाराजगी भरा जैसा ही है। उनका कहना है कि पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की तो बधाई जायज दिखती है। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी और प्रदेश प्रभारी सुरजेवाला की बधाई कमलनाथ की ओर से किस लिए दी गई यह तो कमलनाथ ही बता सकते हैं। लेकिन माना यही जा रहा है कि कमलनाथ खुद को प्रदेश अध्यक्ष से हटाए जाने के पीछे इन दो नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं। दीपेंद्र कहते हैं संगठनात्मक स्तर पर होने वाले फेरबदल में संगठन प्रभारी की ही अहम भूमिका होती है। जबकि राज्य में प्रदेश प्रभारी किसी भी फेरबदल के लिए पार्टी का महत्वपूर्ण प्रतिनिधि होता है और उसकी राय मायने रखती है। सियासी गलियारों में कहा यही जा रहा है कि कमलनाथ ने इन दोनों नेताओं को बधाई देकर अपरोक्ष रूप से अपनी नाराजगी तो जाहिर ही कर दी है। सियासी जानकारो का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस चुनाव जीत जाती तब तो संगठन प्रभारी और प्रदेश प्रभारी को दी जाने वाली बधाई का सीधा मतलब निकाला जा सकता था। लेकिन चुनाव हारने और बदहल स्थिति में पहुंचने के बाद दी जाने वाली बधाई निश्चित तौर पर नाराजगी जैसे संकेत ही है। यही नहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर दिए गए संदेश को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने एडिट भी किया। राजनीतिक जानकार मोहित मोघे कहते हैं कि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पहले जब ट्वीट किया तो सिर्फ शुभकामनाएं ही दी। लेकिन उन्होंने बाद में इस ट्वीट को एडिट करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

दक्षिण अमेरिकी देश के अटलांटिक तट पर भीषण तूफान, अर्जेंटीना में 13 लोगों की हुई मौत

अर्जेंटीना । दक्षिण अमेरिकी देश के अटलांटिक तट पर बिजली की गड़गड़ाहट के साथ तेज तूफान आया। इसकी वजह से

अर्जेंटीना में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। एक स्थानीय शहर के मेयर ने शनिवार को कहा कि इस तूफान में 13 लोगों की मौत हुई है।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए भारतवंशी रामास्वामी ने लगाई पूरी ताकत, 40 अभियानों में लिया भाग; बोले- भाग्य...

वाशिंगटन। अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इस पद का हर एक उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पुरजोर ताकत लगा रहा है। ऐसे में भारतीय मूल के अमेरिकी नेता विवेक रामास्वामी ने एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने इस सप्ताह 42 प्रचार अभियानों में भाग लिया, जो 2024 के किसी भी अन्य उम्मीदवार से अधिक है।

आयोवा में भीड़ की ऊर्जा से प्रेरित रहते

राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार रामास्वामी ने अपनी कार्यशैली के बारे में बात करते हुए कहा कि वह आयोवा में भीड़ की ऊर्जा से प्रेरित रहते हैं। बता दें, ओहायो में रहने वाले उद्यमी विवेक अगले सप्ताह भी प्रचार -प्रसार में जोरों-शोरों से जुटे रहेंगे। इसके लिए वह 38 अभियानों में हिस्सा लेंगे।

शेड्यूल बहुत ही व्यस्त

भारतीय मूल के अमेरिकी नेता ने यह स्वीकार किया कि उनका शेड्यूल बहुत ही व्यस्त और कठिन है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह कैफीन मुक्त अभियान चला रहे हैं।

अपने माता-पिता से सीखा

उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि निर्वाचित होने का यह सही तरीका होने जा रहा है। मैं उन लोगों से दूर नहीं हूं, जिनका हम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बल्कि कई मायनों में उन लोगों के प्रति उत्तरदायी हूं, जिनका हम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।' उन्होंने एक बार फिर वही दोहराया जो वह पहले कह चुके हैं कि यह सब उन्होंने अपने माता-पिता से सीखा है।

नेतन्याहू ने IDF के हाथों बंधकों की मौत को बताया असहनीय त्रासदी, बोले- गहरे दुख के साथ सिर झुकाता हूं

बेंजामिन। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइली सेना (आईडीएफ) के हाथों गाजा में तीन बंधकों की मौत पर गहरा दुख जताया है। इस घटना को 'असहनीय त्रासदी' बताते हुए नेतन्याहू ने शनिवार को कहा, मैं गहरे दुख के साथ इस्राइल के सभी लोगों के सामने अपना सिर झुकाता हूं और अपने तीन प्यारे बेटों के निधन पर शोक जताता हूं। नेतन्याहू ने कहा कि इस घटना ने देशवासियों को दिलों को झकझोर दिया है।

इस्राइली पीएम ने यह भी कहा कि जब तक फलस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, तब तक गाजा में आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय दबाव और इस्राइल को होने वाले नुकसान के बावजूद हमें जीत तक इसे जारी रखना है। इस्राइली प्रधानमंत्री ने कहा कि वह खुद से पूछ रहे हैं, और सभी इस्राइली नागरिकों से पूछ रहे हैं। हम उन्हें (बंधकों को) गले लगाने के बहुत करीब थे। अगर ऐसा होता तो बहुत कुछ अलग होता। लेकिन अब हम पीछे नहीं मुड़ सकते। यह देखते हुए कि देश के सभी योद्धा जानते हैं कि हम जीत के बहुत करीब हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस्राइल इस घटना से सबक सीखेगा और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई के लिए सैन्य और राजनयिक प्रयास जारी रखेगा। नेतन्याहू ने कहा कि बंधकों ने खुद को हमास से बचाया और फिर उनके साथ आपदा हुई।

गाजा में इस्राइल का हवाई हमला जारी, अमेरिका के मानवीय समूह से जुड़े एक कर्मचारी की मौत

तेल अवीव। इस्राइल-हमास संघर्ष दो महीने से अधिक समय से जारी है। जहां एक तरफ फलस्तीन संघर्ष को रोकने का समर्थन मांग रहा है, तो वहीं इस्राइल की जवाबी कार्रवाई और कड़ी होती जा रही है। इस्राइल ने हमास के आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस बीच खबर आ रही है कि गाजा में इस्राइल द्वारा किए गए हवाई हमले में अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) का एक कर्मचारी मारा गया। इसकी जानकारी कर्मचारी के साथ ही काम करने वाले एक शख्स ने दी है। वहीं, यूएसआईडी ने जंग के दौरान मानवीय कर्मचारियों की सुरक्षा का आग्रह किया है।

इन लोगों की हुई मौत

अमेरिका स्थित मानवीय समूह ग्लोबल कम्युनिटीज ने बताया कि पांच नवंबर को गाजा पर इस्राइल ने हवाई हमला किया

था, जिसमें 33 साल के हानी जेना, उनकी पत्नी के अलावा दो और चार साल की दो बेटियां तथा परिवार के अन्य सदस्य मारे गए।

एक घर में ली थी शरण

अमेरिकी एजेंसी ने कहा कि इंटरनेट-प्रौद्योगिकी कार्मचारी जेना ने हवाई हमलों से बचने के लिए अपने परिवार के साथ गाजा सिटी में एक घर में शरण ली हुई थी, लेकिन जेना और उनका परिवार हमले से बच नहीं सका।

मेरी बेटियां डरी हुई

एक रिपोर्ट के अनुसार, जेना ने एक सहकर्मी को संदेश भेजा था जिसमें उन्होंने लिखा था, 'मेरी बेटियां डरी हुई हैं और मैं उन्हें शांत रखने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन ये बमबारी भयावह हैं।'

निर्दोष नागरिकों की मौत पर दुख-यूएसएआईडी की प्रवक्ता जेसिका जेनिंग्स ने शनिवार को कहा कि यूएसएआईडी समुदाय इस लड़ाई में निर्दोष नागरिकों और हानी जेना जैसे साहसी व्यक्ति सहित मानवीय सहायताकर्मियों के मारे जाने पर बहुत दुख है।

सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक छह हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। अभी तक गाजा पट्टी में 6000 और इस्राइल में 1500 लोगों की जान जा चुकी है।

जनकपुरधाम में श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव की धूम

काठमांडू। जनकपुरधाम में रंगभूमि के 12 बीघा मैदान में श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव की धूम है। यहां अनाज से निर्मित श्रीराम-जानकी स्वयंवर प्रतिमा सभी के आकर्षण का केंद्र है। आज (रविवार) विवाह पंचमी में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। जनकपुरधाम उप महानगरपालिका के सहयोग से श्रीराम-जानकी स्वयंवर प्रतिमा का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण मध्य प्रदेश (भारत) के प्रसिद्ध कलाकार सतीश गुर्जर ने किया है। गुर्जर का नाम कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है। जनकपुरधाम उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष जीतेंद्र महासेठ का कहना है कि इस स्वयंवर प्रतिमा में जनक और विश्वामित्र की प्रतिमा भी शामिल है।

इसके निर्माण के लिए उद्योग वाणिज्य संघ ने 11 प्रकार का 11 सौ क्विंटल अनाज उपलब्ध कराया। इसके निर्णाण पर करीब 20 लाख रुपये का खर्च आया है। जनकपुरधाम के मेयर मनोज साह ने बताया कि सतीश गुर्जर इससे पहले अयोध्या में इसी तरह की प्रतिमा का निर्माण अन्न से कर विश्व रिकार्ड बना चुके हैं। उन्होंने अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए जनकपुरधाम में 11 हजार 11 स्क्वायर फीट की प्रतिमा का निर्माण कर नया विश्व रिकार्ड कायम किया है।

राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में हिंदुओं ने निकाली कार रैली, महीने भर चलेगा उत्सव

वाशिंगटन। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में एक उत्साह और उल्लास का माहौल है। ऐसा ही उत्साह और उल्लास अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में भी है। यही वजह है कि राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में महीने भर तक इसका उत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को इस उत्सव की शुरुआत एक विशाल कार रैली से हुई। वॉसिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में यह कार रैली निकाली गई।

अमेरिका में महीने भर तक चलेगा उत्सव

अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के कई सदस्य शनिवार को मैरीलैंड के नजदीक स्थित फ्रेडरिक सिटी में श्री भक्त आंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए और राम मंदिर के उद्घाटन की खुशी में कार रैली निकाली। अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं।

20 जनवरी को वॉशिंगटन, डीसी इलाके में करीब 1000 हिंदू परिवारों के साथ ऐतिहासिक जश्न मनाया जाएगा।

उत्सव के दौरान ये कार्यक्रम होंगे

सापा ने बताया कि उत्सव के दौरान राम लीला का आयोजन भी कराया जाएगा। साथ ही भगवान श्री राम की कहानियां, भगवान राम की आरती, भजन भी गाए जाएंगे। इस दौरान अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को भी भगवान राम के जीवन के बारे में बताया जाएगा। इन उत्सवों के सह-संयोजक और स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेम कुमार स्वामीनाथन ने कार रैली के दौरान तमिल भाषा में भगवान राम का भजन गाया और साथ ही सभी परिवारों को 20 जनवरी के उत्सव के लिए आमंत्रित किया।

कार रैली में मौजूद अन्य लोगों ने भी कन्नड़, तेलुगु और अन्य भारतीय भाषाओं में भगवान श्री राम की महत्ता बताई। इस कार रैली का आयोजन कृष्णा गुडीपति ने किया। बता दें कि साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया था। 5 अगस्त 2020 को पीएम मोदी ने राम मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी।

'हमारे देश के खून में जहर मिला रहे हैं', प्रवासियों के खिलाफ ट्रंप का भड़काऊ

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ जहर उगलते हुए भड़काऊ बयानबाजी की। न्यू हैंपशायर के डरहम में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि प्रवासी उनके देश के खून में जहर मिला रहे है। इससे पहले भी ट्रंप ने प्रवासियों को लेकर ऐसा ही बयान दिया था। ट्रंप के इस बयान की कड़ी आलोचना हो रही है और इसे श्वेच वर्चस्ववादी और नाजी मानसिकता बताया जा रहा है।

वामपंथियों को बताया था कीड़ा

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'वो (प्रवासी) पूरी दुनिया की जेलों, सिर्फ दक्षिण अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जहर फैला रहे हैं। वह अफ्रीका, एशिया और पूरी दुनिया से हमारे देश में आते हैं।' ट्रंप ने बीते अक्तूबर में भी ऐसा ही एक भड़काऊ बयान दिया था, जिसमें उन्होंने अमेरिकी समाज के एक वर्ग को कीड़ा बताया था। उन्होंने वामपंथियों, कट्टर विचारधारा वाले लोगों को कीड़ा बताया था और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने की बात कही थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी ट्रंप के उस बयान की तीखी आलोचना की थी और कहा था कि ट्रंप जो भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह

नाजी विचारधारा की भाषा है।

राष्ट्रपति बनने पर ला सकते हैं अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़े कानून

डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार स्वीकार नहीं की थी और अब 2024 के चुनाव एक बार फिर वह रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से तगड़े उम्मीदवार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अगर दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बनते हैं तो वह इस बार अवैध प्रवासियों के लिए पहले से भी ज्यादा कड़े कानून ला सकते हैं। पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को उनके बच्चों से अलग कर उन्हें अलग-अलग रखा था। इस बार चर्चा है कि ट्रंप अवैध प्रवासियों को पकड़कर उनके देश वापस भेजने जैसा कानून लेकर आएंगे। ट्रंप ने कई मुस्लिम देशों और अफ्रीकी देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रंप का कहना है कि सत्ता में आने के बाद एक बार फिर से वह इस प्रतिबंध को लागू करेंगे। साथ ही अवैध प्रवासियों के लिए सख्त वैचारिक स्क्रीनिंग भी लागू की जाएगी।

हमास से लड़ाई में इजराइल के दो और सैन्य अफसर शहीद

गाजा। गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई में इजराइल के दो सैन्य अधिकारियों की शहादत हो गई। यहां फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच सात अक्टूबर से युद्ध छिड़ा हुआ है। आज (रविवार) युद्ध 72वें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार युद्ध के 71वें दिन शनिवार को लड़ाई के दौरान दो सैन्य अफसर 26

वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान और 24 वर्षीय शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को इनके नाम और फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ के अनुसार गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक सुरक्षाबलों के 121 जवानों की मौत हो गई। शनिवार को युद्ध क्षेत्र में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वालों में मास्टर सार्जेंट (रिजर्व) यरुसलम के 26 वर्षीय जोसेफ अवनेर डोरान भी हैं। वह शायेटेट 13 कमांडो बल में कार्यरत थे। वह शनिवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। युद्ध के 71वें दिन दक्षिणी गाजा में रामत यिशाई के 24 वर्षीय सार्जेंट मेजर (रिजर्व) शैलेव जल्ट्समैन शहीद हो गए। वह 55वीं पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के साथ युद्ध लड़ रहे थे।

लीबिया के समुद्र तट पर बड़ा हादसा, प्रवासियों से भरा जहाज डूबा; बच्चों-महिलाओं समेत 61 की मौत की आशंका

लीबिया। लीबिया के समुद्र तट पर प्रवासियों से भरा एक जहाज डूब गया। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 61 प्रवासी डूब गए। यह जानकारी लीबिया में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने शनिवार को सोशल मीडिया पर दी।

इतने लोग थे सवार

आईओएम ने जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया कि जहाज में कुल 86 लोग सवार थे। यह लीबिया के ज्वारा शहर से रवाना हुआ था।

लीबिया के सहारे यूरोप जाना चाहते हैं

बता दें, समुद्र के रास्ते यूरोप पहुंचने के इच्छुक लोगों के लिए लीबिया एक मेजर लॉन्चिंग पॉइंट है। अफ्रीका और मध्य पूर्व में स्थित मुल्कों के लोग अपने यहां हो रहे युद्ध और अशांति से बचने के लिए लीबिया के रास्ते यूरोप जाना चाहते हैं। इन रास्तों पर सैन्य गुटों द्वारा मानव तस्करी नेटवर्क चलाए जाते हैं, जो तटीय क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं। वे प्रवासियों को खतरनाक भूमध्य सागर के माध्यम से जोखिम भरी यात्रा कराते हैं। हाल के महीनों में, लीबिया में सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर प्रवासियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है।

इससे पहले भी हो चुके हैं हादसे- गौरतलब है, प्रवासियों के



डूबने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। इसी तरह की एक घटना जून में हुई थी, जब 79 प्रवासी डूब गए थे और सैकड़ों अन्य लापता हो गए। फरवरी में एक तूफान के दौरान इटली के कैलाब्रियन तट पर उनकी नाव चट्टानों से टकरा गई थी, जिससे 96 लोगों की मौत हो गई थी। इस तरह के और कई मामले हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जहाज लीबिया से रवाना हुआ था। वहीं शिपिंग मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस पर सवार अधिकांश लोग मिस्र, सीरिया और पाकिस्तान से थे।यूनान के सरकारी प्रसारक ईआरटी ने बताया कि जहाज लीबिया के टोब्रुक शहर से इटली जा रहा था, जो यूनान के क्रेते द्वीप के दक्षिण में स्थित है।

नेपाली सेना में विवादित चीनी कंपनी से महंगी और स्तरहीन सैन्य सामग्री खरीदने की प्रक्रिया शुरू

काठमांडू। नेपाली सेना ना सिर्फ महंगे दामों में, बल्कि कई देशों और यूएन मिशन में रिजेक्टेड सैन्य सामग्री चीन की कंपनी से खरीदने जा रही है। दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी देशों को सस्ते हथियार बेचने वाली चीनी कंपनी से हथियार खरीदने के लिए नेपाली सेना ने लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब नेपाली सेना ने चीन से महंगे और घटिया सामान की खरीद प्रक्रिया शुरू की है, बल्कि सात महीने पहले भी इसकी प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब इस बात की आलोचना होने के बाद कुछ समय के लिए इसे रोक दिया गया था। अब एक बार फिर से पिछले हफ्ते सेना ने चीनी कंपनी नॉर्थ इंडस्ट्रीज

कॉर्पोरेशन के साथ हथियार खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने 538,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 26 बख्तरबंद गाड़ियां (एपीसी), 250,000 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट की दर से 72 सामरिक वाहन और 12.7 मिमी की 50 हजार बुलेट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेना की तरफ से हिमालयन बैंक की मुख्य शाखा में एलसी खोलने के लिए आवेदन दिया गया है। हिमालयन बैंक पाकिस्तान के हबीबी बैंक का संयुक्त उपक्रम है। चीन इसी पाकिस्तानी बैंक पर दबाब डालकर नेपाली सेना का एससी खुलवाने का प्रयास कर रहा है। कुल 33 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य सामग्री खरीदने के लिए पांच एलसी खोलने का प्रस्ताव बैंक के पास भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति के लिए केन्द्रीय नेपाल राष्ट्र बैंक से अनुमति लेने की प्रक्रिया में है।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

बांग्लादेश में पहाड़ी पर मिला बंदूक बनाने का कारखाना, चार गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में हिंसा की आशंका के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए शुरू किए गए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। आरएबी ने कॉक्स बाजार के रामू उपजिला के अंतर्गत ईदगढ़ के तुलाटाली क्षेत्र में एक पहाड़ी के अंदर हथियार बनाने का कारखाना खोजा। यहां से चार लोगों को गिरफ्तार कर आग्नेयास्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, चुनाव आयोग के आदेश पर कानून

प्रवर्तन एजेंसियों ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। 23 दिवसीय यह अभियान 24 दिसंबर को पूरा होगा। आरएबी को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली। यह गिरोह देशभर में हथियार की आपूर्ति करता है। कारखाने से गिरफ्तार किए गए लोगों में साहबुद्दीन (40), लाल मिया (58) मेनुद्दीन (43) और जफर आलम (41) शामिल हैं। कारखाना का मालिक और मुख्य हथियार मैकेनिक मनिउल हक भूमिगत हो गया है। आरएबी-15 कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सजाद होआसिन के अनुसार यह अपराधी गिरोह लंबे समय से अवैध रूप से आग्नेयास्त्रों का निर्माण कर उन्हें बदमाशों को बेच रहा था। यह कारखाना सुदूर पहाड़ी पर था। हथियार बनाने वाले भनक मिलते ही जंगलों में छिप जाते थे। प्राथमिक पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि उनके पिता और चाचा भी अवैध आग्नेयास्त्रों के निर्माण और बिक्री में शामिल थे। अखबार के अनुसार बांग्लादेश पुलिस ने नौ दिसंबर को सूचीबद्ध असलहा मैकेनिकों और व्यापारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस साल जनवरी और नवंबर के बीच देशव्यापी अभियान में 642 अवैध आग्नेयास्त्र बरामद कर 311 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डासना धाम के जीर्णोद्धार के लिए डॉ. उदिता त्यागी ने आरंभ की यात्रा, 108 दिन तक नहीं खाएंगी अन्न

गाजियाबाद। शिवशक्ति धाम डासना के जीर्णोद्धार व महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था के लिए डॉ. उदिता त्यागी ने 108 दिन की भिक्षा यात्रा आरंभ की। उन्होंने त्यागी समाज के प्रमुख और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह भिक्षा यात्रा अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि महासंघ के मुख्य संरक्षक व समाजसेवी रविंद्र त्यागी के राजनगर स्थित आवास से आरंभ की। अपनी भिक्षा यात्रा के बारे में बताते हुए डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि शिवशक्ति धाम डासना भारतवर्ष के प्राचीनतम तीर्थ स्थलों में से एक है, जो अब सनातन धर्म की रक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। परंतु अभी वहां बहुत से कार्य होने हैं, जो धनाभाव के कारण नहीं हो पा रहें हैं। इतने पवित्र और दिव्य मंदिर में यह घोर धनाभाव सारे हिन्दू समाज के लिए सोचनीय बात है। शिवशक्ति धाम डासना के पिठाधिश्वर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज इस समय सनातन धर्म के सबसे मजबूत योद्धा हैं। मानव इतिहास में इस्लामिक जिहादियों ने इतनी कीमत किसी के सिर की नहीं लगाई, जितनी उनके सिर की लगाई है। संपूर्ण विश्व के लगभग सभी बड़े इस्लामिक जिहादियों के संगठन उनको मारने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्भाग्य से खतरे के स्तर को देखते हुए उनकी सरकारी सुरक्षा लगभग न के बराबर है। ऐसे में समाज को आगे आकर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी का साथ देना चाहिए और उन्हें उनकी सुरक्षा और संकल्पों को पूर्ण करने के लिए हर तरह की सहायता देनी चाहिए। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के अपूर्ण कार्य पूर्ण करने के लिये उन्होंने भिक्षा यात्रा का संकल्प लिया है।

मकान मालकिन का कत्ल: बाप को डॉक्टर और गर्लफ्रेंड को सीबीआई अफसर बताता था कातिल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में बुजुर्ग महिला को अगवा कर हत्या करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्यारोपी गांव धीमरपुरा, अलीगढ़ निवासी देवेंद्र उर्फ देव (31) महिला का किराएदार है। अवैध संबंधों की वजह से उसने बुजुर्ग आशा देवी (60) की बेरहमी से हत्या कर शव को पॉलीथीन में लपेटकर बेड (दीवान) में छिपा दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को अलीगढ़ से दबोच लिया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में बुजुर्ग महिला को अगवा कर हत्या करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्यारोपी गांव धीमरपुरा, अलीगढ़ निवासी देवेंद्र उर्फ देव (31) महिला का किराएदार है। अवैध संबंधों की वजह से उसने बुजुर्ग आशा देवी (60) की बेरहमी से हत्या कर शव को पॉलीथीन में लपेटकर बेड (दीवान) में छिपा दिया। इसके बाद फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को अलीगढ़ से दबोच लिया। दिल्ली के नंद नगरी में आशा देवी की हत्या का आरोपी देवेंद्र खुद को पिता के सामने डॉक्टर और गर्लफ्रेंड के सामने सीबीआई अधिकारी बताता था। आरोपी ने अपने पिता से झूठ बोल दिया था कि वह जर्मनी में रहकर डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहा है। पिता पर रौब झाड़ने के लिए आरोपी दिल्ली से किराए के पीएसओ लेकर अलीगढ़ स्थित अपने गांव जा चुका था। पिता पर दबाव बनाकर उनकी तीन बीघा जमीन बिकवा चुका था। आरोपी गर्लफ्रेंड का भरोसा जीतने के लिए अपने पास वॉकी-टॉकी भी रखता था। उसने गर्लफ्रेंड को झांसा दिया कि वह उसके भाई की सरकारी नौकरी लगवा देगा। पूछताछ में देवेंद्र ने बताया कि 12वीं कक्षा पास करने के बाद वह काम की तलाश में वर्ष 2015 में दिल्ली आया था।

घरों के ताला तोडक़र चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सब्जी मंडी थाना पुलिस ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो ताले लगे घरों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते है। पकड़े गए आरोपियों में हसनैन उर्फ राजा उर्फ राजा शेख उर्फ मोहम्मद हसनन उर्फ फैसल उर्फ सनातन उर्फ हासिफ खान और हासिफ खान उर्फ हसनैन उर्फ राजा है। पुलिस ने इनके पास से घरों के ताले व लॉकर तोडऩे के उपकरण, 4500 रुपए और एक गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता निवासी मलका गंज, दिल्ली, (जो एक सरकारी अस्पताल में पेशे से डॉक्टर है) थाना सब्जी मंडी पहुंची और अपना बयान दिया कि 9 दिसम्बर को दोपहर को वह मलकागंज स्थित अपने किराए के कमरे को छोडक़र किसी निजी काम से बाहर गई थी। अगले दिन रात्रि को जब वह अपने किराये के मकान पर लौटी तो उसने देखा कि उसके घर में चोरी हो गयी है। थानाध्यक्ष सब्जी मंडी राम मनोहर की देखरेख में गठित टीम 11 दिसम्बर को गश्त के दौरान रोशनारा रोड पर पहुंची, इसी दौरान उन्हें दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमते दिखे। टीम ने संदिग्धों का पीछा किया और जांच और सत्यापन प्राप्त करने के लिए तुरंत उन्हें रोक लिया।

केजरीवाल 19 से 30 तक विपश्यना के लिए जाएंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 दिसंबर से विपश्यना के लिए जाने वाले हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद कोरोना काल को छोड़ दें तो केजरीवाल हर साल विपश्यना का कोर्स करने जाते है। इस साल भी 19 से 30 दिसंबर तक विपश्यना में रहेंगे और 31 दिसंबर को दिल्ली लौटेंगे। अरविंद केजरीवाल विपश्यना साधना के लिए हिमाचल, बेंगलुरु और महाराष्ट्र में से किसी एक जगह जाते हैं लेकिन इस बार वो कहां जा रहे हैं। इसकी जानकारी किसी को नहीं है। विपश्यना साधना के नियमों के अनुसार, 20 दिसंबर से अगले 10 दिनों तक अरविंद केजरीवाल किसी के संपर्क में नहीं रहेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में मंत्री आतिशी उनका कामकाज संभालेंगी। विपश्यना साधना में करीब सात दिनों तक लगातार बैठकर ध्यान करना होता है। इस दौरान मौन रहना, ज्यादा बातचीत न करना, बाहरी दुनिया से कोई संपर्क न रखना जैसे कड़े नियमों

का पालन करना होता है। इससे पहले दिसंबर 2022 में मुख्यमंत्री विपश्यना साधना के लिए गए थे। मुख्यमंत्री केजरीवाल कहते रहे हैं कि कई सौ साल पहले भगवान बुद्ध ने ये विद्या सिखाई थी। अगर किसी ने विपश्यना नहीं की है तो एक बार जरूर करें। इससे मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत लाभ होता है।

जानिए क्या है विपश्यना:

विपश्यना प्राचीन ध्यान विधि है। इसे आत्म निरीक्षण और आत्म शुद्धि का सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने भी इसी ध्यान विधि से बुद्धत्व हासिल किया था। ये खुद को जानने में काफी मदद करती है। आजकल तनाव भरी जिंदगी में लोग सुबह से लेकर देर रात तक व्यस्त रहते हैं। ऐसे में उनको बहुत अधिक शारीरिक और मानसिक थकान का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग इतने अधिक थक जाते हैं कि उनको लगता है कि किसी ऐसी जगह चला जाए, जहां दुनिया से कोई वास्ता न रहे। ऐसी सोच वालों के लिए विपश्यना एक नई ऊर्जा देने का काम करता है। वैसे हमारे देश में ध्यान करने की पहले से ही विभिन्न पद्धतियां मौजूद हैं, जिसे लोग अपनी इच्छानुसार अपनाते और उसका पालन करते आए हैं।

दिल्ली में महिला सुरक्षा को लेकर स्वाति मालीवाल ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। 16 दिसंबर ऐसी तारीख है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। हम बात कर रहे हैं दिल्ली के निर्भया मामले की। आज इस घटना को 11 साल हो गए है। इसके बाद महिला सुरक्षा को लेकर कई कानून भी आए लेकिन इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पाए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर कुछ इस तरह के सवाल उठाने वाली डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल राजधानी के बस स्टॉप का जायजा लेने पहुंची। यहां उन्होंने पाया कि बस स्टॉप पर लाइट्स नहीं हैं। चारों ओर घना अंधेरा है। इस पर स्वाति ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, शिकायत मिलने पर कल शाम ललिता पार्क बस स्टैंड और कई अन्य जगहों का दौरा किया। निरीक्षण में पाया कि कई बस स्टैंड पर और उनके पास पूरा अंधेरा था। महिलाओं के लिए बेहद असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि रात के समय कई बस स्टॉप पर बिल्कुल अंधेरा था। बस स्टॉप

के लगभग एक किलोमीटर तक लाइट नहीं थी। इसे लेकर स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के सम्बन्धित विभाग को नोटिस जारी किया है। स्वाति ने सवाल उठाया कि ऐसे ही हालात रहे तो महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेंगी ? यह बहुत जरूरी है कि कम से कम बस स्टैंड पर तो लाइट होनी चाहिए। इतना ही नहीं, दिल्ली में जितनी भी जगहों पर अंधेरा है, उनको चिह्नित कर सुधार करना चाहिए। स्वाति का मानना है कि सभी को एक साथ आकर दिल्ली को महिलाओं के प्रति सुरक्षित बनाने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो राजधानी में महिलाओं के हिंसा के मामले लगातार बढ़ते रहेंगे।

भारतीय कंक्रीट संस्थान शिमला सेंटर द्वारा इंजीनियरिंग व आर्किटेक्चर क्षेत्र के 50 प्रतिष्ठित पेशेवर सम्मानित

-चन्द्रकांत पाराशर शिमला हिल्स

शिमला, 17 दिसंबर। किसी भी प्रकार के डिज़ास्टर से बचने के लिए भवनों का निर्माण-कार्य होना चाहिए,पर्वतीय-क्षेत्र में सड़कें भी कम से कम कटिंग वाली बनानी चाहिए यह उद्गार व्यक्त करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि बोरमैन ऑफ़ हिमालया के नाम से मशहूर आर के सूद,इसरो के भूतपूर्व मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी ने सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में अत्यधिक सतर्कता बरतने की ज़रूरत पर बल दिया । पिछले वर्षों की तरह, भारतीय कंकरीट संस्थान के शिमला केंद्र ने अल्टराटेक सीमेंट टीम के सहयोग से 16 दिसंबर 2023 को शिमला में वर्ष 2023 के लिए कंक्रीट दिवस और निर्माण उत्कृष्टता पुरस्कार का समारोह पूर्वक आयोजन किया । आईसीआई के अनुभवी सदस्यों की एक जूरी द्वारा सर्व सम्मति से चुने गए विभिन्न संगठनों तथा वास्तुकारों और इंजीनियरों को आज सम्मानित कर उनके बुलंद हौसलों को एक पहचान प्रदान की । पुरस्कारों में लाइफ टाइम अचीवमेंट ट्रॉफी, यंग टेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड आदि भी शामिल किए गए हैं। इन उपलब्धि-पुरस्कारों का वितरण आज शिमला स्थित ओर्चीड होटल भट्ठाकुफ़र के सभा-कक्ष में किया गया। 1.)सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा परियोजना– एम्स बिलासपुर; 2.)हरित भवन परियोजना– निर्माण भवन एचपीपीडब्ल्यूडी शिमला; 3.)लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, इंजीनियरिंग श्रेणी– इ? सुनील ग्रोवर, पूर्व एमडी, एचपी लोड डिस्पैच अथॉरिटी, हिमाचल प्रदेश सरकार।; 4.)लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वास्तुकला श्रेणी– आर. आरपी वैद्य, पूर्व मुख्य वास्तुकार, एचपीएसईबी।; 5.) जूरी पुरस्कार, आपदा के दौरान– एचपीपीडब्ल्यूडी ; 6.)उत्कृष्ट कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट – इ? प्रवीण वर्मा, एचपीपीडब्ल्यूडी; 7.) उभरते वास्तुकार – वा. अजय शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (आर्किटेक्चर),

एसजेवीएन।; 8.)उभरते इंजीनियर– देवा नंद, एचपीपीडब्ल्यूडी; 9.)संस्थागत भवन परियोजना– खामकर ड्रुक धर्मकारा कॉलेज ऑफ बुद्धिस्ट।; 10.)व्यक्तिगत मकान निर्माता– क)3000 वर्ग फुट से कम - पठानिया हाउस जोगिंदरनगर।; ख.)3000 वर्ग फुट से अधिक - पुरी घर ऊना। ; 11.) वाणिज्यिक भवन परिसर– होटल ले हैल्सियॉन कुमारहट्टी सोलन। इस अवसर पर शिमला केंद्र के अध्यक्ष वीपीएस जसवाल ने बताया कि भारतीय कंक्रीट संस्थान एक गैर-लाभकारी संगठन है जो कंक्रीट पर ज्ञान का प्रसार करने, कंक्रीट प्रौद्योगिकी और निर्माण को बढ़ावा देने और कंक्रीट की अनुसंधान आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए समर्पित है। ज्ञातव्य है कि आईसीआई के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, इसके क्षेत्रीय केंद्र पूरे वर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन, प्रदर्शनियां आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं। ये आयोजन कंक्रीट उद्योग के सभी हितधारकों के लिए एक अनूठा मंच साबित होते हैं, जहां प्रैक्टिसिंग इंजीनियर, निर्माता, शिक्षाविद, सलाहकार और शोधकर्ता मुद्दों पर चर्चा करने, कंक्रीट से संबंधित मामलों पर अपने विचार और अनुभव साझा करने के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी करते हैं।

दिल्ली मेट्रो के कोच के गेट में फंसी महिला की साड़ी, ट्रैक पर गिरी, इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर रेड लाइन मेट्रो कोच के गेट में साड़ी फंसने से घायल महिला की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में महिला का शव रखवा दिया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम होगा।

मौत के बाद आनन-फानन में मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

मौत के बाद आनन-फानन में मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। कमेटी की रिपोर्ट आने से पहले मेट्रो प्रशासन इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहा है। दूसरी तरफ नेता जी सुभाष प्लेस मेट्रो थाना पुलिस ने जांच के लिए डीएमआरसी से घटना की सीसीटीवी फुटेज मांगी है।

घटना करीब 1.05 बजे की है। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर एक महिला की साड़ी मेट्रो के गेट में फंस गई। इसी दौरान ट्रेन आगे चल पड़ी। इससे महिला काफी दूर तक प्लेटफार्म पर घिसटती रही। इसे देखकर यात्री चिल्लाते रहे, लेकिन मेट्रो नहीं रूकी। प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर लगे गेट से टकराने से महिला ट्रैक पर जा गिरी। इससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई।इसी दौरान दूसरे ट्रैक से गुजर रही ट्रेन के ऑपरेटर की नजर महिला पर गई। उसने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची मेट्रो टीम ने महिला को तीन अस्पतालों से रेफर कर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया। सिर में गंभीर चोट आने से महिला गुरुवार से ही कोमा में थी। उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। शनिवार दोपहर बाद इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की शिनाख्त 35 वर्षीय रीना के रूप में हुई है।

भ्रष्टाचार रोकने के लिए एम्स की पहल, डिस्पोजेबल की खरीद को लेकर बनी 10 सदस्यीय कमेटी; हर महीने होगा बदलाव

नई दिल्ली। एम्स में डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल जैसे चिकित्सा सामानों की खरीद में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एम्स ने दस सदस्यीय सैंपल मूल्यांकन कमेटी गठित की है। यह कमेटी एम्स में खरीदे जाने वाले डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की गुणवत्ता और खरीद की निगरानी करेगी। एम्स प्रशासन का कहना है कि इस कमेटी के गठन का मकसद डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की खरीद में होने वाली गड़बड़ी को रोकना है।

अस्पताल के वार्ड में हमेशा भर्ती रहते हैं 2500 से अधिक मरीज

3200 से अधिक बेड की क्षमता वाले एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 13 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल के वार्ड में 2500 से अधिक मरीज हमेशा भर्ती रहते हैं। इसलिए एम्स में बड़े स्तर पर डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की जरूरी होती है। इसलिए बड़े स्तर पर इसकी खरीद भी होती है। इस दौरान खरीद में भ्रष्टाचार भी ज्यादा होता है। एम्स के अधिकारी वेंडर के साथ मिलकर खरीद में घपला करते हैं। डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की खरीद में कई बार भ्रष्टाचार का मामला भी सामने आया है। एम्स के मीडिया डिविजन की चेयरपर्सन डॉ. रीमा दादा ने कहा कि सैंपल मूल्यांकन कमेटी गठित होने से डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की खरीद में भ्रष्टाचार का खेल रुकेगा।

साथ डिस्पोजेबल और कंज्यूमेबल की बेहतर गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी। यह कमेटी हर माह बदलेगी। इसलिए अगले वर्ष के हर माह के लिए अलग-अलग 12 कमेटी गठित कर दी गई है। इस कमेटी में दस सदस्य शामिल किए गए हैं। हर एक माह के बाद दूसरी कमेटी जिम्मेदारी संभालेगी।

नोएडा में आईपीसीए पर ग्रेनो प्राधिकरण ने लगाया 5 लाख का जुर्माना

नोएडा । ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर ज्यू वन में एमआरएफ केंद्र संचालित करने वाली संस्था इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर कंपोस्टिंग मशीन न चलाए जाने के चलते प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। वहीं सेक्टर अल्फा वन की दो सोसाइटियों में कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर मैसर्स के. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस पर 12,400 का जुर्माना लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वेस्ट का निस्तारण करने के लिए सेक्टर ज्यू वन स्थित एमआरएफ/ प्रोसेसिंग सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर लगी कंपोस्टिंग मशीन बंद मिली। संस्था द्वारा गार्बेज को लखनावली स्थित अस्थाई डंपिंग साइट पर चोरी छुपे कूड़ा डंप किए जाने की भी सूचना मिल रही थी। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव कुमार निरंजन ने इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके बाद ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने सेक्टर अल्फा वन स्थित मिलेनियम विलेज और हरमुख अपार्टमेंट का जायजा लिया। यह दोनों सोसाइटियां बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती है। इन सोसाइटियों में मैसर्स के .सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस द्वारा ड्रम कंपोस्टिंग पद्धति से कूड़े का निस्तारण किए जा रहा है, लेकिन औचक निरीक्षण के दौरान ड्रम में बोरिया व अन्य सामग्री भरी पाई गई।

NOTICE

I, Gurdeep Singh S/o Jarnail Singh R/o VPO. Khajurla, Teh Phagwara, Kapurthala, Punjab-144402 Inform that Given name Gurdeep and surname Singh.

PUBLIC NOTICE

I hitherto known as Sanjo khan W /O Nasib khan R/O M-36 Prem Nagar-2 Kirari Suleman Nagar Sultanpuri C-Block north west Delhi, Delhi-110086.Have changed my name and shall hereafter be known as Sahira.

NAME CHANGE

I, PRIYA KUMARI CHHINCHANI D/O PRADEEP KUMAR residing at H NO- 52 FLAT NO-C-5 MANSHA BHAWAN WESTEND MARG SAKET DELHI-110030 have changed my name to PRIYA CHHINCHANI for all future purpose.

NAME CHANGE

I, JYOTI Spouse of No. 2808597W L/NK PATIL RAJESH RAGHUNATH Resident of VILLAGE-KAVALAPUR, TEHSIL-MIRAJ, DISTRICT-SANGLI, STATE-MAHARASHTRA, PIN-416306, have changed my name from JYOTI to JYOTI RAJESH PATIL vide affidavit No. 23531430212685005652 67 Dated-11 December 2023 before Notary Public Miraj (Maharashtra).

NAME CHANGE

I,Virendra Braham Datt Parmar S/o Braham Datt Parmar Adrss.. H.no.-483 Green Avenue Estate Pahse-3, Near Rakkar Colony Nagal Road, Una, Himachal Pradesh, 174303, Have changed my name to Virendra Kumar Parmar ,for all future purpose.

NAME CHANGE

I, Anuj Kumar khandelwal S/o Rajesh khandelwal R/O 164,Kuccha ghasi Ram Fateh Puri Delhi 110006 have changed my name from Anuj Kumar khandelwal to Anuj khandelwal for all future purpose.

सार्वजनिक सूचना

मैं जगवीर सिंह फोन.नं.-98999 19911 मैं एक संपत्ति. राजीव गोयल, पिता - श्री कमल गोयल पता मकान नंबर एल , 48 गांव बदरपुर न्यू दिल्ली 110044 से खरीदी है उस प्रॉपर्टी का पता , 4/8 अनुपम गार्डन सैनिक फार्म नई दिल्ली -110062 कुल प्रॉपर्टी एरिया 1600. वर्ग गज है यदि किसी को आपत्ति हो तो कृपया इस मोबाइल नंबर - 9899919911 पर संपर्क करें

PUBLIC NOTICE

I hitherto known as Savita alias Savita Rani Kanojia alias Savita Singh D/O Moti Lal kanojia W/O Bijendra Singh R/O A-1/411, Plot no- 9, Ekta Garden, Patpargang, IP Extension ,Shakarpur, East Delhi, Delhi-110092. Have changed my name and shall hereafter be known as Savita Singh

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार पुत्र श्री धर्म पाल आवासीय संपत्ति का क्षेत्रफल 07 कनाल 8.66 मरले, मुस्ततिल क्रमांक 154//2, 44 कनाल 12 मरले में से मुस्ततिल क्रमांक 24//10, 11, 19/2 एवं 20 एवं मुस्तातिल क्रमांक 154//2, 8, 9, खेवट क्रमांक 408 आवासीय देवबन जिला में कैथल में स्थित हैं, उपरोक्त यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक, शाखा दिल्ली द्वारा वित्तपोषित की जाएगी। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेज़ मूल विक्रय-विलेख क्रमांक संख्या 875, खंड संख्या 2/23, पुस्तक संख्या 01, पृष्ठ संख्या 17/65-66, दिनांक 21.05.2015, एसआरओ-कैथल, श्री राजेश कुमार द्वारा कही खो गया है, जिसका एफआईआर (प्राथमिकी नंबर) आवेदन संख्या 132280532300347 दिनांक 15.12.2020 को ऑनलाइन पी.एस. तितरम, कैथल में दर्ज की गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 07 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और शून्य के रूप में दावा माना जाएगा.

[अश्वनी कुमार] अधिवक्ता
चैंबर नंबर 122, तहसील कंपाउंड, गाजियाबाद, यू.पी.

PUBLIC NOTICE

To Whom so ever it may concern

Mr. Rajesh Anand s/o Chanan Shah Anand R/o Flat No. 101, Max -Heights Metro View Village Jatheri Sector-35 Tehsil Rai and District Sonipat, Haryana and I Have Lost Original Allotment Letter, dated 11/02/2012, Possession Letter and BBA, dated 04/03/2012 in respect to Flat No. 101 on 10th Floor, Block- F area measuring 1710 sqft situated at Group Housing Complex Known as Max -Heights Metro View Village Jatheri Sector-35 Tehsil Rai and District Sonipat, Haryana if anybody found above mentioned deed kindly contact on- 9993838094 (Advocate Deepak Malik) within 3 days. Address: Shop no. 2, 1st First floor Kataria complex, Near Axis Bank, New Railway Road Gurugram-122001 Ph: 9540419009

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Sareena D/OJameel Khan R/O HNo-256 T/F ,Hauz Rani ,Malviya Nagar , PO Malviya Nagar, Dist south Delhi Delhi-110017.Declare that the name of my father has been wrongly written as Jamil Ahmed in my 10th and 12th Class educational document . The actual name of my father is Jameel Khan. Respectively Which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, hitherto known as Sunil Kumar Sharma alias Sunil Sharma S/o Puran Chand residing at 51, Shyam Nagar, Okhla Phase -3, Okhla Industrial Estate, South Delhi, Delhi -110020 have changed my name and shall hereafter be known as Sunil Sharma.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Jatin Mathur S/O Ravinder Singh R/O HNo- 504, Village Karala , north west Delhi, Delhi-110081.Declare that the name of mine and my father has been wrongly written as Jatin and Ravinder mathur in my 10th Class educational document . The actual name of mine and my father are Jatin Mathur and Ravinder Singh.Respectively Which may be amended accordingly

NAME CHANGE

I, SANT KUMAR SAH S/O CHANDRIKA SAH Permanently Resident KADAMONI BHOLANATH ROAD, NEAR RAILWAY WORKSHOP ACCOUNT OFFICE, DIBRUGARH WEST, DIBRUGARH, ASSAM-786001 Presently Residing FLAT NO.A-2, 2ND FLOOR, RZF-777/77, ASHA KUNJ. GALI NO.16, RAJ NAGAR PART-II, PALAM COLONY, NEW DELHI-110077 have changed the name of my minor Daughter ANVI SAH aged 06 years and She shall hereafter be known as AKSHITA SAH.

PUBLIC NOTICE

To be Known to all that I (Name of the Allottee) Vimal Kumar Vohra S/o Late Jagannath R/o Janta Flat Flat No. B3A/40A, Ground Floor,Block B3A Janakpuri, Delhi-110058 has applied for conversion of the aforesaidJanta Flat Flat No. B3A/40A, Ground Floor, ,Block B3A Janakpuri, Delhi-110058 from Lost original Allotment Letter, Payment receipt,Possession Letter,Site Possession Slip,Noc Of Elecricity And Water And Demand Cum Allotment Letter,All Bank Challans And Etc Documents Of Said Property issued by Janta Flat DDA having of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in Police Station Crime Branch Delhi. Any person (S) Claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

NAME CHANGE

I, ARUN CHAUHAN S/O RAM CHAND R/O C-33/1837 T-HUTS NEAR K-BLOCK KALI BARI MARRG-NEW DELHI G.P.O. – NEW DELHI G.P DELHII-110001 have changed the name of my minor Daughter AARADHYA CHAUHAN aged 03 years and She shall hereafter be known as ADHIRA CHAUHAN.

NAME CHANGE

I, Chandrapal Saw S/O Late Sh Baijnath Sahu And Father Of NK. Ram Sagar Saw Army No-14843092H R/O Village Pali, Post Pali, PS Ratu, Pali Ranchi Jharkhand -835205 born on 01.01.1954 have changed my name to Chandarpal Sahu for all purposes

अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम- प्रमोद विज

पानीपत। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को वार्ड 11 में पहुंची। जहां पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विजय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलवाई।

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच इत्यादि योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसे परिवार जिनकी आय 1लाख 80 हजार तक है उन परिवार की बच्चियों के लिए 12वीं कक्षा के बाद कॉलेज तक की पढ़ाई मुफ्त करने का प्रावधान किया है। यही नहीं जिन परिवारों की आए तीन लाख तक है उनकी 50 प्रतिशत फीस कॉलेज में माफ की जाएगी।

प्रमोद विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है। उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर लोगों ने एलईडी वैन के जरिए हरियाणा व राज्य सरकार की उपलब्धियों की लघु फिल्मों को देखा। फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार की तमाम उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

डीसी ने ठेकेदार को निर्माण कार्य मे गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

गुरुग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव ने गुरुग्राम - बिलासपुर- जयपुर मार्ग पर स्थित पंचगांव चौक से फर्रुखनगर वाया जमालपुर मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 33 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे इस सड़क मार्ग की कुल लंबाई साढ़े सत्रह किलोमीटर है। डीसी के इस निरीक्षण दौरे में लोक निर्माण विभाग व पंचायती राज के अधिकारी भी साथ रहे। डीसी ने अपने दौरे के समय सड़क निर्माण कार्य के विभिन्न स्थानों पर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम - पटौदी -रेवाड़ी व गुरुग्राम - बिलासपुर- जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच कनेक्टिंग सड़क मार्ग होने के चलते, लंबे समय से क्षेत्रीय लोग इस सड़क को चौड़ा करने सहित निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण के पूरा होने से फर्रुखनगर से गुरुग्राम जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाने वाले लोगों के ईंधन व समय की बचत होगी। वहीं करीब एक दर्जन से अधिक गांवो को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय समय पर सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण करते रहेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव के निरीक्षण दौरे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन गजेंद्र यादव ने इस निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि करीब 33 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे इस सड़क मार्ग का निर्माण कार्य वर्ष 2024 के सितंबर माह तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं पंचगांव से जमालपुर के बीच का निर्माण कार्य अगले वर्ष मार्च महीने तक पूरा कर दिया जाएगा।

डीसी ने अपने निरीक्षण दौरे में गांव जमालपुर में मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनके सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि गांव में एसटीपी का काम प्रस्तावित है लेकिन एसटीपी के निर्माण से पूर्व गांव के मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव की समस्या की वैकल्पिक व्यवस्था भी आवश्यक है। ऐसे

बैठक में ग्रामीणों ने डीसी से गांव के मंदिर में ओपन एयर जिम व अमृत सरोवर की दीवार बनाने का भी अनुरोध किया जिस पर डीसी ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ राजीव तेजियान, पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल, एक्सईएन पंचायती राज अजय शर्मा, बीडीपीओ नरेश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्लास्टिक से मुक्त हरियाणा की महिलाएं बना रहीं जुट-बेग, एक नई सोच का सफल प्रयास

कुरुक्षेत्र। गीता महोत्सव के सरस मेले पर जहां कलाकारों की कला नजर आ रही है, वहीं पर्यटकों की भीड़ भी नए रिकार्ड बनाने को आतुर है। इसके साथ-साथ महोत्सव में प्लास्टिक मुक्त हरियाणा की मुहिम को चलाए हुए महिलाएं जूट से बने बैग को लेकर महोत्सव में पहुंची है। इन महिलाओं का कहना है कि प्लास्टिक का हमारे शरीर और पर्यावरण पर बहुत बड़ा दुष्प्रभाव पड़ता है। इसलिए हमें महोत्सव में पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

जूट से बने बैग लेकर महोत्सव में पहुंची गांव लाखन माजरा की आशा ने बातचीत करते हुए कहा कि वह महोत्सव में पर्यटकों के लिए जूट से बने विभिन्न प्रकार बैग लेकर पहुंची है। उनके स्वयं सहायता समूह द्वारा पर्यटकों को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने बारे जागरुक भी किया जा रहा है और जूट से बने बैगों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। उनके द्वारा इन बैगों को बनाने के लिए ऊन के धागे का इस्तेमाल किया गया है और इन बैगों को बनाने में प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया गया है। उनके स्वयं सहायता समूह में कई महिलाएं मिलकर काम करती है और उनके समूह द्वारा महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा रहे है। महिलाओं को रोजगार मिलने से वह अपने परिवार की आजीविका को आसानी से चला सकती है। उनके द्वारा बनाए गए जूट के बैग की कीमत 80 रुपए से लेकर 400 रुपए तक रखी गई है।

वरिष्ठ नागरिक मंच का परिवार मिलन समारोह 24 को

करनाल। वरिष्ठ नागरिक मंच सैक्टर सात का सालाना परिवार मिलन समारोह 24 दिसंबर को शाम छह बजे से गोल्डन मूमेंट में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नव चेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान होंगे। विशिष्ट अतिथि गोल्डन मूमेंट के संचालक सुनील बिदल तथा नागरनिगम पार्षद मुकेश अरोड़ा होंगे। इस कार्यक्रम में 20 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रधान ओपी गर्ग ने दी। वह मंच की बैठक में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एचडीएफ सी म्यूचुअल फंड के अधिरी ने निवेश संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर पैटर्न एस एस संधु ने भी उपसिथत जनों को सबोधित किया। कार्यक्रम में महासचिव केपी अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राधेश्याम डडेजा, महेंद्र सिंह चंदेल, ने भी अपने बिचार रखे। श्री गाबा ने अपनी गायकी से सभीका मनोरंजन किया।

विकसित भारत है हर हिन्दुस्तानी का स्वप्न-हरपाल ढांडा

पानीपत। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक महिपाल ढांढा के भाई हरपाल ढांढा ने वार्ड 21 के गांव सौंधापूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन है । पूरे भारत मे यात्रा को भारी समर्थन मिल रहा है। लोग पूरे जोश के साथ एलईडी वैन का स्वागत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत जिन लोगों की समस्याएं हैं उनको दूर करना व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति को अवगत करवाना है। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव व वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करा रही है। हर गांव व वार्ड में पहुंचने पर यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। यह यात्रा लगातार कीर्तिमान स्थापित करती जा रही है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में गांव वासियों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

उन्होंने बताया कि ऐसी बहुत सी योजनाएं हैं जिन्हें पोर्टल पर जाकर हम अपना आवेदन कर सकते हैं व उनका लाभ ले सकते हैं। सीईओ विवेक चोधरी ने मुख्य अथिति के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गांव के लोगों को हर प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराएं व उनकी जो समस्याएं है उन्हें शिद्दत पूर्वक सुने व उनका तुरंत प्रभाव से समाधान करें ।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से ग्राम वासियों के लिए समर्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लोगों को निशुल्क गैस किट प्रदान की। उन्होंने कार्यक्रम में गांव के खिलाडियों, समाजसेवियों ,पूर्व सैनिकों,होनहार छात्रों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति की कविताएं, हरियाणवी संस्कृति से जुड़े नृत्य बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में जल ही जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष विभाग व कई अन्य विभागों के लाभार्थियों ने अपनी प्रस्तुति देकर अपने अनुभवों को लोगों के सामने साझा किया। इस मौके पर सीईओ विवेक चोधरी, सीएमओ जयंत, बीईओ बिजेंद्र हुड्डा, प्रिंसिपल अश्वनी आदि मौजूद रहे।

फसल उत्पादन संग गुणवत्ता पर ध्यान देकर वैश्विक मानकों पर खरा उतरें: जेपी दलाल

सोनीपत। राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र गाजियाबाद एवं सूर्या फाउंडेशन द्वारा गांव झिंझौली में आयोजित प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन में बतौर चीफ गेस्ट कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को कहा कि खाद्यान्न के मामले में भारत बहुत अच्छी स्थिति में हैं। यह गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की किसान हितैषी नीतियों, किसानों के अथक परिश्रम व कृषि वैज्ञानिकों के कुशल अनुसंधान के कारण हासिल हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि वैश्विक मानकों पर खरा उतरने के लिए हमें फसलों के उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता पर ध्यान देना है। प्राकृतिक खेती की और कदम बढ़ाना है। हरियाणा में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में अनेक ठोस कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं ताकि हमारी धरती की उर्वरा शक्ति संरक्षित रहे। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान देते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए निःशुल्क ट्रेनिंग भी दिलवाई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों को भी जैविक खेती की विधियां बताई जाती हैं विस्तार से किसान को जानकारी दे सकें। गन्नौर में फल फूल सब्जी मंडी का जिक्र करते हुए कहा कि मंडी का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और इस मंडी के बनने के बाद हमारे किसान भाईयों को अपनी फसल बेचने के लिए कही और नहीं जाना पडेगा। इस मंडी के साथ हजारों आदमियों का रोजगार मिलेगा। गन्नौर में मंडी में दुनिया भर के ग्राहक आएंगे।

हरियाणा में 14 तरह की फसलें किसानों से खरीदी जाती है। सरकार द्वारा फार्म मैकेनाइजेशन के लिए 80 हजार किसानों को हमने मशीन दी है। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जिसमें केवल 100 रूपये का बीमा राशि लेकर 8 लाख से ज्यादा पशुओं का बीमा करवाया गया है। इस बीमा योजना से हरियाणा के किसानों से हमने 1900 करोड रुपए किसानों से लिया है और लगभग 8000 करोड रुपए किसानों को खाते में पशुओं की क्षतिपूर्ति के लिए दिये है। 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाता है। पशुपालन की समस्याओं से निजात मिले तो 200 एंबुलेंस चलाने का निर्णय लिया गया है जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। किसान सम्मेलन में कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। राई से विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री मोहनलाल बड़ौली, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र के निदेशक डॉ. गगनेश शर्मा, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान के निदेशक एके मोहंती, उप-कृषि निदेशक पवन शर्मा, पशु वैज्ञानिक व सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाने में वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्राःबतान

कुरुक्षेत्र। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि समाज का अंतिम व वंचित व्यक्ति खुशहाल बने। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है। इस यात्रा के माध्यम से गरीब व पिछड़े व्यक्ति केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान शनिवार को थानेसर विधानसभा के क्षेत्र के गांव दबखेडी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे। इससे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान सहित तमाम गणमान्य लोगों और गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन ऑन लाईन प्रणाली से सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से गरीबों व पिछड़ों को बराबरी का हक दिया है उससे उनके दिलों में प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों, मजदूरों को विकास की योजनाओं का केंद्र बिंदु बनाया है। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि जाति, बिरादरी से ऊपर उठकर समाज के अंतिम व वंचित व्यक्तियों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दिशा में जनधन बैंक खाता खुलवाने से लेकर आयुष्मान कार्ड, घर-घर में शौचालय निर्माण, हर घर में नल से जल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान सहित अनेक जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व वंचित वर्ग के लाभार्थियों को लाभान्वित करने का काम किया है। सरकार के पिछले साढ़े नौ साल के कदमों को देखें तो मोदी सरकार ने गरीबों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक समग्र रणनीति के तहत अपने दायित्व का निर्वहन किया है।

उन्होंने कहा कि देश आत्मनिर्भर व विकसित तब कहलाता है, जब वहां की जनता खुशहाल हो और सरकार उनकी बेसिक मूलभूत आवश्यकताओं व सुविधाओं की बराबर पूर्ति कर रही हो। गरीबों की इन्हीं मूलभूत आवश्यकताओं व सुविधाओं को ध्यान में रखकर उनके सर पर छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की, जिससे लोगों का सर पर छत का सपना साकार हो रहा है। सरकार अंत्योदय के माध्यम से गरीबों का जीवन खुशहाल बना रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के आशियाने के सपनों को हकीकत में बदल रही है, जिससे गरीबों की जिंदगी में खुशहाली आ रही है। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए दाखिले शुरू-डॉ धर्म पाल

पानीपत। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)। इग्नू में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है।

इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट डब्ल्युडब्ल्युडब्ल्युडॉटआईजीएनओयूडॉटएसीडॉटआईएन पर उपलब्ध है। इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 है

कुचपुरा और सिंघड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

करनाल। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव कुचपुरा और सिंघड़ा पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा की भाजपा की नीति और नियत साफ है और नेताओं की कथनी-करनी एक है। सरकार ने गरीबों, किसानों और समाज के अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। सिंघड़ा में मुख्य मेहमान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि आज सरकार आपके द्वार आई है। अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। कुचपुरा पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि अंग्रेज सिंह ने और सिंघड़ा में सरपंच कमलजीत कौर ने मुख्य अतिथि का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। अमरनाथ सौदा और मीना चौहान ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। सिंघड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश सुनाया गया। साथ ही हरियाणा के

विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। लोक संपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किया। निसिंग ब्लॉक के मंडल प्रभारी हरपाल कलामपुरा ने दोनों गांवों में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। कुचपुरा में अमरनाथ सौदा ने बताया कि हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल 70 वेन 6 लाख लोगों तक पहुंच चुकी हैं। लोगों को केंद्र व राज्य की राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। मौके पर ही पात्र लोगों की पेंशन बनाई जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराई जा रहे हैं और लोगों की अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य भी जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और फीडबैक प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कांग्रेस शासन में निश्चित संख्या में ही गैस सिलेंडर मिलते थे लेकिन भाजपा सरकार ने इस सीमा को खत्म कर दिया। अब जी चाहे जितने गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। सरकार द्वारा 1.80 लाख वार्षिक आय वालों को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुष्मान भारत चिरायु योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों की सालाना आय 1.80 लाख से कम है वे साल में 5लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं। जिनकी आय 1.80 से 3 लाख तक है वे सालाना 1500 रूपए प्रीमियम भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जगमग योजना के तहत हरियाणा के अधिकांश गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में बुजुर्गों को एक जनवरी से 3 हजार रूपए महीना पेंशन मिलने लगेगी। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खातों में 6 हजार रूपए सालाना भेजे जा रहे हैं।

खेतों का किया अवलोकन एवं किसानों को किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र जिला के काफी क्षेत्रों में आलू की फसल की खेती की जाती है। आलू की फसल से किसान काफी लाभ भी कमा रहे हैं। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी. बी. सिंह ने बताया कि किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा के लिए सचेत रहना चाहिए। थोड़ी से लापरवाही से उत्पादन घटने की आशंका रहती है। डा. सी. बी. सिंह ने बताया कि बीज का सही चुनाव एवं बीज का उपचार न करने के कारण आलू की फसल पर पोटैटो मोजैक वायरस की शिकायत हो सकती है। डा. सी. बी. सिंह ने बताया कि जब फसल तैयार हुई तो उस पर पोटैटो मोजैक वायरस के अटैक से पत्तियां मुड़ने व सिकुड़ने लगती हैं और पौधे की ग्रोथ रुक सी जाती है। ऐसा हुआ तो आलू का आकार छोटा रह जाएगा, जिससे उत्पादन घटेगा। डा. सी. बी. सिंह का कहना है कि खेत में पोटैटो मोजैक का प्रकोप जिस पौधे में हो उस पौध को उखाड़ कर खेत से दूर मिट्टी में दबा दें अथवा जला दें। क्योंकि पोटैटो मौजैक विषाणु जनित बीमारी है। रस चूसने वाले कीड़ों से यह बीमारी फैलती है। यह कीड़ों अथवा स्पर्श से फैलता है इसलिए कीड़ों पर नियंत्रण के लिए खेत मंल कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि अधिकारियों की सलाह से रासायनिक दवाओं का भी छिड़काव करें। डा. सी. बी. सिंह ने कहा कि आलू के बीज का सही चुनाव एवं आधुनिक तकनीक से ही आलू की खेती करें। शुद्ध बीज के चुनाव के साथ फसल लगाएं।

मध्यस्थता केंद्र को घर-घर तक पहुंचाने के लिए वर्कशॉप का आयोजन पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए

करनाल। जसबीर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के आदेशानुसार सभी पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर्स, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मकसद सभी पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को आम जनों के बीच में जाकर मुफ्त कानूनी सहायता व मध्यस्थता केंद्र कैसे कार्य करता है और मुफ्त कानूनी सहायता किस किस को मिल सकती है उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताएंगे और अगर कोई बाढ़ पीड़ित व्यक्ति मिलता है तो उसकी समस्या के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किस प्रकार से व्यापक सहायता कर सकता है काउंसलिंग के माध्यम से या मुफ्त कानूनी सहायता के माध्यम से इस बारे में बताना था साथ ही साथ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पोक्सो एक्ट के बारे में सभी अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को बताया गया उसका आम जनों में जाकर व्यापक प्रचार करें ताकि वह उस लीगल सर्विस कैंप में आकर सरकारी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर सके। 1987 के प्रावधान के तहत उन्हें मुकदमा न्यायालय में कोई मुकदमा लंबित है या किसी बैंक में प्रि लिटिगेटेड स्टेज पर है तो वह व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता लेकर जिसमें उसे वकील की सेवाएं प्रदान की जाती हैं ताकि वह वकील उसके संबंधित मामले को उच्च न्यायालय में या अभिकरण में सुनिश्चित ढंग से पेश कर सके । मुफ्त कानूनी सहायता अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के सदस्य, स्त्रियों अथवा बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, औद्योगिक कामगार, एचआईवी पॉजिटिव ग्रसित व्यक्ति, किन्नर समुदाय से संबंधित व्यक्ति, दंगा पीड़ित और उनके परिवार वाले, स्वतंत्रता सेनानी अथवा आश्रित।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को वर्ष 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' देश बनाने का दूरदर्शी विजन -: नायब सिंह सैनी

करनाल/इंद्री । भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने गांव बुटान खेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को वर्ष 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत बनाने का दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि नागरिकों से सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। नागरिकों ने शपथ ली कि 'भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले, इसी प्रकार से मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी बेतरीन तरीके से जिंदगी जिए। उन्होंने

कहा कि आज हमारे देश के युवा विश्व में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वालों में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले युवा हरियाणा से संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खेल नीति को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिसकी बदौलत आज खेलों में देश में हरियाणा का नाम सबसे पहले आता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार ने अपने साढे नौ वर्ष के शासनकाल में प्रशासन व शासन में फैले भ्रष्टाचार एवं भाई-भतीजावाद को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए है। उन्होंने ने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफत शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही हैं।

नायब सिंह सैनी उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को परिवार पहचान पत्र से जोडकर पात्र लाभार्थियों को घर बैठे ही आनलाइन सेवाओ का लाभ दिया जा रहा है आज लोगों के घर बैठे ही बीपीएल कार्ड बन रहे हैं तथा वृद्धावस्था भता का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से जिन बीपीएल परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रूपये से कम है उन परिवारों के उम्मीदवारों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी एवं नेक सोच के चलते महिलाओं को पंचायती राज चुनावों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्रदान की है। उसके आधार पर यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जाएगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया हम सभी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाना हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम गरीब लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा- रामकुमार कश्यप

इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से देश व प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन हुई है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।

NAME CHANGE

I, hitherto known as SANTOSH KUMAR YADAV alias SANTOSH YADAV S/o HARI YADAV residing at House No. D-26, Gali No.-3, Shiv Enclave, Near Shivani School, Ismailpur, Sector-91, Faridabad, Haryana-121013 have changed my name and shall hereafter be known as SANTOSH YADAV.

आयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के लिए रेलवे चलाएगी 1000 से ज्यादा ट्रेनें, सरयू में चलेगा यॉट

नई दिल्ली। नवनिर्मित राम मंदिर उद्घाटन के पहले 100 दिनों के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देश के विभिन्न हिस्सों से अयोध्या के लिए 1,000 से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना की घोषणा की है। इन ट्रेनों का संचालन भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ दिन पहले 19 जनवरी से शुरू होने वाला है, इससे तीर्थयात्रियों को पवित्र शहर तक पहुंचने में मदद मिलेगी। 23 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, इसके बाद मंदिर को आम लोगों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के यात्रा की सुविधा को देखते हुए अयोध्या को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, पुणे, कोलकाता, नागपुर, लखनऊ और जम्मू सहित विभिन्न क्षेत्रों और शहरों से जोड़ा जाएगा।रेलवे से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया कि मांग के आधार पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है, जबकि अयोध्या स्टेशन पर आगंतुकों को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए स्टेशन का नवीनीकरण किया गया है। रोजाना 50,000 लोगों के आने की क्षमता वाले इस नए स्टेशन का निर्माण 15 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, तीर्थयात्रियों के समूहों के लिए कुछ ट्रेनों को चार्टर्ड सेवाओं के रूप में आरक्षित किया गया है। इस बीच, भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए चौबीसों घंटे खानपान सेवाएं प्रदान करने की तैयारी कर रहा है। मांग को पूरा करने के लिए कई खाद्य स्टाल स्थापित किए जाएंगे।

उद्योगपति सज्जन जिंदल के खिलाफ मुंबई में छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मामला दर्ज

नई दिल्ली। प्रसिद्ध उद्योगपति जेएसडब्ल्यू स्टील कंपनी के प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल पर एक महिला से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोप लगा है। इस मामले में जिंदल के खिलाफ मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार सज्जन जिंदल की मुलाकात इस महिला से 2021 में आईपीएल मैच देखने के दौरान वीआईपी बॉक्स में हुई थी। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में घटना के बारे में बताते हुए आरोप लगाया है कि 24 जनवरी 2022 को बीकेसी स्थित जेएसडब्ल्यू स्टील कार्यालय के पेंट हाउस में उससे दुष्कर्म किया गया था और उसने इस साल फरवरी में बीकेसी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। उसे जिंदल से धमकियां मिल रही थीं कि पैसे लेकर मामला रफा दफा कर दो।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने अपने बयान में कहा है कि अक्टूबर 2021 में वह वीआईपी बॉक्स से आईपीएल देख रही थीं। उसी समय उनकी मुलाकात सज्जन जिंदल से हुई और वे एक-दूसरे से परिचित हुए।

होंडा एलिवेट ने 20,000 वाहन बिक्री का आंकड़ा पार किया

नई दिल्ली। होंडा कार्स इंडिया ने बताया कि उसके मध्यम आकार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) एलिवेट ने 20,000 वाहन बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने इस साल सितंबर में एलिवेट को बाजार में उतरा था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन महीनों में उसकी कुल बिक्री में नए मॉडल की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। इससे होंडा कार्स इंडिया को सितंबर-नवंबर अवधि में सालाना आधार पर अपनी बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिली। होंडा कार्स इंडिया के निदेशक (विपणन और बिक्री) युइची मुराता ने कहा, ÷हमने अपने इंतजार कर रहे ग्राहकों को जल्द से जल्द कार देने के लिए एलिवेट के उत्पादन की रफ्तार को अधिकतम कर दिया है। भारत विश्व में एलिवेट का उत्पादन और बिक्री करने वाला पहला देश है। होंडा का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर एसयूवी की मजबूत मांग को पूरा करते हुए भारत को दुनिया के अन्य हिस्सों में नए मॉडल के लिए एक महत्वपूर्ण निर्यात केंद्र बनाना है।

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में 'विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक सुगमता (लीड्स) 2023' रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही।

गोयल ने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पिछला दशक परिवर्तनकारी रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब सरकार के नीतिगत बदलावों के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। गोयल ने कहा कि 2047 तक भारत को 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक के 10 गुना वृद्धि तक ले जाने के हमारे प्रयास

में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र आधारशिला होगा। लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, चंडीगढ़ और गुजरात समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। इस सूची में तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड को शामिल किया गया है। वहीं, आकांक्षी श्रेणी में स्थान पाने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और झारखंड शामिल हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा जारी पांचवीं 'लीड्स' 2023 रिपोर्ट में राज्यों को उनके लॉजिस्टिक माहौल के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। इसमें हितधारकों के सामने आने वाली प्रमुख लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश भी डाला गया है। इस सूचकांक का उद्देश्य राज्यों में लॉजिस्टिक प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है। ये सूचकांक निर्यात और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जरूरी लॉजिस्टिक सेवाओं की दक्षता का संकेतक है।

एफसीआई ने ई-ऑक्शन के जरिए 4.29 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचे, 14,760 मीट्रिक टन चावल की भी हुई बिक्री

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने इस साल जून से दिसंबर के बीच पश्चिम बंगाल में 25 खुले बाजार ई-नीलामी के जरिये 4.29 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 14,760 मीट्रिक टन गैर-फोर्टिफाइड चावल की बिक्री की है। एफसीआई के उप महाप्रबंधक (पश्चिम बंगाल क्षेत्र) प्रदीप सिंह ने कहा कि खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) का संचालन एम-जंक्शन के ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से की गई थी। सिंह ने कहा, 'अनाज की कीमतों को स्थिर करने और आम जनता का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए, एफसीआई ने इस साल जून से दिसंबर तक 25 खुले बाजार ई-नीलामी के माध्यम से पश्चिम बंगाल में 4.29 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 14,760 मीट्रिक टन गैर-फोर्टिफाइड चावल बेचा है।उन्होंने कहा कि एफसीआई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से मुफ्त में स्टेपल की आपूर्ति करना जारी रखेगा। ई-नीलामी बिक्री के लिए गेहूं का आरक्षित मूल्य 2,150 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि गैर-फोर्टिफाइड चावल के लिए यह 2,900 रुपये प्रति क्विंटल है। सिंह ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति केवल पीडीएस के माध्यम से की जाती है, न कि ई-नीलामी के माध्यम से। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल गेहूं की कमी वाला राज्य है लेकिन चावल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। राज्य के लिए, विपणन सत्र 2024-25 के लिए हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदा जा रहा है।

सोमवार से सस्ता सोना खरीदने का मौका, इश्यू प्राइस 6,199 रुपये प्रति ग्राम

नई दिल्ली। सोना में निवेश करने का बेहतरीन मौका है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की अगली किस्त के लिए इश्यू प्राइस 6,199 रुपये प्रति ग्राम तय किया है। यह इश्यू 18 दिसंबर, सोमवार से पांच दिनों के लिए खुलेगा।

रिजर्व बैंक ने जारी बयान में बताया कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली किस्त के लिए इश्यू प्राइस (निर्गम मूल्य) 6,199 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। एसजीबी स्कीम 2023-24 की सीरीज-3 निवेश के लिए 18-22 दिसंबर, 2023 के दौरान खुली रहेगी। इस स्कीम में निवेशकों को निवेश मूल्य पर सालाना 2.5 फीसदी ब्याज छमाही आधार पर दिया जाएगा।

आरबीआई के मुताबिक 999 शुद्धता वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का मूल्य 6,199 रुपये प्रति ग्राम है। सरकार ने ऑनलाइन आवेदन करने और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट मिलेगी। एसजीबी की अवधि आठ वर्ष के

लिए होगी, जिसमें 5वें वर्ष के बाद इसे समय पूर्व भुनाया जा सकता है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को आप अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (स्मॉल फाइनेंस बैंकों, पेमेंट बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़ कर), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), नामित डाकघरों और स्टॉक एक्सचेंजों-नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) के माध्यम से खरीद सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए 4 किलोग्राम, एचयूएफ (हिंदू अविभाजित परिवार) के लिए चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम है। इसके बाद एसजीबी की चौथी सीरीज 12-16 फरवरी में जारी की जाएगी।

विदेशी निवेशक तोड़ेंगे रिकॉर्ड, 8.5 माह में 1.74 लाख करोड़ रुपये के खरीदे शेयर

नई दिल्ली। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस महीने में जब से शेयर बाजार में वापसी की है, सेंसेक्स लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। एफआईआई ने चालू वित्त वर्ष यानी अप्रैल से अब तक के साढ़े आठ महीने में 1.74 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश शेयर बाजार में किया है। विश्लेषकों को उम्मीद है कि ये निवेशक 2023-24 में किसी भी वित्त वर्ष में निवेश का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। निवेश का यह तेज रुझान जारी रहा तो मई से पहले सेंसेक्स 75,000 को भी पार कर सकता है। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों के बल पर सेंसेक्स ने इस महीने तीन रिकॉर्ड बनाए हैं।

भाजपा की जीत से भी आया उछाल

भगवा पार्टी के पक्ष में आए तीन राज्यों के चुनावी नतीजों के बाद इन निवेशकों ने बाजार में जमकर निवेश किया। इससे पांच दिसंबर को सेंसेक्स ने 69,000 का रिकॉर्ड तोड़ा। उसके बाद 70,000 और फिर अब 71,000 का रिकॉर्ड तोड़ कर

72,000 का भी आधा रास्ता तय कर लिया है। इक्विटी के साथ ही डेट में भी इन निवेशकों ने इस साल 55,836 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दरअसल, जेपी मॉर्गन ने अपने उभरते इंडेक्स में भारत के सरकारी बॉन्ड को अगले साल से शामिल करेगा। इस वजह से विदेशी निवेशक डेट में निवेश बढ़ा रहे हैं। संतोष मीणा, रिसर्च हेड स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट ने बताया कि विदेशी निवेशकों ने पिछले हफ्ते जमकर खरीदारी की है। आने वाले हफ्तों में भी हम इसी तरह की जोरदार खरीदी देख सकते हैं। ऐसे में बाजार में इसका सकारात्मक असर दिख सकता है।

'उद्धव ठाकरे के सीएम रहते टेंडर की शर्तें तय हुईं'; धारावी स्लम मामले पर अदाणी समूह का बयान

नई दिल्ली। देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास परियोजनाओं पर काम कर रही अदाणी समूह ने महाराष्ट्र की धारावी स्लम परियोजना पर बयान दिया है। समूह का कहना है कि धारावी स्लम को दोबारा विकसित करने की इस परियोजना के लिए निष्पक्ष और प्रतियोगी निविदा की प्रक्रिया अपनाई गई। अदाणी समूह ने धारावी प्रोजेक्ट के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली टेंडर की प्रक्रिया का पालन करने का भी दावा किया है। समूह का कहना है कि टेंडर की शर्तों को उसी समय अंतिम रूप दिया जा चुका था, जब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे महाविकास अघाड़ी सरकार चला रहे थे।गौरतलब है कि धारावी के पुनर्विकास का जिम्मा अदाणी समूह को दिए जाने पर शिवसेना ने आक्रोश प्रकट किया है। शनिवार को पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने विरोध प्रदर्शन और मार्च की अगुवाई भी की। मार्च धारावी से शुरू होकर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अदाणी समूह के दफ्तर तक गया। विरोध के दौरान ठाकरे ने समर्थकों से कहा कि टेंडर प्रक्रिया में 100 करोड़ रुपये की टीडीआर अनियमितता सामने आई है। उन्होंने इसे दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। समूह का बयान इसके बाद सामने आया।

अदाणी ग्रुप ने धारावी प्रोजेक्ट के कुछ पहलुओं से जुड़ी फर्जी सूचनाएं फैलाने का आरोप लगाते हुए इसके पीछे संगठित प्रयास होने की बात कही और ऐसा करने के लिए अफसोस भी जाहिर किया। टीडीआर से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप पर धारावी प्रोजेक्ट के प्रवक्ता ने कहा, इसे पारदर्शी तरीके से मैनेज किया जा रहा है। ग्रेटर मुंबई नगर निगम (स्ष्टत्रू) ने इसके लिए खास तौर पर पोर्टल भी विकसित किया है। गौरतलब है कि जुलाई में महाराष्ट्र सरकार ने 259 हेक्टेयर में फैसले धारावी स्लम को दोबारा विकसित करने का जिम्मा औपचारिक रूप से अदाणी समूह की कंपनी को सौंप दिया था। शनिवार को जारी बयान में समूह ने कहा कि जून, 2022 तक एमवीए सरकार थी। टेंडर प्रक्रिया इससे पहले ही फाइनल कर दी गई थी। टेंडर मिलने के बाद शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है ऐसे में खास फायदा कराने के आरोप निराधार हैं। समूह ने कहा कि धारावी में रहने वाले लोगों को इसी क्षेत्र में नया घर मिलेगा। जो लोग यहां रहने के लिए अधिकृत नहीं है उन्हें रेंटल हाउसिंग पॉलिसी के तहत घर मुहैया कराए जाएंगे। अदाणी समूह के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने 99 साल का लीज एग्रीमेंट किया है। भारतीय रेल भी इस समझौते में शामिल है। बाद में इसे 30+30 साल के आधार पर सब-लीज किया जाएगा। मुंबई की दूसरी सरकारी जमीनों की तरह इसे भी हाउसिंग सोसाइटी को दिया जाएगा।

रघुराम राजन बोले- विकास दर 6फीसदी से अधिक नहीं हुई तो भारत 2047 तक निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था बना रहेगा

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि अगर विकास दर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं हुई तो भारत 2047 (अमृत काल) तक निम्न मध्यम अर्थव्यवस्था ही बना रहेगा। हैदराबाद में आयोजित मंथन कार्यक्रम में राजन ने कहा कि अगर देश तेजी से विकास नहीं करता है, तो वह अमीर होने से पहले (जनसांख्यिकीय रूप से) बूढ़ा हो जाएगा। इसका मतलब है कि उस समय बढ़ती उम्र वाली आबादी के बोझ से भी उसे निपटना होगा।

आरबीआई के पूर्व प्रमुख ने कहा कि कुछ दक्षिणी राज्य जनसंख्या के मामले में प्रजनन दर से नीचे है। प्रजनन दर नीचे गिरने से विकास धीमा हो गया है। राजन के अनुसार विकास की वर्तमान गति देश को बूढ़ा होने से पहले अमीर बनाने के लिए अपर्याप्त है।

साथ ही उन सभी को रोजगार देने के लिए भी पर्याप्त नहीं है, जो श्रम बल के रूप में तैयार हो रहे हैं।

जीडीपी वृद्धि पर कही थी यह बात

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने हाल ही में जारी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेज वृद्धि का श्रेय बुनियादी ढांचा पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन को दिया है। राजन ने पिछले दिनों कहा था कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी उपभोग में तेजी नहीं आई है।

उन्होंने कहा था कि अगर आप देखो कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया तो इसका एक कारण यह भी है कि दुनिया अच्छा कर रही है। इसके अलावे पहली छमाही में इस मजबूत वृद्धि का एक अन्य कारण बुनियादी ढांचे पर सरकार का जबरदस्त खर्च है। जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत रहने के साथ भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा है।

बाजार की रिकॉर्ड छलांग से निवेशक मालामाल, तीन दिन में ही हुआ आठ लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स पहली बार 71,000 अंक के स्तर को पार कर गया। दौरान बाजार के निवेशकों को 8.11 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और अगले साल ब्याज दरों में कटौती के संकेत के साथ-साथ इक्विटी बाजारों में लगातार विदेशी पूंजी प्रवाह ने भारतीय बाजार तेजी को बढ़ावा दिया है।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 969.55 अंक या 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,483.75 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,091.56 अंक या 1.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,605.76 अंक के

सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीते तीन दिन में सेंसेक्स 1,932.72 अंक या 2.77 प्रतिशत चढ़ा।

तीन दिनों में निवेशकों की संपत्ति में 8,11,802.11 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। बंबई शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,87,999.80 करोड़ रुपये की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। उन्होंने कहा, 'निवेशकों, विशेष रूप से विदेशी निवेशकों में बहुत उत्साह है, जो राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद पिछले कुछ हफ्तों में घरेलू इक्विटी में धन लगा रहे हैं।'

फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर नरम रुख से बाजार को फायदा

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'राजनीतिक स्थिरता और आगे चलकर सुधारों के जारी रहने की उम्मीद, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर नरम रुख, बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बाजार की धारणा में सुधार हुआ है।'

उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत से ज्यादा तकनीकी परिस्थितियों के कारण निकट भविष्य में बेंचमार्क मजबूत हो सकते हैं। सेंसेक्स बीते सोमवार को शुरुआती कारोबार में पहली बार 70,000 के स्तर को पार कर गया।

71000 का स्तर पार करना शेयर बाजार के लिए मील का पत्थर

हेज फंड हेदोनोवा की सीआईओ सुमन बनर्जी ने कहा, 'सेंसेक्स का 71,000 अंक के स्तर को पार करना भारतीय शेयर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो देश की आर्थिक प्रगति और निवेशकों के बढ़ते भरोसे का प्रतीक है।÷

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 5.58त्न की बढ़त के साथ सबसे बड़ा गेनर रहा है। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा और विप्रो का स्थान रहा। दूसरी ओर, नेस्ले, भारती एयरटेल, मारुति और आईटीसी के शेयरों में गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में सियोल, तोक्यो और हांगकांग लाभ में रहे जबकि शंघाई गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। बीते गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बीते गुरुवार को सकल आधार पर 3,570.07 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

भारत और ओमान के बीच आर्थिक साझेदारी हुई और मजबूत, संयुक्त निवेश कोष की तीसरी किस्त का एलान

नई दिल्ली। भारत-ओमान के बीच आर्थिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ओमान-भारत संयुक्त निवेश कोष की तीसरी किस्त की घोषणा की गई है, जो दोनों देशों के बीच व्यापार और पूंजी सहयोग में एक प्रमुख मील का पत्थर है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने शनिवार को एक विशेष ब्रीफिंग में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान हासिल की गई इस उपलब्धि के बारे में बताया।उन्होंने कहा, भारत-ओमान व्यापार और पूंजी सहयोग के लिहाज से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ओमान-भारत संयुक्त निवेश कोष की तीसरी किस्त की घोषणा है। विदेश सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय स्टेट बैंक और ओमान निवेश प्राधिकरण के बीच 50-50 प्रतिशत के संयुक्त उद्यम में ओमान-भारत संयुक्त निवेश कोष का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में निवेश को निर्देशित करके आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है।उन्होंने कहा, यह कोष 30 करोड़ डॉलर यानी करीब 2500 करोड़ रुपये का होगा। फंड को भारतीय स्टेट बैंक और ओमान निवेश प्राधिकरण के बीच 50-50 संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किया गया है, जिसने अनिवार्य रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में निवेश किया।

हड्डियों ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी है फायदेमंद है सूरज की रोशनी, जानें इसके गजब के फायदे

सूरज की रोशनी हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है यह तो बचपन में पढ़ा होगा लेकिन क्या आपको इससे सेहत को मिलने वाले फायदों के बारे में पता है। सूरज की रोशनी आपके शरीर की कई परेशानियों को कम कर सकता है। जानें रोज सुबह धूप में थोड़ा वक्त बिताने से आपको सेहत से जुड़े क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

सर्दियों में गिरते तापमान की वजह से, हम अपने घरों में सिमट कर रह जाते हैं। खुद को गर्म रखने के लिए और ठंड से बचने के लिए हम बाहर निकलना कम पसंद करते हैं। बाहर न जाने की वजह से, सूरज की रोशनी काफी कम मिल पाती है। इसके अलावा, धूप की वजह से होने वाली टैनिंग से बचने वाला कल्चर भी हमारे दिमाग में काफी गहरी जड़े जमा चुका है, जिस वजह से भी हम धूप में जाने से बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन सूरज की रोशनी हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। रोज थोड़ी देर सनलाइट में समय बिताने से आपको सेहत के अनगिनत लाभ मिल सकते हैं। आइए जानते हैं, सूरज की रोशनी लेने से हमें क्या फायदे हो सकते हैं।

सूरज की रोशनी से मिलने वाले फायदों के लिए आपको अलग से कोई मेहनत करने की जरूरत नहीं होती है। सुबह के समय अपने घर की छत पर वॉक करने से, थोड़ी देर शांति से धूप में बैठकर या अपनी सुबह की चाय या कॉफी को अपनी बालकनी में बैठकर पी सकते हैं। इससे आपके शरीर को सनलाइट भी मिल जाएगी और आपको अलग से कोई मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी।

विटामिन-डी का डोज

विटामिन-डी हमारे शरीर में कैल्शियम के अब्जॉर्प्शन के लिए जरूरी होता है। इसकी कमी की वजह से, हड्डियां कमजोर होनी शुरू हो जाती हैं। हमारे शरीर को सबसे ज्यादा विटामिन-डी सूरज की रोशनी से मिलता है। इसलिए सूरज की रोशनी में थोड़ी देर समय बिताने से आपका रोज का विटामिन-डी का डोज पूरा हो सकता है।

बेहतर मेंटल हेल्थ

सर्दियों के मौसम में कई लोग सीजन अफेक्टिव डिस्ऑर्डर का शिकार बन जाते हैं। इससे बचाव या राहत पाने में सूरज की रोशनी मददगार साबित हो सकती है। सुबह-सुबह की धूप में थोड़ी देर रहने से आपका मूड बेहतर हो सकता है। यह आपके शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन रिलीज करवाता है, जिससे हमारा मूड बेहतर बनता है।

स्ट्रेस कम करता है

सूरज की रोशनी हमारे शरीर में हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करवाते हैं, जिस वजह से स्ट्रेस कम होता है। इसलिए सनलाइट स्ट्रेस कम करने में फायदेमंद हो सकता है।

दिन की फ्रेश शुरुआत

सुबह उठने के काफी देर बाद तक भी हम फ्रेश महसूस नहीं कर पाते हैं। इस परेशानी को दूर करने में सुबह के समय सनलाइट में समय बिताना मददगार साबित हो सकता है। यह आपके मूड को बेहतर बनाता है और आप ज्यादा एक्टिव महसूस करते हैं।

स्लीप साइकिल बेहतर होता है

सुबह के समय सूरज की रोशनी लेने से आपका कार्डियक रिदम यानी आपकी सोने और जागने की साइकिल बेहतर हो सकती है। इस वजह से, रात को बेहतर नींद आती है और आप अगले दिन ज्यादा फ्रेश महसूस करते हैं। इस कारण से आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है।

उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले

यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।

सरकार ने इस साल 30 नवंबर को जुलाई से सितंबर तक की अवधि यानी दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रकाशित किए। इन्हें राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन का त्वरित अनुमान कहा जाता है। वे आउटपुट संख्याओं के दो व्यापक सेट अर्थात सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिए प्रदान किए जाते हैं। पहला सेट प्रत्येक व्यक्तिगत उत्पादक या क्षेत्र अथवा उद्योग द्वारा अर्थव्यवस्था में जोड़े गए मूल्य का एक उपाय है। यह निश्चित रूप से सभी उत्पादकों में मापा जाता है, चाहे वे किसान हों, छोटे उद्यमी हों या बड़ी कंपनियां। जीवीए इस प्रकार इनपुट को आउटपुट में परिवर्तित करने में जोड़े गए मूल्य को मापता है। उत्तरार्द्ध यानी जीडीपी एक निश्चित अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है जो वार्षिक जीडीपी या त्रैमासिक जीडीपी हो सकता है। इसे तीन अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है- या तो सभी उत्पादन के मूल्य के रूप में अथवा सभी व्यय के या सभी आय के। तीनों एक ही परिणाम देते हैं क्योंकि जो बेचा जाता है उसका कुल मूल्य उन लोगों की आय का भी प्रतिनिधित्व करता है जो बेचे जाते हैं। जीवीए और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर भुगतान किए गए करों या प्राप्त सब्सिडी का है। आम तौर पर जीडीपी हमेशा जीवीए से अधिक होती है क्योंकि सरकार वास्तविक कर लगाती है जिसका संग्रह सब्सिडी से अधिक होता है।

चालू मूल्य पर जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए मापी गई जीडीपी 72 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि में 66 लाख करोड़ रुपये थी। इस ओर पिछले वर्ष की समान दो तिमाहियों के लिए जीवीए क्रमश- 64 और 59 लाख करोड़ था। इस तिमाही दर पर चालू कीमतों पर वार्षिक जीडीपी चालू वित्त वर्ष के दौरान 300 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दस साल पहले 2012 की तुलना में तीन गुना या 200 प्रतिशत अधिक होगा।जीडीपी और जीवीए के लिए बढ़ती कीमतों के असर को हटाकर इन्हीं आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। ऐसे में जब पिछले चार साल से मुद्रास्फीति औसतन पांच प्रतिशत के करीब है, मौजूदा कीमतों पर मापा जाने वाला जीडीपी या जीवीए में वृद्धि %वास्तविक' तस्वीर नहीं है क्योंकि इसमें %बढ़ा-चढ़ाकर' बताया जाना वाला घटक भी है। मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटा दें तो दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो पिछले साल की 6.2 फीसदी से ज्यादा है। यह काफी प्रसन्नता की बात है।अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।इसलिए हमें तीन चीजों की जांच करने की जरूरत है। सबसे पहले तो इस सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कौन से घटक प्रेरित कर रहे हैं। दूसरा, क्या यह मध्यम से लंबी अवधि में टिकाऊ है और तीसरा, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के लाभ लोगों के विभिन्न वर्गों, उनकी आजीविका, आय और रोजगार के संदर्भ में लाभ के रूप में क्या बदलाव आ रहे हैं।पहले सवाल का जवाब यह है कि उपभोक्ता खर्च की तुलना में सरकार का खर्च और निवेश खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है। ध्यान रखें कि सरकारी खर्च 10 प्रश और निवेश खर्च (जिसे पूंजी निर्माण भी कहा जाता है) 30 फीसदी बढ़ा है। बाकी का खर्च उपभोग खर्च है जो खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा है। वर्तमान में शुद्ध निर्यात मुश्किल से 1 या 1.5 प्रतिशत है। गत वर्ष की तुलना में जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च 19 फीसदी की दर से बढ़ा। इस तिमाही में यह 7 लाख करोड़ रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5.9 लाख करोड़ था। इसी तरह, निवेश खर्च पिछले साल की तुलना में 13 प्रति सैकड़ा बढ़कर 21.5 लाख करोड़ हो गया जो पिछले साल 19.1 लाख करोड़ था। स्पष्ट रूप से ये दोनों एक शानदार गति से विकास दर को चला रहे हैं। दूसरी ओर, उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में सिर्फ 8 प्रति सैकड़ा बढ़ा। ये सभी नाममात्र के आंकड़े हैं जिन्हें मुद्रास्फीति और बढ़ती कीमतों के प्रभाव के लिए समायोजित नहीं किया गया है।यदि आप मुद्रास्फीति के लिए सही आंकलन करते हैं तो उपभोक्ता खर्च केवल 3 प्रतिशत के आसपास बढ़ रहा है और यह सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत बनाता है। यदि मध्यम अवधि में वास्तविक जीडीपी वृद्धि की गति को 7 फीसदी बनाए रखना है तो उपभोक्ता खर्च घटक को 6 या 7 प्रतिशत के करीब बढ़ना होगा। इसका मतलब है कि जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान यह (वास्तविक रूप में) जिस दर से बढ़ी है, उसे दोगुना करना। यदि रोजगार, मजदूरी और खुदरा ऋणों में अनुरूप वृद्धि होती है तो उपभोक्ता खर्च की गति को बनाए रखा जा सकता है।

खुदरा ऋणों में आवास ऋण शामिल हैं जो विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकते हैं। उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता भावना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है क्योंकि लोग विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च में कटौती करते हैं। निवेश खर्च बढ़ रहा है जो एक बहुत अच्छा संकेत है। इसमें निजी पूंजीगत खर्च का एक बढ़ता हुआ घटक होना चाहिए और इसे केवल बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं होना चाहिए। राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने वाली सरकार घाटे की स्थिति से बाधित है इसलिए इसे नियंत्रित करने की जरूरत होगी। छमाही आधार पर वर्तमान कीमतों पर जीडीपी का सरकारी घटक 9 प्रतिशत बढ़ा जो उपभोक्ता खर्च घटक की तुलना में थोड़ा अधिक है। फिर भी, हम 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के करीब आ रहे हैं इसलिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने की संभावना है जो जीडीपी विकास को अतिरिक्त ताकत प्रदान करेगा।यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।

जहां तक तीसरे सवाल की बात है कि विकास के लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक कैसे पहुंच रहे हैं, हमें सर्वेक्षणों के माध्यम से अधिक सूक्ष्म आर्थिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा बढ़ती रोजगार संख्या और उच्च श्रम बल भागीदारी दर का संकेत दे रहा है। वास्तविक मजदूरी दरों में वृद्धि की पुष्टि करने की आवश्यकता है।चूंकि उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की वर्तमान दर कम है, तो इसका अर्थ है कि भले ही मजदूरी बढ़ रही हो किन्तु श्रमिकों की आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रही है। आरबीआई उपभोक्ता भावना सर्वेक्षण भी एक उपयोगी गाइड है। यहां भी मुद्रास्फीति की उम्मीद कम होने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में बचत का अनुपात बहुत अधिक होता है इसलिए उपभोक्ता खर्च में निरंतर वृद्धि के लिए सभी आय श्रेणियों में विकास के लाभ की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा मुद्दा है जिसे हमें देखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के बारे में आ रहे समाचार बेहतर हो रहे हैं और यह जरूरी है कि आर्थिक नीति यह सुनिश्चित करे कि विकास प्रक्रिया वास्तव में समावेशी हो।

संपादकीय

स्वस्थ परंपरा नहीं

इसमें दो राय नहीं कि संसद पर दो दशक पहले हुए हमले वाले ही दिन दुबारा सूरक्षा चूक का जो मामला सामने आया, उस पर सांसदों की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी। मगर घटना के विरोध में भारी हंगामा भी टाला जाना चाहिए था। निस्संदेह, जनप्रतिनिधि किसी भी समाज के नायक होते हैं और उनके व्यवहार का सीधा प्रभाव समर्थकों व नागरिकों पर भी होता है। वहीं दूसरी ओर 15 विपक्षी सांसदों का शीतकालीन सत्र के लिये निलंबन भी अप्रिय घटनाक्रम ही कहा जाएगा। यह भी हकीकत है कि विपक्ष ने भी सूरक्षा चूक मामले को सरकार को घेरने के एक अवसर के रूप में देखा। यह विडंबना ही कही जाएगी कि हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जहां विपक्षी सांसदों में खासी तल्खी देखी जाती है, वहीं सत्तापक्ष द्वारा भी उसी अंदाज में प्रतिकार होता है। निस्संदेह, इस तरह का व्यवहार स्वस्थ लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों ही जनहित के सरोकारों को लेकर प्रतिबद्ध होते हैं। सत्ता पक्ष का दायित्व जहां आर्थिक विकास व नियोजन का क्रियान्वयन करना होता है, वहीं विपक्ष का दायित्व सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाना होता है। दोनों जनहित में प्रयासरत रहते हैं तो ऐसे में तल्खी, अप्रिय वाद-विवाद तथा निलंबन आदि का औचित्य क्या है? दोनों पक्षों को दुराग्रह से मुक्त होकर सुचारु रूप से सदन चलाना चाहिए। जाहिर बात है कि लोकसभा में विपक्ष के चौदह और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन के निलंबन को टालने का प्रयास करना चाहिए था। अतीत में भी सदन में गर्मागर्मी व तीखी बहसें होती रही हैं लेकिन सत्ता पक्ष अप्रिय टकराव टालने के प्रयास करता रहा है। निस्संदेह, माननीयों के व्यवहार में शालीनता, गरिमा व धैर्य जैसे मानवीय भाव दृष्टिगोचर होने चाहिए। जिससे देश की जनता व विदेश में भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का संदेश जाए।

दरअसल, सूरक्षा चूक के मामले में विपक्ष गृहमंत्री के बयान देने की मांग पर अड़ा था। साथ ही मांग थी कि भाजपा के उस सांसद पर भी कार्रवाई हो, जिसकी अनुशंसा पर आरोपियों को संसद की दर्शक दीर्घा में प्रवेश मिला। बहुत संभव है देर-सवेर सरकार के किसी जिम्मेदार मंत्री द्वारा विपक्ष की मांग पर बयान दिया जाता। वहीं दूसरी ओर उत्तेजित हुए विपक्षी सांसदों को भी जरूरी संयम का परिचय देना चाहिए था। लेकिन आम चुनाव की ओर बढ़ते देश में लोकसभा के आखिरी सत्र में राजनीतिक प्रतिक्रिया के निहितार्थ समझना भी कठिन नहीं है। निस्संदेह, संसद की सुरक्षा एक संवेदनशील मुद्दा है और बाईस साल पहले हुए हमले में हमने बड़ी कीमत चुकायी थी। विश्वास था कि उस घटना से सबक लेकर हमने सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की होगी।

लेकिन येन-केन-प्रकारेण दो युवक संसद की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने में कामयाब हुए। जाहिर है कि देश की संसद की सुरक्षा में खामी रहने से उपजे घटनाक्रम का देश के जनमानस के मनोबल पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में विपक्ष का सुरक्षा चूक मामले में जवाब मांगना तो बनता ही था। लेकिन इस मामले में सुरक्षा व जांच एजेंसियों की पड़ताल के लिये भी समय दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, यह सरकार के सुरक्षा प्रबंधों की विश्वसनीयता का प्रश्न भी है। इस मामले में विपक्ष से भी जवाबदेह व संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की ही जाती है।

इसके बावजूद सतारूढ़ पक्ष द्वारा विपक्षी सांसदों के निलंबन की कार्रवाई को सिर्फ अपवाद स्वरूप ही करना चाहिए। तभी अच्छा संदेश जाएगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सत्ता पक्ष एक परिपक्व व्यवहार का परिचय देता है। बहरहाल, सूरक्षा चूक का मामला कई सबक देकर गया है। सांसदों को दर्शक दीर्घा जाने वाले लोगों को पर्याप्त जांच-पड़ताल के बाद पास देना होगा। निस्संदेह, इस घटनाक्रम ने उन आम लोगों के लिये मुश्किल खड़ी कर दी है जो लोकतंत्र के इस सबसे बड़े मंदिर में कार्यवाही देखने की आकांक्षा रखते हैं। अब उन्हें बेहद कड़ी, जटिल और कई परतों वाली जांच व सुरक्षा से गुजरते हुए दर्शक दीर्घा तक पहुंचने का अवसर मुश्किल से मिल पाएगा।

नेपाल के साथ व्यापार संबंधों में भारत की ढिलाई से चीन को फायदा



भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है।

नेपाल चाहता है कि भारत द्विपक्षीय सड़क विकास परियोजनाओं में सहायता प्राप्तकर्ता देश के रूप में 50 फीसदी भारतीय वस्तुओं के अनिवार्य उपयोग/खरीद की सीमा को घटाकर 30 फीसदी कर दे। नेपाल सरकार (जीओएन) के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले यह मांग उठाई थी, लेकिन भारत ने अभी तक आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। चाहे जो हो, नेपाली अनुरोध को कुछ अन्य हालिया घटनाक्रमों के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।पूर्व हिमालयी साम्राज्य ने पूरी तरह से चीन द्वारा वित्त पोषित होने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिजली आपूर्ति परियोजना को अंतिम रूप दिया है। यह नेपाल के बिजली उत्पादन/आपूर्ति क्षेत्र में पहली चीन-नेपाली द्विपक्षीय परियोजना होगी।इस क्षेत्र में, नेपाल पहले से ही दिल्ली की वित्तीय मदद और विशेषज्ञता के साथ, एक दर्जन बड़े निवेश वाली जलविद्युत उत्पादन परियोजनाओं में भारत के साथ साझेदारी कर रहा है। इनमें से कुछ वर्तमान में निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।जाहिर तौर पर नेपाल अब ऐसे मामलों में एकल-स्रोत निर्भरता को दूर करने के लिए अन्य देशों को भी शामिल करते हुए अपने बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने हेतु अतिरिक्त सहायता का उपयोग करना पसंद करता है।पर्यवेक्षकों का मानना है कि भारत के साथ कभी-कभार होने वाले राजनयिक तनाव और पहली बार एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान 2015 में नेपाल द्वारा झेली गई दुर्भाग्यपूर्ण आर्थिक नाकेबंदी के दौरान इसके कड़वे अनुभव ने देश के नीति निर्माताओं को अपने क्षेत्रीय राजनयिक विकल्पों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति के रूप में, चीन का आर्थिक दबदबा और अन्य दीर्घकालिक लाभों की संभावना इतनी आकर्षक थी कि काठमांडू के वर्तमान सत्ता अभिजात वर्ग द्वारा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था।

चीन की ओर झुकाव को उस नकारात्मक कूटनीतिक कीमत के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है जो भारत को गलत सलाह वाली आर्थिक नाकेबंदी के लिए चुकानी पड़ी है। हालांकि अब तक यह कहने का कोई कारण नहीं है कि चीन ने कूटनीतिक दांव में भारत पर बड़ा स्कोर बना लिया है।हाल के वर्षों में बीजिंग से पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, नेपाल के लोगों ने अक्सर चीन के राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ भ्रष्टाचार, स्थानीय कानूनों के उल्लंघन, अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट का क्षेत्र के निकट नेपाली भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामलों के लिए विभिन्न परियोजनाओं में काम करने वाली चीनी कंपनियों/एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

सबसे पहले प्रस्तावित बिजली परियोजना को लें। नेपाली मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इसके तौर-तरीकों पर अभी भी चर्चा चल रही है, काम पूरा होने में 3 से 4 साल लगेंगे। उत्तर से 5000 मेगावाट तक की आपूर्ति को संभव करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें बिछाई जायेंगी, 16 किलोमीटर नेपाल के भीतर और बाकी चीन से होकर। इसे जिरोंग-केरुंग-रसुगावाधी-चिलाइम 220 केवी ट्रांसमिशन योजना कहा जाता है। चीन यह धनराशि एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रदान करेगा।

नेपाली प्रधानमंत्री पी.के. दहल की चीन यात्रा के बाद, इस वर्ष सितंबर में परियोजना के पहले संक्षिप्त विवरण को रेखांकित करने वाला एक संयुक्त द्विपक्षीय बयान जारी किया गया था। नेपाल में चिलीम हब में एक सबस्टेशन बनाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यदि आवश्यक हो, तो बढ़ती नेपाली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मामूली पैमाने पर भी तत्काल आपूर्ति शुरू की जा सके।

इस बीच, विस्तृत द्विपक्षीय सड़क/राजमार्ग विकास परियोजनाओं आदि को पूरा करने के लिए आवश्यक कम से कम 50 फीसदी भारतीय-स्रोत वाली वस्तुओं की अनिवार्य खरीद को कम करने के लिए नेपाल के भारत से अनुरोध, इस साल की शुरुआत में आधिकारिक वार्ता के बाद दिल्ली ने बांग्लादेश के लिए हाल ही में रियायत की अनुमति दी थी। भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय सामग्री-खरीद आवश्यकताओं को 75 फीसदी पर रखा गया था। यहां तक कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने कम से कम 50 फीसदी की कटौती की मांग की थी। इसे अब दिल्ली द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है, जिससे बांग्लादेश सरकार, विभिन्न ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है। भारत ने अगले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जाने वाली ऐसी परियोजनाओं में लगभग 1 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।जहां तक नेपाल का सवाल है, भारत से इसी तरह की राहत की मांग करने वाले शुरुआती अनुरोध 2014 से किये गये थे और अंततः भारतीय सामग्री खरीद आवश्यकताओं को 75 से घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया था।

अब जब भारत राजमार्ग/सड़क संबंधी विकास परियोजनाओं में शामिल हो गया है, जिनका कार्यान्वयन मध्यम अवधि से आगे बढ़ जायेगा, जिसमें कम से कम 1.65 अरब डॉलर का खर्च आयेगा, तो नेपाल में यह सुनिश्चित करने का दबाव बढ़ रहा है कि प्रक्रियात्मक और अन्य देरी को न्यूनतम रखा जाये।वैसे भी, बार-बार आने वाले भूकंप, भूस्खलन और मानव नियंत्रण से परे अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण, नेपाल को अधिकांश बुनियादी ढांचा-संबंधित विकास परियोजनाओं में बड़ी लागत वृद्धि से निपटना पड़ता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील उच्च हिमालयी क्षेत्र अपने आप में किसी भी विकासात्मक गतिविधि के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।कुछ द्विपक्षीय परियोजनाओं में काम पहले ही शुरू हो चुका है, ठेकेदार और संबंधित एजेंसियां मुख्य रूप से खरीदी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों के निर्धारण के कारण भारत की ओर से होने वाली असामान्य देरी की शिकायत कर रही हैं। अक्सर शुरू में निर्धारित किये गये लागत बाजार में उतार-चढ़ाव और भारतीय कानूनों में बदलाव के कारण बढ़ जाते हैं और फिर इसे पुनः बातचीत के बाद संशोधित करने की आवश्यकता होती है। इससे नेपाल में चल रहे निर्माण और अन्य कार्यों में लंबी देरी होती है।कुछ मामलों में नेपाल में घरेलू आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से उचित मूल्य पर वस्तुओं की तत्काल खरीद की अनुमति देकर ऐसी समस्याओं का बहुत सरल और समय पर समाधान निकाला जा सकता है। काठमांडू स्थित सूत्रों का सुझाव है कि यह एक बड़ी मदद होगी, अगर भारत नेपाल स्थित परियोजनाओं के लिए घरेलू वस्तुओं की अनिवार्य बिक्री को 50 प्रति शत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमत हो जाये।

वास्तु-दोष से निपटने के लिए सबसे पहले दिशा-ज्ञान होना जरूरी है। ऐसा होने पर आप खुद समझ जाएंगे आप कहां गलत हैं और कहां सही...

सुख-समृद्धि के लिए दिशा ज्ञान जरूरी

घर में कौन-सा सामान कहां रखें? कहीं कबाड़ का इस दिशा में होना नुकसानदेह तो नहीं! किचन किस दिशा में हो, टॉयलेट का फलां दिशा में होना अशुभ तो नहीं? दिशा से जुड़े इस तरह के सवाल आपको परेशान करते हैं? वास्तु-दोष से निपटने के लिए सबसे पहले दिशा-ज्ञान होना जरूरी है। ऐसा होने पर आप खुद समझ जाएंगे आप कहां गलत हैं और कहां सही। जानिए और आज ही अपने घर के इंटीरियर को बदलकर शुरू कर दीजिए पॉजिटिव नतीजे पाना...

उत्तर दिशा - उत्तर दिशा के अधिष्ठित देवता कुबेर हैं जो धन और समृद्धि के द्योतक हैं। ज्योतिष के अनुसार बुद्ध ग्रह उत्तर दिशा के स्वामी हैं। उत्तर दिशा को मातृ स्थान भी कहा गया है। इस दिशा में स्थान खाली रखना या कच्ची भूमि छोड़ना धन और समृद्धि कारक है।

पूर्व दिशा - पूर्व दिशा के देवता इंद्र हैं। आत्मा के कारक और रासृष्टि प्रकाश सूर्य पूर्व दिशा से उदय होते हैं। पूर्व दिशा पितृस्थान का द्योतक है। इस दिशा में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। पूर्व दिशा में खुला स्थान परिवार के मुखिया की लम्बी उम्र का प्रतीक है।

पश्चिम दिशा - वरुण पश्चिम दिशा के देवता है और ज्योतिष के अनुसार शनिदेव पश्चिम दिशा के स्वामी हैं। यह दिशा प्रसिद्धि, भाग्य और ख्याति का प्रतीक है।

दक्षिण दिशा - यम दक्षिण दिशा के अधिष्ठित देव हैं। दक्षिण दिशा में वास्तु के नियमानुसार निर्माण करने से सुख, सम्पन्नता और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

ईशान कोण - पूर्व और उत्तर दिशाएं जहां पर मिलती हैं उस स्थान को ईशान कोण की संज्ञा दी गई है। यह दो दिशाओं का सर्वोतम मिलन स्थान है। यह स्थान भगवान शिव और जल का स्थान भी माना गया है। ईशान को सदैव स्वच्छ और शुद्ध रखना चाहिए। इस स्थान पर जलीय स्रोतों जैसे कुंआ, बोरिंग वगैरह की व्यवस्था सर्वोतम परिणाम देती है। पूजा स्थान के लिए ईशान कोण को विशेष महत्व दिया जाता है। इस स्थान पर कूड़ा करकट रखना, स्टोर, टॉयलट वगैरह बनाना वर्जित है।

आग्नेय कोण - दक्षिण और पूर्व के मध्य का कोणीय स्थान आग्नेय कोण के नाम से जाना जाता है। नाम से ही साफ हो जाता है कि यह स्थान अग्नि देवता का प्रमुख स्थान है इसलिए रसोई या अग्नि संबंधी (इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि) के रखने के लिए विशेष स्थान है। शुक्र ग्रह इस दिशा के स्वामी हैं। आग्नेय का वास्तुसम्मत होना निवासियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

नैऋत्य कोण - दक्षिण और पश्चिम दिशा के मध्य के स्थान को नैऋत्य दिशा का नाम दिया गया है। इस दिशा पर निरूति या पूतना का आधिपत्य है। ज्योतिष के अनुसार राहू और केतु इस दिशा के स्वामी हैं। इस क्षेत्र का मुख्य तत्व पृथ्वी है। पृथ्वी तत्व की प्रमुखता के कारण इस स्थान को ऊंचा और भारी रखना चाहिए। इस दिशा में गड्ढे, बोरिंग, कुंए इत्यादि नहीं होने चाहिए।

वायव्य कोण - उत्तर और पश्चिम दिशा के मध्य के कोणीय स्थान को वायव्य दिशा का नाम दिया गया है। इस दिशा का मुख्य तत्व वायु है। इस स्थान का प्रभाव पड़ोसियों, मित्रों और संबंधियों से अच्छे या बुरे संबंधों का कारण बनता है। वास्तु के सही उपयोग से इसे सदोपयोगी बनाया जा सकता है।

घर में सुख शांति और धन लाभ हेतु चमत्कारी उपाय

क्या आपके घर में कलह क्लेश का माहौल रहता है? क्या घर में झगड़ों की वजह से आपका चित्त अशांत रहता है? घर में पैसों का अभाव रहता है? यदि ऐसा है तो कहीं न कहीं आपके घर का वास्तु ठीक नहीं है। घर में सुख शांति और धन लाभ हेतु चमत्कारी उपाय

- प्रतिदिन गणेश पूजन करें और मोदक का भोग लगाएं।
- नवग्रह शांति पूजा, वास्तु पुरुष की पूजा, नवचंडी यज्ञ, शांतिपाठ, अग्नि होत्र यज्ञ अपनी क्षमता अनुसार करवाते रहें।
- वास्तु पुरूष की मूर्ति, चांदी का नाग, तांबे की तार, मोती और पौला को थोड़ी सी लाल मिट्टी के साथ लाल कपड़े में डाल कर पूर्व दिशा में रखें।
- लाल रेती, काजू, पौला को लाल कपड़े में बांध कर मंगलवार के दिन पश्चिम दिशा में रख दें और रोजाना उसकी पूजा करें तो घर में शांति का माहौल बना रहता है।
- घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा कटी हो अथवा पारिवारिक सदस्यों में मतभेद रहते हो तो घर में पितृशांति, पिंडदान, नागबली, नारायण बली करवाएं।
- प्रत्येक सप्ताह में पड़ने वाले सोमवार को और महीने में आने वाली अमावास्या के दिन रुद्री करें।
- भंडार घर को हमेशा भर कर रखने से घर में सकरात्मकता आती है।
- हर साल ग्रह शांति करवाने से पापों का क्षय होता है।
- परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ खींचा हुआ चित्र किसी उपयुक्त स्थान पर लगाना चाहिए। ध्यान रहें कि सभी सदस्य प्रसन्न मुद्रा में मुस्कराते हुए दिखाई दें। यह चित्र दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं।

जीवन में आकर्षण निर्धारित करना चाहते हैं तो...

बांस का पौधा फेंग शुई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सौभाग्य के लिए लम्बी आयु का होना आवश्यक है। बांस का पौधा लम्बी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। भाग्य के लिए बांस के पौधे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भरपूर वृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पौधा अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। यह अच्छे भाग्य का भी संकेत देता है। आफिस या दुकान के मुख्य द्वार के ऊपर बांस के दो टुकड़े छ इंच या नौ इंच के लाल रिबन में बांध कर टांग सकते हैं। बांस के टुकड़े के दोनों सिरे खुले होने चाहिए। इससे व्यवसाय प्रतीकात्मक रूप में बांस के पौधे की भांति संकट काल में स्थिर रहेगा तथा अनुकुल समय आने पर खुब समृद्ध होगा। बांस का पौधा ऊर्जा के संयंत्र घर और जीवन में आकर्षण निर्धारित करता है। बागान में जितने अधिक डंठल का पौधा होगा। जातक को उतनी अच्छी किस्मत और भाग्य का आशीर्वाद मिलेगा। लकी लॉग बांस समृद्धि से भरा है और मजबूत जीवन का प्रतीक है। बहुत से लोग उपहार, जन्मदिन, वर्षगांठ, भव्य उद्घाटन, पुरस्कार, उपलब्धियों और अन्य शुभ अवसरों पर बांस का पौधा उपहार के रूप में देते हैं। उपहार प्राप्त करने वाले का भाग्य चमकने लगता है। आप अपने घर में सद्भाव को प्राप्त करने के लिए भाग्यशाली बांस का उपयोग कर सकते हैं।

घर में ईश्वरीय शक्तियों के प्रवेश से खोलें किस्मत का ताला

सनातन धर्म में व्रत व पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। यह हमारे रीति-रिवाज व परंपरा के द्योतक है। पूजा-पाठ करने से पूर्व सिर पर पल्लू, हाथों में पूजन सामग्री और समर्पण भाव से झुकी हुई आंखें रखना हमारी विरासत है, जिसकी जिम्मेदारी विशेष रूप से घर की महिलाएं संभालती हैं।

जब आप किसी कारणवश मानसिक रूप से कमजोर पड़ जाते हैं अथवा घर में क्लेश, रोग या आर्थिक तंगी से परेशान होते हैं तो उस समय जादू टोने तंत्र मंत्र में पड़ने से बेहतर है भगवान की शरण में जाएं। पूजा-पाठ से समस्त कार्यों के अच्छा होने की उम्मीद जाग जाती है। भक्ति में बड़ी शक्ति है अवश्यकता है तो केवल विश्वास रखने की। यही विश्वास घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच पूजन करने को विवश करता है। जब किसी भौतिक समस्या का निदान हम अपने प्रयासों से नहीं ढूंढ़ पाते तब पूजा-पाठ ही आखिरी रास्ता बचता है। यह महज धारणा नहीं, बल्कि हकीकत है। घर में देवालाय वास्तु शास्त्र के अनुरूप हो तो अत्यन्त शुभ फल प्रदान करता है और देवालाय के माध्यम से आपकी किस्मत का ताला भी खुल जाता है। देवालाय पूर्वी या उत्तरी ईशान कोण में बनाएं क्योंकि ईश्वरीय शक्तियां ईशान कोण से प्रवेश करती हैं और नैऋत्य कोण पश्चिम-दक्षिण से बाहर निकलती है। इसका एक हिस्सा शरीर द्वारा ग्राह्य बायोशक्ति में बदलकर जीवनोपयोगी बनता है। वास्तुशास्त्र प्रकृति से पूर्ण लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था करता है न कि भाग्य को बदलने की। पूजा-पाठ करते समय जातक का मुंह पश्चिम दिशा में होना शुभ फलदायी होता है इसके लिए पूजा स्थल का द्वार पूर्व की ओर होना चाहिए। शौचालय तथा पूजा घर पास-पास नहीं होना चाहिए। जब भी आपका मन अशांत हो, यहां आकर आप नई ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं। कर्मों का फल शुभाशुभ जैसा भी हो हमें भोगना अवश्य पड़ेगा। इतना है कि सुकर्म कष्ट को कम कर देते हैं।

रसोई होगी समृद्धशाली तो घर में आएगी खुशहाली

घर की रौनक होती है रसोई। गृह लक्ष्मी का भी ज्यादातर समय रसोई में ही बीतता है। ऐसे में रसोई का वास्तु के अनुसार होना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से होता है। स्वच्छ चित्त, प्रसन्न मन और सर्वोत्तम आहार सभी में रसोई की अपनी भूमिका होती है। रसोई बनाने से पहले वास्तु के अनुसार आदर्श स्थान दक्षिण-पूर्व कोना (आग्रेय कोण) होता है। दूसरे स्थान के रूप में उत्तर-पश्चिम या वायव्य कोण में भी रसोई का निर्माण किया जाए तो अच्छा रहता है। दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ईशान कोण एवं नैऋत्य कोण रसोई के लिए वर्जित होते हैं। रसोई में गैस सिलैंडर और चूल्हा स्थापन इस प्रकार होना चाहिए कि खाना बनाने वाले का चेहरा पूर्व की तरफ हो। साथ ही प्लेटफार्म उत्तर एवं पूर्व की दीवार में एकदम न लगता हों।

जल और अग्नि साथ-साथ न हों इसके लिए बर्तन धोने का सिंक और पानी के नल चूल्हे से दूर होने चाहिएं। रसोई घर में अवन इत्यादि बिजली उपकरण अग्नि कोण में होने चाहिएं। फ्रिज दक्षिण-पश्चिम में तथा एग्जॉस्ट फैन ईशान कोण में होना चाहिए। गैस चूल्हे के ऊपर सामान रखने के लिए अलमारियों का निर्माण नहीं करवाना चाहिए। हवा का आवागमन सुगमता से हो सके, इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। रसोई घर की दीवार से सटा कर, इसके ऊपर या नीचे टॉयलैट नहीं होना चाहिए। रसोई घर के एकदम मध्य में बैठकर कभी भी भोजन नहीं करना चाहिए साथ ही रसोई घर का चूल्हा बाहर बैठे व्यक्ति को दिखाई नहीं देना चाहिए। रसोई के ऊपर या नीचे सोने का कमरा या पूजा कक्ष न हो, इसका भी ध्यान रखना जरूरी है। रसोई के उत्तर-पूर्व की ओर हल्के सामान का भंडारण करें, जबकि दक्षिण और पश्चिम की ओर भारी वस्तुओं का।

कैसे पहचानें किस कारण से हो रहे हैं मुहांसे?

मुंहांसों की समस्या से ज्यादातर युवा परेशान रहते हैं। छुटकारा पाने के लिए कई तरह के इलाज भी कराते हैं, पर मनचाहा फायदा नहीं होता। मुंहासे होने की कई वजहें हो सकती हैं, उन्हें जानकर ही उपचार करवाएं। जानकारी दे रहा है आलेख। हमारी त्वचा तीन परतों से बनी है। सबसे ऊपरी परत कुछ-कुछ समय बाद बदलती रहती है। ऐसा मृत त्वचा के झड़ जाने से होता है। यह प्रक्रिया चलती रहती है। उसके नीचे वाली परतों में नसें, रक्त नलिकाएं, तेल एवं पसीने की ग्रंथियां तथा हेयर फोलिकल (रोमकूप) होते हैं। सबसे नीचे वाली परत वसा कोशिकाओं से बनी होती है। सही ध्यान नहीं रखने पर तेल ग्रंथियां और मृत त्वचा रोमकूपों में रुकावट पैदा करती हैं, जिससे नई परत बाहर नहीं निकल पाती। वहां त्वचा फूलकर दानों का रूप ले लेती है, जिसे मुंहासे कहते हैं। मुंहासे दो प्रकार के होते हैं। एक, छोटे-छोटे सफेद दाने होते हैं, जिनमें मवाद भर जाता है। दूसरे, लाल रंग के दाने होते हैं, जो ज्यादातर सूखी त्वचा वालों को होते हैं। मुंहासे कई कारणों से हो सकते हैं। हार्मोन में असंतुलन होने पर मुंहासे निकलते हैं। इसके लिए खान-पान और जीवनशैली में सुधार जरूरी होता है। महिलाओं में पहले की तुलना में पीसीओडी और थायरॉएड के मामले बड़े हैं।

माहवारी चक्र का सही नहीं होना भी मुंहासों का एक कारण होता है। गर्भावस्था के बाद भी कुछ महिलाओं में मुंहासे निकलते हैं। चेहरे पर बहुत अधिक धूप पड़ना भी मुंहासे के खतरे को बढ़ाता है। एक कारण शरीर में इंसुलिन ज्यादा बनना भी होता है, जिसके बारे में कम लोग ही जानते हैं। इसका मतलब यह है कि हमारे खानपान का हमारे मुंहासों से सीधा संबंध है, जिन्हें मुंहासे अधिक निकलते हैं, उन्हें हाई ग्लाइसेमिक खाना नहीं खाना चाहिए। ये वे चीजें होती हैं, जिनमें कार्बोहाइड्रेट बहुत ज्यादा होता है। हाई ग्लाइसेमिक भोजन सफेद ब्रेड, नान और मैदे से बनी चीजें 'स्टार्चयुक्त सब्जियां जैसे आलू' छोटे व मोटे चावल 'पाश्ता, नूडल, बर्गर आदि जंकफूड' दूध या दूध से बनी चीजें 'केक, पेस्ट्री, बिस्कुट, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक फलों में तरबूज।

लो ग्लाइसेमिक भोजन लोः ग्लाइसेमिक भोजन में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम और पोषक तत्व अधिक होते हैं। जैसे-ब्राउन ब्रेड, ओट्स व मछली बासमती और सेला चावल हरी पत्तेदार सब्जियां सरसों का तेल, राइस ब्रान तेल, जैतून का तेल, नारियल तेल, घी आदि बादाम, काजू, खुबानी आदि मेवे फलों में सेब, स्ट्राबेरी, अमरूद आदि डेयरी उत्पादों की भूमिका भारत में 75 प्रतिशत लोग दूध को ठीक ढंग से नहीं पचा पाते। ऐसे लोग डेयरी उत्पाद का सेवन अधिक करते हैं तो उन्हें अपच होने लगता है, जिससे उन्हें मुंहासे निकलने लगते हैं। चेहरे पर बहुत अधिक मुंहासे हो रहे हैं तो कुछ समय के लिए दूध या दूध से बने पदार्थों का सेवन बंद करके देखें। अगर मुंहासों की समस्या कम होती दिखे तो आगे से अपने आहार में डेयरी उत्पादों की मात्रा कम ही रखें। सोया मिल्क, नारियल दूध, बादाम का दूध ले सकते हैं।

खाने में जिंक व आयरन युक्त चीजें जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, अनार आदि आहार में शामिल करें। विटामिन-सी त्वचा के लिए अच्छा होता है, इसके लिए खट्टे वर्ग के फल एवं सब्जियां खाएं। विटामिन ए, डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त चीजें लें। मछली एवं अखरोट में ओमेगा-3 खूब होता है। पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिएं। जबड़े वाला हिस्सा जब लिवर ढंग से काम नहीं कर रहा हो तो जबड़े वाले हिस्से में मुंहासे निकलने लगते हैं। इसके लिए डॉक्टर से भी सलाह ले सकते हैं।

इम्यूनिटी पर पड़ रहा है प्रदूषण का असर, अपनाएं आयुर्वेदिक नुस्खे

आम जिंदगी पर बढ़ते प्रदूषण का असर आज हर किसी के लिए परेशानी का सबसे बड़ा सबब बना हुआ है। आज दुनियाभर में लोग इस समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देशभर में हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य औद्योगिक आपदा के प्रबंधन और नियंत्रण के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाना, साथ ही हवा, पानी और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाना और उनमें होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए अलग-अलग तरह से समाज में जागरूकता फैलाना है।

इसके अलावा हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस उन लोगों की याद और सम्मान में भी मनाया जाता है, जिन्होंने भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवा दी थी। यूं तो प्रदूषण व्यक्ति के शरीर पर कई तरह से बुरा असर डालता है, लेकिन प्रदूषण का सबसे ज्यादा बुरा असर व्यक्ति की इम्यूनिटी पर पड़ता है। तो आइए इस खास मौके पर जानते हैं प्रदूषण के प्रकोप से कैसे खुद को बचाते हुए मजबूत बनाएं अपनी इम्यूनिटी। ये आयुर्वेद और यूनानी पद्धति के नुस्खे आपको स्वस्थ रखने के साथ प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से भी बचाने में आपकी मदद करेंगे।

आंखों की सेहत के लिए

आंखों में गुलाब जल डालें: प्रदूषण के कारण आंखों में जलन होती है। इसके लिए रोजाना सोने से पूर्व आंखों में अर्क गुलाब जल की दो-दो बूंदे डालें।

गले में इंफेक्शन

गले में इंफेक्शन एवं नजला खांसी से बचने के लिए शहद, अदरक, कालीमिर्च और जराकुस के पत्तों की चाय बनाकर पिएं।

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए

प्रदूषण के कण इम्यून सिस्टम पर सीधा वार करते हैं। इससे बचने के लिए डाइट में हरा आंवला शामिल करना काफी उपयोगी होता है। इसकी चटनी, सब्जी और मुरब्बा खाने से फायदा होगा।

बॉडी को करें डिटॉक्स

बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं।

सर्दी-जुकाम से बचने के लिए

अदरक और शहद को साथ में लेने से सर्दी-जुकाम से बचा जा सकता है।

कॉर्न बिरयानी

सामग्री

■ कॉर्न: डेढ़ कप ■ बासमती चावल: 3 कप ■ बड़े प्याज: लंबाई में कटे 2 ■ 3 बारीक कटे टमाटर ■ अदरक-लहसुन का पेस्ट: 2 टीस्पून ■ 6 बारीक कटी हरी मिर्च ■ तेल: 4 टेबलस्पून ■ घी: 4 टेबलस्पून ■ दही: 200 ग्राम ■ पानी: 750 मिली ग्राम ■ नमक: स्वादानुसार ■ मिर्च पाउडर: 2 टीस्पून ■ हल्दी पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ बारीक कटा हरा धनिया: 1/4 कप ■ मिंट की पत्तियां : 1/4 कप ■ दालचीनी: 2 टुकड़े ■ 5 लौंग ■ 3 इलायची

विधि

आधे घंटे के लिए चावल को पानी में भिगोकर रख दें। पानी निकालने के बाद चावल को अलग रख दें। भारी तले वाले बर्तन में तेल और घी को एक साथ गरम करें। उसमें दालचीनी, इलायची और लौंग को फ्राई करें। उसमें प्याज को भूरा होने तक भूनें। उसके बाद उसमें टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाएं। अब उसमें हरी मिर्च, धनिया और मिंट की पत्तियां डालें। मक्के के दानों के साथ उसमें हल्दी, मिर्च, दही और नमक मिलाकर गाढ़ी ग्रेवी तैयार कर लें। इस ग्रेवी में पानी और चावल मिलाकर प्रेशर कुकर में पका लें। धनिया की पत्तियों से गार्निश कर सर्व करें।

मकई का चीला

सामग्री

- स्वीट कॉर्न: 1 कप
- 1 प्याज
- रिफाइन्ड ऑयल: 1 चम्मच
- नमक: स्वाद के अनुसार
- 1 कटी हुई मिर्च
- बेसन: 2 चम्मच
- अदरक: आधा चम्मच

विधि

इस स्वादिष्ट ब्रेकफास्ट को बनाने के लिए सबसे पहले ग्राइंडर में स्वीट कॉर्न को पीसकर पेस्ट बना लें। आपको एक गाढ़ा मिक्चर बनाना है। इसके बाद इस मिक्चर को एक बर्तन में निकाल लें। उस बर्तन में मकई, बेसन, कटी हुई मिर्च, कटा हुआ प्याज, नमक और घिसी हुई अदरक मिला लें। इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाते हुए सबको अच्छे से मिला लें। एक पैन को गैस पर रखकर गर्म करें और उसमें 3-4 बूंद तेल डालें। इस पर बैटर को डालकर गोल शेप (डोसा की तरह) बना लें। इसे दोनों तरफ अच्छे से सेकें। आप इसे चटनी के साथ ट्राई कर सकते हैं। इसके साथ ही आप इसे चेरी या पुदीने से सजा सकते हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

काकुरो पहेली - 2680



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 2679 का हल



हंसी के फूव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.

दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?

पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

□ □ □

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूँ. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.

प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

□ □ □

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'

बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'

□ □ □

अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

□ □ □

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.

नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.

फिल्म वर्ग पहेली- 2680



बायें से दायें:-

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

ऊपर से नीचे:-

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2679

सूडोकु -2680

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2679 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

शब्द पहेली - 2680



बाएँ से दाएँ

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -2679 का हल

श्रीनगर में पुलिसकर्मी पर हमले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया

श्रीनगर। श्रीनगर के बेमिना इलाके में एक पुलिसकर्मी पर हमले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गए हैं। श्रीनगर में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बताया कि तीनों ने हमले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है, जो उनके पाकिस्तान स्थित हैंडलर के इशारे पर किया गया था। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को बेमिना के हमदानिया कॉलोनी इलाके में आतंकवादियों ने मोहम्मद हफीज चक नाम के एक पुलिसकर्मी पर गोली चला दी थी। हमले में चक घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें पास के एसकेआईएमएस बेमिना ले जाया गया और बाद में बादामी बाग में आर्मी बेस अस्पताल में रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान तकनीकी सबूतों से मिली जानकारी के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और लगातार पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त हमले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान हमदानिया कॉलोनी निवासी इम्तियाज अहमद खांडे, दानिश अहमद माला और ख्वाजापोरा सैदापोरा रैनावारी श्रीनगर निवासी मेहनान खान के रूप में की गई है।

प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर को उनके शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी का अद्वितीय बलिदान मानवता को अखंडता और करुणा के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आज, हम साहस और शक्ति के प्रतीक श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद करते हैं। स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के लिए उनका अद्वितीय बलिदान आज भी गूंजता है। मानवता को अखंडता और करुणा के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है। एकता और धार्मिकता पर जोर देने वाली उनकी शिक्षाएं भाईचारे और शांति की खोज में हमारा मार्ग प्रशस्त करती हैं।

ग्वालियर से लिपुलेख तक की छह लेन की रोड की जाए : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ग्वालियर से लिपुलेख तक की सड़क को छह लेन करने की मांग की है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया की साइट एक्स पर लिखा है कि जब चीन की घुसपैठ पर देश की सुरक्षा के लिए सुझाव मांगे गए तो समाजवादी पार्टी ने यह सुझाव दिया कि सैन्य-आपातकाल में शीघ्रातिशीघ्र सैनिक और सैन्य सामग्री भेजने के लिए ग्वालियर से लिपुलेख तक एक छह लेन सड़क मार्ग बनाया जाए।लेकिन बात चार लेन से होते हुए सिंगल लेन पर पहुंच गयी। आने-जाने के सिंगल-सिंगल लेन से तत्काल सैन्य आपूर्ति कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। इस मार्ग से देश की सुरक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति के 'मानसरोवर' के दर्शन का मार्ग भी सुगम होगा। इसीलिए भाजपा सरकार इस पर पुनर्विचार करे, राजनीति नहीं।

ऊर्जा प्रदेश को सौर ऊर्जा से रोशन करने का सपना अधूरा, नहीं बन पाई महंगी बिजली के दर्द की दवा

देहरादून। प्रदेश में अपार संभावनाओं और कवायदों के बावजूद सौर ऊर्जा आज तक महंगी बिजली के दर्द की दवा नहीं बन पाई हैं। आज तक की सभी कवायदें इस ख्वाब को धरातल तक नहीं पहुंचा पाई। नतीजतन सस्ती बिजली की हसरत अधूरी है। अब तक की कवायदों के बावजूद इतनी बिजली नहीं मिल पा रही, जिससे बाजार की खरीद से मुक्ति मिल सके। दरअसल, प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक ओर जहां यूपीसीएल के माध्यम से सोलर रूफ टॉप योजना चल रही है, जिसमें अपने घर की बिजली खपत के बराबर उत्पादन घर पर किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी बोले- तीसरे कार्यकाल में टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स मोदी की गारंटी का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब मोदी ने देश को गारंटी दी है कि अपनी तीसरी पारी (कार्यकाल) में भारत दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में विश्व डायमंड कांफ्रेंस में उन्होंने विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) बनाने का सपना सामने रखा था। अब सूरत डायमंड बोर्स के माध्यम से यह सपना साकार हुआ है। इसे मोदी की गारंटी से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पिछले दो कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। उनकी गारंटी है कि अगले कार्यकाल में यह 5वें से तीसरे पायदान पर

होगी। इसमें एक्सपोर्ट का बड़ा योगदान होने वाला है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने सूरत डायमंड और आभूषण उद्योग को अपना निर्यात लक्ष्य बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा, आजकल आप सभी 'मोदी की गारंटी' की चर्चा खूब सुनते होंगे। हाल के दिनों में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है, लेकिन सूरत के लोग तो 'मोदी की गारंटी' को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के परिश्रमी लोगों ने 'मोदी की गारंटी' को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये 'सूरत डायमंड बोर्स' भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत का डायमंड उद्योग पहले से ही 8 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। अब सूरत डायमंड बोर्स से भी 1.5 लाख को रोजगार मिलने वाला है। कभी सूरत की पहचान 'सन सिटी' की थी। यहां के लोगों ने अपने परिश्रम से इसको डायमंड सिटी बनाया, सिल्क सिटी बनाया। आप सभी ने और मेहनत की और सूरत ब्रिज सिटी बन गया। आज लाखों युवाओं के लिए सूरत ड्रीम सिटी है और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि डायमंड बोर्स अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा।

अमीर के निधन पर हरदीप पुरी विशेष दूत के रूप में जाएंगे कुवैत

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भारत सरकार और देश के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में कुवैत जाएंगे। शनिवार को कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा का निधन हो गया था। केंद्रीय मंत्री पुरी नए अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत संवेदना पत्र सौंपेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत शोक की इस घड़ी में कुवैत के नेतृत्व और लोगों के साथ एकजुट है। शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन से कुवैत ने एक दूरदर्शी नेता खो दिया है। दिवंगत अमीर के नेतृत्व में भारत और कुवैत ने घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे। वह दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते रहे। कुवैत में बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय उनको याद करेगा।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन के बाद केंद्र सरकार ने पूरे देश में राजकीय शोक की घोषणा की थी। दिवंगत नेता के सम्मान में आज देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

वायु सेना के नए अधिकारी परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डंडीगल (तेलंगाना) वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की। परेड में शामिल 25 महिलाओं सहित 213 फ्लाइट कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में शामिल किया गया। राजनाथ सिंह ने उनसे आग्रह किया कि वे नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के साथ निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं। भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित करने के लिए आज डंडीगल (तेलंगाना) की वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) हुई। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ

सिंह ने की, जिन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन भी प्रदान किया। स्नातक अधिकारियों में 25 महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया। भारतीय नौसेना के आठ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उड़ान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से सशस्त्र बलों में परंपरा को उचित महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें बहती नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी।

हमेशा देश को अस्थिर और बदनाम करते हैं टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी : गिरिराज सिंह

बेगूसराय। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद पर हमले को लेकर राहुल गांधी पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने रविवार को कहा है कि संसद पर हुए हमले जैसे संवेदनशील मुद्दे को राहुल गांधी भ्रष्टाचार और महंगाई से जोड़ रहे हैं। इस मामले में राहुल गांधी का देर से बयान आया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर पहले अपने लोगों से बुलवा लिया। तब ज्ञान बांट रहे हैं। राहुल गांधी तो ऐसे लोग हैं जो कभी जेएनयू जाकर अफजल की बरखी पर समर्थन करते हैं, तो कभी टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़ा रहते हैं। देश को अस्थिर करने और नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने के लिए हमेशा काम किया है। किसान आंदोलन का जिस तरह से परत दर परत खुला, उसी तरह से संसद पर हुए हमले का भी परत दर परत खुलेगा। उसके बाद राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग

के साथ खड़े देखेंगे, अफजल के सहयोगी के साथ दिखेंगे। क्योंकि वह तो कभी देश हित में खड़े दिखे ही नहीं। मोदी को बदनाम करते-करते अब देश को बदनाम कर रहे हैं। किसान आंदोलन में उनके टूल किट कनेक्शन का खुलासा हुआ था। उसी तरह संसद पर हुए हमले में भी बहुत सारी चीज सामने आएगी। राजद द्वारा संसद पर हुए हमले को भाजपा की साजिश बताए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद के ज्ञान पर कुछ भी कहना मुश्किल है। जल्द ही राजद के नेताओं को पता चल जाएगा कि यह राजद की साजिश है या किसी अन्य की। इसके साथ ही गिरिराज सिंह ने मंदिरों में बलि प्रथा बंद करवाने की मांग करने वालों एवं सड़क किनारे मांस बेचे जाने का विरोध करते हुए हिंदुओं से अपील किया है कि हलाल वाला नहीं, झटका वाला मांस खाओ। उन्होंने कहा कि देश में हिंदू धर्मावलंबी कई चीजों पर पुनर्विचार करते रहे हैं। श्याम मंदिर में बलि प्रथा बंद किया जाना, कमेटी का निर्णय है।

दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा भारत : जगदीप धनखड़

लखनऊ। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के राजाजीपुरम में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। आज अटल जी होते तो वह देख पाते कि भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। आज दुनिया हमारा लोहा मान रही है। आने वाले पांच साल में जापान और जर्मनी को हम पीछे छोड़ देंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी बहुत याद आते हैं। अटल जी सिद्धांतों पर अटल

रहे। मैं जब केंद्र में मंत्री था, मुझे यूरोप की संसद में जाने का अवसर मिला। मुझे 15 दिनों तक अटल जी का सानिध्य मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। इस कदम से दुनिया आश्चर्यचकित है। अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व मिलेगा। यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है। यह आरक्षण सामाजिक न्याय का प्रतीक है। धनखड़ ने कहा कि आज की जो शासन व्यवस्था है उसकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। उसका महत्व आज लोगों को समझ में आ रहा है। हम स्वस्थ रहें, यह बहुत आवश्यक है। आपके अंदर कितनी भी प्रतिभा हो अगर आप स्वस्थ नहीं रहेंगे तो कुछ कर नहीं पाएंगे। स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपको खुश रहना है तो स्वस्थ रहें। आयुष्मान भारत, हर घर में शौचालय की सोच हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। भारत जैसे विशाल देश में क्या हर घर में शौचालय हो पाएगा। अटल जी का सपना आज पूरा किया जा रहा है। अटल जी कहते थे कि दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे।

अजमेर में डिवाइडर से टकराई कार बनी आग का गोला, तीन दोस्त जिंदा जले

अजमेर। राजस्थान के अजमेर शहर में लोहागल रोड पर पेट्रोल पंप के पास शनिवार रात करीब 11:30 बजे तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद आग का गोला बन गई। हादसे में तीन दोस्तों की जिंदा जलने से मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। क्रिश्चियनगंज थाना प्रभारी रविंद्रसिंह खींची ने बताया कि हादसे में चौरसियावास निवासी सोहेल खान, वैशाली नगर निवासी जय सांखला और कबीर नगर निवासी शक्ति सिंह की मौत हुई है। कबीर सिंह और जय सांखला कार में ही जिंदा जल गए, जबकि सोहेल खान ने हॉस्पिटल ले जाते समय दम तोड़ा। लोहाखान निवासी कृष्णा मुरारी और गुर्जर धरती निवासी उमेश कुमार गंभीर झुलस गए। उमेश को जयपुर रेफर किया गया है। बताया गया है कि कार सवार जेएलएन हॉस्पिटल का वार्ड ब्वाय प्रतापनगर निवासी कृष्णा दोस्त उमेश और तीन अन्य के साथ पुष्कर गया था। लौटते समय अजमेर में यह हादसा हुआ। कार लहराते हुए डिवाइडर से जा टकराई। स्पीड इतनी थी कि कार उल्टी दिशा में घूम गई और उसमें आग लग गई।

'पुराने क्लब की तरह है UNSC, हर कोई इस पर पाना चाहता नियंत्रण', विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र पर उठाए सवाल

बेंगलुरु। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है, जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते।विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है। यहां ऐसे सदस्य हैं, जो सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय विफलता है। मुझे लगता है कि आज यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। क्योंकि दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको वैश्विक भावना भी बता सकता हूं। मेरा मतलब है, आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ मुद्दे उठाए और उन्होंने हमें कुछ जरूरी बातें बताई। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ऐसी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। हमने बहुत ईमानदारी से कनाडा के लोगों से कहा है कि यह आपके ऊपर है, मेरा मतलब है कि आप चाहते हैं कि हम इसे आगे देखें या नहीं।

उप्र पीएसी का गौरवशाली इतिहास :योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां स्थापना दिवस समारोह में शामिल होते हुए कहा कि संसद पर हमले को निष्फल करने और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर आतंकी हमले को विफल करने जैसा पराक्रम उप्र पीएसी का गौरवशाली इतिहास रहा है। पीएसी के गौरवशाली इतिहास के बाद भी कुछ लोगों ने अपनी कुत्सित सोच के चलते प्रदेश में पीएसी की 46 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। वहीं आज पीएसी के गौरवशाली अतीत को देखते कुल 33 बटालियन में 273 कंपनियां पूर्णतया क्रियाशील हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पीएसी का स्थापना दिवस है। पीएसी के जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हूं। उत्तर प्रदेश पीएसी का एक गौरवशाली इतिहास है। 17 दिसम्बर 1947 को मिलिट्री पुलिस का नाम बदल कर पीएसी किया गया। उस समय यूनिटेड प्रोविंस था।

वर्तमान में लगभग 40 हजार कार्मिक उप्र पीएसी में कार्य कर रहे हैं। वे कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश में न केवल सभी प्रकार के धार्मिक बल्कि अन्य सभी आयोजन ठीक सम्पनन कराने में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं 2001 जब देश की संसद में हमला हुआ था, उस समय यूपी पीएसी के जवानों के कारण उस हमले को निष्फल करने में सफलता मिली। उन सभी हमलावरों को बहादुर जवानों ने सौर्य पराक्रम से मार गिराकर उनके मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य किया था। यही नहीं, देश की आस्था श्रीराम जन्मभूमि पर जब आतंकी हमला हुआ था, तब भी उस हमले को असफल करने का काम यूपी पीएसी ने ही किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएसी के गौरवशाली इतिहास को देखते हुए हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षी और 698 प्लाटून कमांडो की भर्ती की है। पीएसी में पदोन्नति के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए सरकार ने सशस्त्र पुलिस बल में 184 निरीक्षकों और 3,772 उप निरीक्षकों के पदों में भी वृद्धि की है।

सनातन का ढ़ोल पीटने वाले सनातन विरोधी :स्वामी प्रसाद मौर्य

बलिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के सनातन को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने रविवार को दावा किया सनातन का ढ़ोल पीटने वाले लोग सनातन विरोधी हैं । यहां अमहर ग्रामसभा में बौद्ध सम्मेलन को संबोधित करने रविवार को पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रसड़ा कस्बे स्थित डाक-बंगले में संवादाताओं से बातचीत के दौरान कहा ÷ सनातन धर्म का ढ़ोल का पीटने वाले लोग खुद सनातन का अर्थ ही नहीं समझते हैं। सनातन धर्म भगवान बुद्ध के मुख से निकला हुआ शब्द है । उन्होंने दावा किया कि जो लोग बौद्ध? धर्म का सनातन धर्म लेकर बड़े सनातनी बन रहे हैं। इनके सनातन और सच के सनातन में बहुत अंतर है । उन्होंने कहा कि सच का सनातन जो आदि काल में था, आज भी है और आगे भी रहेगा। वो सूर्य, हवा, पानी और अग्नि है जो प्रकाश, जल, हवा व अग्नि आदि देने में कोई जाति/धर्म का भेदभाव नहीं करता। हवा आक्सीजन के लिए नदी जल के लिए, सूर्य प्रकाश के लिए, कोई ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य शुद्र व मुस्लिम का भेदभाव नहीं करती यही सनातन है । उन्होंने आरोप लगाया बच्चा मां की कोख से पैदा होता है ये सनातन है परंतु ये मुख से ब्राम्हण, बाजुओं से क्षत्रिय, जांघ से वैश्य व पैरों से शुद्र पैदा कर देते हैं ।

मां वैष्णो के दरबार में सीजन की पहली बर्फबारी

कटड़ा । धर्मनगरी कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी के दरबार में रविवार-शनिवार की रात हल्की बर्फबारी हुई। हिमपात को देख भक्तों के चेहरे खिल उठे। कई श्रद्धालु इन यादगारों पलों को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। बर्फबारी के दौरान जमकर माता वैष्णो के जयघोष में गूंजे। वहीं, जम्मू में रविवार सुबह धूप खिली है। शहर में शनिवार को हुई हल्की बारिश और पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी के कारण जिला राजोरी और पुंछ को शोपियां (कश्मीर) से जोड़ने वाला मुगल रोड बंद कर दिया गया है। कश्मीर में शीतलहर के साथ बर्फीली हवा चल रही हैं। घने कोहरे के कारण पारे में गिरावट जारी है।जम्मू में बीती रात न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस के साथ सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात बीती।

आप की विकास क्रांति रैली, केजरीवाल और सीएम मान ने किया 1125 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

बठिंडा। बठिंडा की मौड़ मंडी में आज आम आदमी पार्टी की ओर से विकास क्रांति रैली का आयोजन किया गया। इस प्रमुख रैली को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के सुप्रीमो अरेविंद केजरीवाल ने संबोधित किया। दोनों नेताओं ने बठिंडा के लिए 1125 करोड़ के विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। आम आदमी पार्टी की विकास क्रांति रैली में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि तीर्थ यात्रा योजना के लिए ट्रेनें बुक कर ली, पैसे दे दिए। मगर 7 और 15 तारीख वाली ट्रेनें देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इंजन नहीं है, इनका बस चले तो पंजाब का राष्ट्रीय गान से भी नाम निकाल दें। इनका क्या है, एक बिल ही लेकर आना है और पंजाब काट कर यूपी लिख देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह कहते हैं, डबल इंजन की सरकार चाहिए। रेलवे कहता है कि इनके पास इंजन नहीं है। पहले रेलवे को इंजन तो दे दो। हमें धर्म के नाम पर तोड़ने की बात करते हैं। इतनी कोशिश कर ली, पंजाब में दंगे नहीं हो रहे। बीजेपी वाले सुन लें, यहां नफरत का बीज बोने नहीं देंगे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि मान सरकार पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।विकास क्रांति रैली राज्य के विकास परियोजनाओं को गति देने का काम कर रही है। रविवार को मुख्यमंत्री मान और केजरीवाल बठिंडा में नए बस स्टैंड, मल्टीपर्पज आडिटोरियम और एक 50 बेड वाले अस्पताल का नींवपत्थर रखा। वहीं बठिंडा के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सीवरेज और सड़क संबंधी कार्यों का शिलान्यास भी किया। पंजाब के लोगों ने जिस उम्मीद के साथ आप सरकार बनाई थी, उसे पूरा करने के लिए मान सरकार लगातार काम कर रही है। प्रशासन की ओर से रैली के सभी प्रबंध मुकम्मल कर लिए गए।

गर्दन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अपनाएं ये 8 टिप्स

सुन्दर दिखने की चाह हर किसी को होती है। सौन्दर्य में जहां एक ओर चेहरे की सुंदरता का महत्व है, वहीं गर्दन का महत्व भी कम नहीं मना जाता। अगर आपकी सुराहीदार गर्दन हो तो वह आपकी सुंदरता में चार चांद लगा देती है। पर

अगर गर्दन की सफाई समय पर न की जाए तो यह आपकी सुंदरता को कम कर देती है। गर्दन पर उम्र का प्रभाव बहुत जल्दी पडता हैं, जिसके कारण समय से पहले ही झुर्रियां, काली-मैली और स्किन के रंग में फर्क साफ देखाई देने लगता हैं। वहीं दूसरी ओर गर्दन बेडौल हो जाने की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए गर्दन की भी उसी प्रकार से देखभाल करनी चाहिए जैसे चेहरे की जाती है।

1. नींबू के बीज निकाल कर कच्चे दूध में डुबो-डुबो कर मैली गर्दन पर रगडें। इससे गर्दन की मैल दूर हो जाएगी।

2. हफ्ते में 2-3 बार पपीते के गूदे से मसाज करने से गर्दन की स्किन पर निखार आता है और साथ ही झुर्रियां भी दूर होती है। 3. अंडे की सफेदी में थोडा सा नीबू का रस मिलाकर अच्छी तरह से फेट लें। इसे गर्दन पर 15 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद धो लें। यह गर्दन का कालापन दूर करता है।

4. 30-35 साल की महिलाएं गर्दन की झुर्रियों से परेशान हैं, तो उन्हें दूर करने के लिए सबसे आसान तरीका है कि सप्ताह में एक बार अंडे की जर्दी को गर्दन पर लगा लें। सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। 5. रात को 10-15 चिरौंजी दूध में भिगो दें। सुबह उसे अच्छी तरह पीसकर लगाने से गर्दन का कालापन दूर होता है। यह प्रयोग सप्ताह में 2 बार करें। 6. गर्दन का कालापन दूर करने के लिए जैतून के तेल की मसाज करें।

7. दो चम्मच उड़द की दाल को गुलाबजल में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह उसे पीसकर पेस्ट बना लें। इसे गर्दन पर लगाएं। 10 मिनट बाद ठंडे पानी से साफ कर लें। यह गर्दन की ठीक से सफाई कर देता है।

8. सिर को कभी भी झुका कर बिल्कुल ना रखें।

पार्टी में सबसे अलग दिखें

पार्टियों का मौसम है। ऋतु मस्तानी है। ऐसे में ग्लैमर लुक आपको देगा एक नई पहचान। यहां लैक्मे ब्यूटी एक्सपर्ट कोरि वालिया बता रहे हैं इस सीजन के नए लुक्स।

मौसम के साथ-साथ मेकअप ट्रेड भी बदल जाता है। नर्म धूप और ठंड में अगर किसी पार्टी में या विशेष मौके पर कहीं जाना हो तो कई बार सोचना पड़ता है, मेकअप कैसा और किस तरह किया जाए कि त्वचा भी सही रहे। तो चलिए सखी के साथ इस सीजन के ग्लैमर लुक ट्राई करिए।

लुक 1

रेड कार्पेट ग्लैम लुक चेहरा

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन लगाएं। गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। अपने चीक्स को सॉफ्ट, नैचरल हाइलाइट करने के लिए पीच कलर का प्योर रुजब्लशर लगाएं।

आंखें

पर्पल ओएसिस आई कलर क्वारलेट लें। फिर एप्लीकेटर की सहायता से हलका शेड लैश लाइन से आइब्रो तक लगाएं। उसके बाद एक डार्क शेड लैश लाइन पर लगाकर हलका ब्लेंड करें। अब फिर लोअर लिड पर आई आर्टिस्ट से मोटी लाइन खींचें। आंखों के दोनों कोनों से बाहर निकालते हुए बनाएं। क्विक स्लिवर ग्लाइड ऑन आई कलर से अपर आइलिड पर फाइनल टच दें।

होंठ

एनरिच मैट लिप कलर शेड 661 से होंठों को सॉफ्ट टच दें।

नाखून

ट्रू वेयर नेल कलर शेड 041 से नाखूनों को आकर्षक बनाएं।

बाल

आउट कर्ल करके सेट करें।

लुक 2

रेड कार्पेट ग्लैम लुक

चेहरा

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें।

आंखें

आंखों को ग्लैमर और आकर्षक रूप देने के लिए अपनी अपर आइलिड पर टोपाज आइपॉट लगाएं। अच्छी तरह ब्लेंड करें। फिर आई आर्टिस्ट पेन से मोटी गहरी अपर लैश लाइन बनाएं। थोड़ा बाहर की तरफ निकालते हुए बनाएं। अब अपनी अपर और लोअर आइलिड पर पीकॉक ग्रीन ग्लाइड ऑन आइ कलर से लाइन बनाएं। यह लाइन भीतरी कोने से बाहरी कोने तक बाहर की तरफ फैलाते हुए बनाएं।

होंठ

लिप क्रोम शेड 501 से होंठों को भरें।

नाखून

नाखूनों पर ट्रू वेयर नेल कलर शेड 421 लगाएं।

लुक 3

गोवा ग्लैम लुक

चेहरा

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। अब गालों को सॉफ्ट व नैचरल टच देने के लिए डिंपल एरिया पर हनी बंच प्योर रूज ब्लशर लगाएं। उसके बाद चीक्स बोन के उभार वाले स्थान को नीचे से ऊपर की ओर पीच अफेयर प्योर रूज ब्लशर से हाइलाइट करें। ब्रॉन्ज्ड, बीच लुक देने के लिए चेहरे पर सन किस्ड फेस शियर लगाएं।

आंखें

हिना गोल्ड ग्लाइड ऑन आई कलर से अपर आइलिड पर मोटी आईलाइन बनाएं। फिर लोअर आइलिड पर मेटैलिक ब्लैक ग्लाइड ऑन आई कलर से पतली लाइन बनाएं। उसके बाद हिना गोल्ड से हलकी लाइन खींचें।

होंठ

होंठों को क्रीमी मैट बेस देने के लिए एनरिच मैट लिप कलर शेड नं.- 263 लगाएं।

उसके बाद लस्टर शीन लिप क्रोम शेड नं.- 601 लगाएं।

नाखून

ट्रू वेयर नेल कलर शेड नं.-242 से नेल्स को कोट करें।

लुक 4

जिप्सी ग्लैम लुक

चेहरा

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। उसके बाद चीक्स बोन के उभार वाले स्थान को नीचे से ऊपर की ओर हनी बंच प्योर रूज ब्लशर से हाइलाइट करें।

आंखें

स्मोकी आई लुक देने के लिए आई कलर क्वारटेट से ब्लैक आईशैडो लें और उसमें से मून डस्ट शेड को आइलिड पर लगाएं। फिर लोअर आइलिड पर फैलाएं। अगर आपकी त्वचा के लिए यह शेड अधिक गहरा लगे तो सॉफ्ट लुक देने के लिए कोई ब्राउन शेड लगाएं। सिल्वर शेड से अपर लैश लाइन को हाइलाइट करें। फिर ब्रो बोन पर व्हाइट शेड लगाकर परफेक्ट फिनिशिंग दें। लोअर लैश लाइन पर मेटैलिक ब्लैक ग्लाइड ऑन आई कलर लगाएं। इस लाइन के नीचे ब्रॉन्ज ग्लाइड ऑन आई कलर से नीचे दूसरी लाइन खींचें और बाहरी कोनों तक हलका फैलाएं।

होंठ

गोल्ड सिजल ग्लाइड ऑन लिप कलर से होंठों को डिफाइन करें और स्मज प्रूफ, शिमरिंग बेस दें।

बेहतरीन रूप देने के लिए एनरिच मेटैलिक लिप कलर शेड 660 लगाएं।

नाखून

ट्रू वेयर नेल कलर शेड नं.- 420 से नाखूनों को कोट करें।

मॉइस्चराइजर

लगाने के लिए इस तरह करें ब्रश का उपयोग

आजकल हर कोई मेकअप करता है, फिर चाहे कोई भी उत्सव हो या नही। ऐसे में अगर जलदबाजी में आप सही तरीके से मेकअप नही करेगे तो आप आकर्षक नही दिखागे। आज हम आपको मेकअप में सही तरीके से मॉइस्चराइजर लगाने के बारे में बताएगें। मॉइस्चराइजर का उपयोग झुर्रियों को आने से रोकता है और आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायता करता है। मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल अगर हाथों की जगह अगर ब्रश से किया जाए तो आपकी त्वचा लिए फायदेमंद होगा। ऐसे में कभी भी हाथों से मेकअप नही करना चाहिए, क्योकि हाथों से मेकअप एक समान नहीं फैलता। मेकअप में ब्रश का उपयोग करना हाथों और चेहरे की त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। तो आइए जानते है ब्रश द्वारा मॉइस्चराइजर लगाने के तरीके...

1. स्मूथ स्किन

अगर आप स्मूथ स्किन पाना चाहते है तो हाथों से मॉस्चराइज़र लगाए की बजाय ब्रश का उपयोग करें। ब्रश आपके चेहरे पर मॉइस्चराइजर को अच्छे से फैलता है, जिससे आपकी त्वचा एक समान लगती है। ऐसा करने से फाउन्डेशन से पहले त्वचा को एक बेस मिल जाता है।

2. मेकअप

कभी भी हाथों से मेकअप न करें, क्योंकि हाथों से मेकअप एक समान नहीं फैलता। ब्रश के साथ मेकअप करने से त्वचा के साथ अच्छे से मिलता जाता है। इसीलिए हमेशा ब्रश का उपयोग करें।

3. आईब्रो

ब्रश की सहायता से मॉइस्चराइज़र लगाते हैं तो ध्यान रखें कि आईब्रो का भाग छोड़ दें ताकि इन पर मेकअप अच्छे से हो जाए। अगर आप हाथों का उपयोग करते हैं तो हो सकता है कि इसका कुछ भाग आपकी आईब्रो पर लग जाए जिससे आपकी आईब्रो पर पेन्सिल का उपयोग ख़राब हो सकता है।

4. मुंहासें

हमारे चेहरे की त्वचा बहुत संवेदनशील होती है। अगर आप इस पर हाथों से मॉस्चराइज़र लगाएगें तो हाथों के बैक्टीरिया अपके चेहरे की त्वचा पर आ जाएगें, जिसके कारण आपको मुंहासें या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हमारे हाथों और नाखूनों में बहुत सा तेल और बैक्टीरिया होते हैं, जिनहें चाहरे पर लगाने से मुंहासों की समस्या हो सकती है। इस लिए इनहें साथ-सुथरा रखें।

5. ब्रश मसाज

ब्रश से मॉस्चराइज़र लगाने पर मसाज जैसा अनुभव आता है जिससे आप न केवल आराम महसूस करते हैं बल्कि यह त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। इससे रक्त परिसंचरण बढ़ता है तथा आपको अधिक चमकीला चेहरा मिलता है।

6. ब्रश का उपयोग

अकसर देखा गया है कि जब आप हाथों से मेकअप करते है तो अपको कई बार हाथ धोने पड़ते हैं या कुछ लोगों को अपने हाथ ख़राब करना अच्छा नहीं लगता ऐसे में आप ब्रश का उपयोग करें।

डैंड्रफ

हैं तो अपनाएं ये घरेलु उपाय, जल्द ही पाएं छुटकारा!

सुन्दर दिखने की चाह हर किसी को होती है। सौन्दर्य में जहां एक ओर चेहरे की सुंदरता का महत्व है, वहीं गर्दन का महत्व भी कम नहीं मना जाता। अगर आपकी सुराहीदार गर्दन हो तो वह आपकी सुंदरता में चार चांद लगा देती है। पर अगर गर्दन की सफाई समय पर न की जाए तो यह आपकी सुंदरता को कम कर देती है। गर्दन पर उम्र का प्रभाव बहुत जल्दी पडता हैं, जिसके कारण समय से पहले ही झुर्रियां, काली-मैली और स्किन के रंग में फर्क साफ देखाई देने लगता हैं। वहीं दूसरी ओर गर्दन बेडौल हो जाने की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए गर्दन की भी उसी प्रकार से देखभाल करनी चाहिए जैसे चेहरे की जाती है।

1. नींबू के बीज निकाल कर कच्चे दूध में डुबो-डुबो कर मैली गर्दन पर रगडें। इससे गर्दन की मैल दूर हो जाएगी।

2. हफ्ते में 2-3 बार पपीते के गूदे से मसाज करने से गर्दन की स्किन पर निखार आता है और साथ ही झुर्रियां भी दूर होती है। 3. अंडे की सफेदी में थोडा सा नीबू का रस मिलाकर अच्छी तरह से फेट लें। इसे गर्दन पर 15 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद धो लें। यह गर्दन का कालापन दूर करता है।

4. 30-35 साल की महिलाएं गर्दन की झुर्रियों से परेशान हैं, तो उन्हें दूर करने के लिए सबसे आसान तरीका है कि सप्ताह में एक बार अंडे की जर्दी को गर्दन पर लगा लें। सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। 5. रात को 10-15 चिरौंजी दूध में भिगो दें। सुबह उसे अच्छी तरह पीसकर लगाने से गर्दन का कालापन दूर होता है। यह प्रयोग सप्ताह में 2 बार करें। 6. गर्दन का कालापन दूर करने के लिए जैतून के तेल की मसाज करें।

7. दो चम्मच उड़द की दाल को गुलाबजल में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह उसे पीसकर पेस्ट बना लें। इसे गर्दन पर लगाएं। 10 मिनट बाद ठंडे पानी से साफ कर लें। यह गर्दन की ठीक से सफाई कर देता है।

8. सिर को कभी भी झुका कर बिल्कुल ना रखें।

रीयल कश्मीर एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी को 3-1 से हराया

श्रीनगर। रीयल कश्मीर फुटबॉल क्लब ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दौर के अपने आखिरी घरेलू मैच में शिलांग लाजोंग एफसी को 3-1 से हराया कमल इसाह ने मैच के पांचवें मिनट में ही रीयल कश्मीर का खाता खोल दिया लेकिन 16वें मिनट में करीम साम्ब ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। ग्नोहरे क्रिजो (55वां मिनट) और मोहम्मद इनाम (69वां मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल किए जिससे टीम की बढ़त को 3-1 हो गयी। टीम मैच के आखिर तक इस बढ़त को बनाए रखने में सफल रही। आरकेएफसी 10 मैचों में छह जीत, दो ड्रॉ और दो हार से 20 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। शिलांग लाजोंग 16 अंक के साथ पांचवें पायदान पर है।

फॉर्म में चल रहे ओडिशा एफसी के खिलाफ पहली जीत तलाशेगा हैदराबाद

भुवनेश्वर। ओडिशा एफसी 17 दिसम्बर, रविवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हैदराबाद एफसी के खिलाफ घरेलू मुकाबले के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24

एक्शन में लौटेगी। जगरनॉट्स ने अपने पिछले मैच में बसुंधरा किंग्स एफसी को 1-0 से हराकर एएफसी कप के नॉकआउट में जगह बनाई और स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा की टीम उस प्रतियोगिता की प्रभावशाली फॉर्म को आईएसएल में ले जाने के लिए उत्सुक होगी, जहां जगरनॉट्स अपने पिछले चार मैचों में से दो ड्रा और दो जीत के साथ अपराजित बने हुए हैं। जगरनॉट्स को मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) के घर पर खेले गए पिछले मैच में पूरे तीन अंक हासिल नहीं करने का अफसोस होगा, क्योंकि अहमद जाहौह के दो गोल की बदौलत वे बढ़त बना चुके थे लेकिन अरमांडो सादिकु ने दो गोल करके मुकाबला बराबर कर दिया और टीमों को एक-एक अंक मिले।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए छह सदस्यीय टीम घोषित की। रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह को टीम में शामिल किया गया है। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। रामनाथन और पूनाचा एकल मैच खेल सकते हैं जबकि युकी, बालाजी और माइनेनी में से किन्हीं दो को युगल मैच के लिए चुना जा सकता है। रोहित राजपाल टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे जबकि जीशान अली कोच की भूमिका निभाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने विज्ञप्ति में बताया कि चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की तथा समिति के अन्य सदस्य बलराम सिंह, मुस्तफा घोष, साई जयलक्ष्मी, राजपाल, जीशान और सचिव अनिल धूपर भी इसमें उपस्थित थे। भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में भी 4-0 से जीत हासिल की थी।

यूईएफए यूरोपा लीग : विलारियल ग्रुप एफ में शीर्ष पर, रियल बेटिस बाहर

जयपुर। अमन राज ने चौथे दौर में 4 अंडर 66 का कार्ड खेल जयपुर ओपन गोल्फ के रोमांचक मुकाबले को एक शॉट की बढ़त से यहां अपने नाम किया। पटना के 28 साल के अमन के करियर का यह चौथा जबकि साल का तीसरा खिताब है। उनका कुल सकोर 19 अंडर 261 (65-66-64-66) रहा।

वह इससे पहले 2018 में भी जयपुर ओपन के विजेता रहे हैं ग्रेटर नोएडा के सप्तक तलवार (64-65-71-62) और गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई (65-67-68-62) ने चौथे दौर में 8-अंडर 62 का स्कोर बनाकर अमन को चुनौती दी लेकिन ये दोनों खिलाड़ी एक शॉट से चूक कर एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

टूर्नामेंट जीतने पर अमन को पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपये का चेक मिला जिससे वह टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में चौथे से दूसरे स्थान पर आ गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (64) 17 अंडर और गुरुग्राम के ध्रुव श्योरान (68) 15 अंडर के स्कोर के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज : हरिकृष्णा नें जीत से खोला खाता

चेन्नई। भारत के शतरंज इतिहास के अब तक के सबसे बड़े क्लासिकल सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट का आरंभ हो गया है । पहले ही दिन दो मुकाबलों के परिणाम आने से यह संकेत मिल गया है की आने वाले छह राउंड में भी जोरदार संघर्ष देखने को मिलने वाला है ।

पहले राउंड में भारत के लिहाज से सबसे बड़ा मुक़ाबला थे भारत के दो खिलाड़ियों अनुभवी पेंटाला हरिकृष्णा और अर्जुन एरिगासी के बीच , जिसमें हरिकृष्णा नें अपने शानदार एंडगेम के चलते जीत दर्ज करते हुए अपना खाता खोल किया है । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए हरिकृष्णा नें क्वीन पान ओपनिंग में 61 चालों में जीत दर्ज की । अन्य मुकाबलों

में ईरान के परहम मघसूदलू को उक्रेन के पावेल एलजनोव नें पराजित किया जबकि भारत के डी गुकेश नें यूएसए के लेवान अरोनियन से तो हंगरी के सनन स्जुगिरोव नें सर्बिया के अलेक्ज़ेंडर प्रेडके से बाजी ड्रॉ खेली । अब पहले दिन के बाद हरिकृष्णा और पावेल सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है ।

सूर्या और कुलदीप के दमपर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, बराबरी पर रही श्रृंखला

कुआलालंपुर। भारत की यहां जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के प्लेऑफ में सम्मान बचाये रखने की उम्मीद स्पेन से 1-3 से मिली हार से टूट गई। स्पेन के लिए निकोलस अल्वारेज ने 25वें और 51वें मिनट में और पेटचामे पाउ ने 40वें मिनट में गोल दागा। भारत के लिए एकमात्र गोल सुनील जोजो ने 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से किया और दो बार की जूनियर विश्व चैम्पियन की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर पाने की कमजोरी फिर सामने आई।

टूर्नामेंट के इस चरण में भारत को स्पेन से दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा। पूल चरण में भी भारत इस यूरोपीय टीम से 1-4 से हार गया था। भारत भुवनेश्वर में 2021 में हुए पिछले चरण में चौथे स्थान पर रहा था। स्पेन ने उत्तम सिंह की अगुआई वाली टीम पर जीत से इस वैश्विक टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। उसने रोटरडम में 2005 चरण में भारत को पेनल्टी पर 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

स्पेन ने मैच में पूरी तरह से दबदबा बनाया हुआ था और अगर भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार ने पहले हाफ के बाद

कुछ बेहतरीन बचाव नहीं किए होते तो हार का अंतर और बड़ा हो सकता था। मोहित ने 33वें मिनट में दो शानदार बचाव किये जिससे स्कोर 1-1 से बराबर रहा। स्पेन के लिए अल्वारेज ने गोल की शुरूआत की और तीन मिनट बाद भारत ने सुनील जोजो के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी हासिल की जबकि पहले प्रयास में स्पेनिश गोलकीपर ने इसे बचा लिया था। भारत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में फिर बुरी तरह विफल रहा और यह जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल की तरह रहा जिसमें टीम ने दर्जनों प्रयास खराब कर दिए थे और उसे 1-4 से हार मिली थी। जोजो के 28वें मिनट के प्रयास को छोड़कर पेनल्टी कॉर्नर के आठ प्रयास नाकाम रहे। स्पेन ने पेटचामे पाउ के 40वें मिनट में किये गोल से बढ़त बना ली। भारत के बिखरे हुए रक्षण के खिलाफ 51वें मिनट में काब्रे वर्डेल्स के शॉट पर अल्वारेज ने गोल कर दिया। भारतीय खेमे में हताशा बढ़ती जा रही थी जिससे कुछ टक्कर भी हुई और पेटचामे हूटर से तीन मिनट पहले लंगड़ा रहे थे। स्पेन के पेरे अमात को भी टीम फिजियो की मदद लेनी पड़ी। भारत ने 2016 में टूर्नामेंट के लखनऊ चरण में स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले 2001 में होबार्ट में देश ने खिताब जीता था। भारत 1997 में इंग्लैंड में उप विजेता रहा था। पिछले चरण का उप विजेता जर्मनी फाइनल में फ्रांस से खेलेगा।

शुभा सतीश इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना संदिग्ध

नवी मुंबई। भारतीय बल्लेबाज शुभा सतीश उंगली में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में आगे नहीं खेल पाएंगी और उनका अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 21 से 24 दिसंबर के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चार दिवसीय टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले बताया कि इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली शुभा सतीश वर्तमान मुकाबले में आगे नहीं खेल पाएंगी। बीसीसीआई ने बयान ने कहा कि शुभा सतीश ने

उंगली टूट जाने के कारण दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं की तथा वह भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे वर्तमान टेस्ट मैच में आगे नहीं खेल पाएंगी। बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि इस बल्लेबाज को कब और कैसे चोट लगी। शुभा सतीश ने दूसरे दिन के खेल से पहले 'वार्म अप' किया था। यह 24 वर्षीय बल्लेबाज हालांकि उस दिन मैदान पर नहीं उतरी थी। शुभा सतीश ने भारत की पहली पारी में सर्वाधिक 69 रन बनाए थे।

फिल साल्ट का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद शतक की मदद से इंग्लैंड ने 223 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल करके वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीवंत रखी। साल्ट ने 56 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए जिसमें चार चौके और नौ छक्के शामिल हैं। उन्होंने कप्तान जोस बटलर (34 गेंद पर 51 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों के अलावा लियाम लिविंगस्टोन ने 30 और हैरी ब्रूक ने नाबाद 31 रन का योगदान दिया जिससे इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे। ब्रूक

ने आंद्रे रसेल के इस ओवर में तीन छक्के और एक चौका जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। उसकी तरफ से निकोलस पूरण ने 45 गेंद पर 82 रन बनाए जिसमें छह चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। उनके अलावा कप्तान रोवमैन पावेल ने 39, शेरफेन रदरफोर्ड ने 29 ने और शाई होप ने 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने पहले दोनों मैच जीते थे और अभी वह पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। चौथा मैच मंगलवार को त्रिनिदाद में खेला जाएगा।

ल्यूटन के कप्तान लॉकयर को मैदान पर पड़ा दिल का दौरा, मैच रद्द

लंदन । ल्यूटन के कप्तान टॉम लॉकयर इस साल दूसरी बार दिल का दौरा पड़ने के कारण मैदान पर गिर पड़े जिसके कारण बोर्नमाउथ में खेला जा रहा इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता का मैच रद्द करना पड़ा। ल्यूटन ने बताया कि लॉकयर को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। उनका परिवार उनके साथ है। वेल्स का यह डिफेंडर मैच के 59वें मिनट मैदान पर गिर पड़ा था। दोनों टीम के खिलाड़ी तुरंत ही उनके पास पहुंचे। ल्यूटन के कोच रॉब एडवर्डस भी तुरंत मैदान में चले गए। वह काफी परेशान दिख रहे थे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान पर ही उपचार दिया गया और बाद में उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। तब तक उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हो गया था। उस समय मैच 1-1 से बराबरी पर था और रेफरी साइमन हूपर ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच रद्द किए जाने के बाद भी दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। वे लॉकयर के समर्थन में नारे लगा रहे थे। ल्यूटन ने बयान में कहा, 'दोनों टीम के प्रशंसकों के प्रति हमें खेद है लेकिन अपने साथी और मित्र के इस तरह से मैदान छोड़ने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी खेल आगे जारी रखने की स्थिति में नहीं थे।

Vijay Hazare Trophy : हरियाणा बना चैम्पियन, इन प्लेयर्स ने किया यह संभव

बेंगलुरु। विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को 30 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। राजकोट के मैदान पर खेले गए मुकाबले में हरियाणा ने पहले खेलते हुए 287 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की टीम 257 रन पर ही सिमट गई। हरियाणा पूरे टूर्नामैंट के दौरान एक भी मैच नहीं हारा। हरियाणा के लिए सुमीत कुमार प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों पर 24 रन तो बनाए ही साथ ही गेंदबाजी करते हुए राम मोहन, महिपाल लोमरोर और दीपक हुड्डा के विकेट निकालकर राजस्थान को बैकफुट पर धकेल दिया।

ऐसा रहा हरियाणा का सफर

बनाम उत्तराखंड : 6 विकेट से जीते
बनाम बिहार : 10 विकेट से जीते
बनाम चंडीगढ़ : 84 रन से जीते
बनाम मिरोरम : 190 रन से जीते
बनाम दिल्ली : 53 रन से जीते
बनाम कर्नाटकः 5 विकेट से जीते
बनाम जम्मू कश्मीरः 4 विकेट से जीते
बनाम बंगाल : 4 विकेट से जीते
बनाम तमिलनाडु : 63 रन से जीते
बनाम राजस्थान : 30 रन से जीते

मैच की बात करें तो पहले खेलते हुए हरियाणा की शुरूआत खराब रही थी। युवराज सिंह 1 तो राणा महज 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद अंकित कुमार ने कप्तान मनेरिया के साथ मिलकर टीम को मजबूत स्थिति दी। अंकित जब 91 गेंदों पर 88 रन बनाकर आऊट हुए तब तक हरियाणा का स्कोर 165 हो चुका था। इसके बाद मनेरिया भी 96 गेंदों पर 70 रन बनाकर चलते बने। मध्यक्रम में निशांत सिंधु 29, राहुल तेवतिया 24, सुमित कुमार 16 गेंदों पर 28 रन बनाने में कामयाब रहे और स्कोर 287 तक पहुंचा दिया। राजस्थान की ओर से तेज गेंदबाज खलील अहमद ने 57 रन दिए लेकिन विकेट नहीं ले पाए। जबकि अराफात खान ने 59 रन देते हुए दो विकेट हासिल किए। राजस्थान के लिए सबसे सफल गेंदबाज अंकित चौधरी रहे। उन्होंने 10 ओवर में 49 रन देते हुए 4 विकेट लिए। इसी तरह राहुल चाहर ने 39 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाब में 288 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत बेहद खराब रही। राम मोहन चौहान 1, महिपाल लोमरोर 2 तो कप्तान दीपक हुड्डा शून्य पर ही आऊट हो गए। स्कोर जब 12 रन पर तीन विकेट था तो अभिजीत तोमर ने एक छोर संभाला। उन्होंने करण लांबा (20) के बाद कुणाल सिंह राठौर के साथ मिलकर स्कोर 200 पार लगाया।

हार्दिक की वफादारी पर AB de Villiers ने किया कमेंट, सूर्य-बुमराह की भी दी उदाहरण

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले मुंबई इंडियंस खेमे में रोहित शर्मा से हार्दिक पंड्या की कप्तानी में बदलाव पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को आईपीएल 2024 के लिए अपना नया कप्तान घोषित किया था।

सबसे सफल कप्तानों में से एक रोहित को हटाने से समर्थकों को निराशा हुई थी। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल नेटवर्किंग अकाउंट पर कई फॉलोअर्स खो दिए। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स

एमआई प्रशंसकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया देखकर हैरान हैं। डिविलियर्स मुंबई इंडियंस को करीब से फॉलो करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिक्रिया काफी नकारात्मक रही है। हार्दिक पंड्या मुंबई का लड़का है क्योंकि उसने अपना आईपीएल करियर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू किया था। वह वर्षों तक उनके लिए खेले और अपनी पहली पारी में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। मुझे पता है कि जब हार्दिक ने आगे बढ़ने का फैसला किया तो सूर्या और बुमराह मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के प्रति वफादार रहे, लेकिन वह वापस आ गए हैं।

डिविलियर्स ने कहा कि मैं प्रशंसकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया देखकर आश्चर्यचकित हूं। मैं पढ़ रहा हूं कि मुंबई इंडियंस अपना प्रशंसक आधार खो रही है और लोग इस कदम से परेशान हैं। प्रशंसकों को खुश होना चाहिए कि वह अधिक अनुभव के साथ लौटे हैं।

वह स्वागत के पात्र हैं। मुझे यकीन है कि अगर वह कप्तान के रूप में मुंबई इंडियंस के साथ ट्रॉफी उठाते हैं, तो प्रशंसकों को कोई समस्या नहीं होगी। बता दें कि हार्दिक 2 साल तक गुजरात टाइटंस के साथ थे। उन्होंने 2022 में उन्हें अपने पहले आईपीएल खिताब तक पहुंचाया, जबकि फ्रेंचाइजी ने अगले सीज़न में फाइनल में जगह बनाई।

इतनी जल्दी- रोहित शर्मा के कप्तानी से हटने पर वसीम जाफर रिएक्शन आया सामने

नई दिल्ली । मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीज़न से पहले हार्दिक पंड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि वह आश्चर्यचकित थे। पांच बार के चैंपियन जल्दी ही रोहित शर्मा को अपना कप्तान बना चुके हैं। फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे, जिससे कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा। रोहित की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 जीते थे।

बहरहाल, वसीम जाफर ने कहा कि उन्होंने (हार्दिक पांड्या) गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे - उन्होंने पहले सीज़न (2022) में उन सभी सवालों के जवाब दिए। दूसरे सीज़न में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन मुझे आश्चर्य है कि एमआई इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गया। ये इतनी जल्दी हुआ, मैं भी

थोड़ा हैरान हूं। जब उन्होंने व्यापार किया, तो शायद हार्दिक को यह बता दिया गया था कि वह कप्तान के रूप में आने वाले हैं। लेकिन क्या इसके बारे में रोहित को सूचित किया गया था, मुझे नहीं पता। जाफर ने कहा कि कुछ लोग ऐसे थे जो (एमआई) कप्तान बनने के लिए काफी आशान्वित थे। इनमें से एक हैं सूर्यकुमार यादव, जो भारतीय टी20 टीम की कप्तानी कर रहे हैं। वह एक मौके की तलाश में था क्योंकि उसने (हाल ही में भारत की) बहुत अच्छी कप्तानी की है।

जसप्रीत बुमराह भी दावेदार हैं। मुझे उम्मीद है कि इसे (रोहित को) अच्छी तरह से बता दिया गया है। यह होने वाला था, लेकिन इस सीजन में यह सीधे हो रहा है, मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं। बता दें कि आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

वहीं, रोहित शर्मा ने अब तक 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है जिसमें 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए। उनका जीत प्रतिशत 55.06 रहा। जाफर ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह (रोहित शर्मा) टी20 विश्व कप में कप्तानी करेंगे, यह देखा जाएगा। क्योंकि, फिर वह कप्तान हैं और हार्दिक उनके अधीन खेलेंगे। तो, यह कैसे होता है।

रवीना टंडन

की वेब सीरीज Karma Calling का दमदार टीजर रिलीज, पावरफुल वुमन के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस

रवीना टंडन 90 के दशक की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं. उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लाखों लोगों का दिल जीता है. एक्ट्रेस अब जल्द ही ओटीटी पर एक बार फिर कदम रखने वाली हैं. रवीना कर्मा कॉलिंग वेब सीरीज में नजर आएंगी. इस सीरीज का टीजर भी आज रिलीज हो गया है. रवीना टंडन ने खुद टीजर शेयर कर अपनी वेब सीरीज का ऐलान किया है. इस टीजर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- जैसा काम करोगे वैसा ही फल मिलेगा? करमा को आने दो, मैं संभाल लूंगी.

रवीना टंडन की वेब सीरीज का टीजर रिलीज

वहीं, टीजर की बात करें तो ये काफी दमदार हैं. इस टीजर में रवीना टंडन कहती सुनाई दे रही हैं कि, सक्सेस पाने के लिए कोई रूल नहीं होते. कुछ सही गलत नहीं होता.

अपने उसूल, आदर्शों और यहां तक की परिवार...सब भाड़ में जाए. लोग कहते हैं कि जैसा करोगे वैसा भरोगे. लेकिन मैं कहती हूं अगर दुनिया आपके कदमों पर है तो कर्मा भी कुछ नहीं कर सकता. इस प्रोमो में रवीना एकदम पावरपुल वुमन के किरदार में छाई हुई नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस का लुक भी बेहद शानदार है. हमेशा की तरह इस सीरीज के टीजर में भी रवीना ने अपनी एक्टिंग से सभी को इंप्रेस किया है.

कब रिलीज होगी कर्मा कॉलिंग ?

वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो, इसमें रईसों की असलियत के बारे में बताया गया है. सीरीज में रवीना इंद्राणी कोठारी के रोल में है. इस सीरीज में दिखाया जाएगा की ग्लैमर और चकाचौंध की दुनिया आखिर कितने धोखे से भरी है. बता दें कि, ये सीरीज 26 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी.

ऋचा चड्ढा

को इंप्रेस करने के लिए Ali Fazal ने बेले थे खूब पापड़, फुकरे के सेट पर किए थे कई बेवकूफी वाले काम, एक्टर ने खुद किया खुलासा

अली फज़ल और ऋचा चड्ढा बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं. ये जोड़ी अक्सर लव गोल सेट करती रहती है. अपनी फिल्म फुकरे के सेट पर ये दोनों एक दूसरे को दिल दे बैठे थे और फिल इस जोड़ी ने अपने प्यार को शादी का नाम दे दिया. हाल ही में साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट, साइरस सेज़ पर अली फजल ने खुलासा किया कि उन्होंने फुकरे के सेट पर ऋचा को इंप्रेस करने के लिए क्या-क्या किया था.

ऋचा को इंप्रेस करने के लिए अली ने किए बेवकूफी वाले काम

अली ने खुलासा किया कि ऋचा को इंप्रेस करने के लिए कई अजीब-अजीब काम किए थे. दरअसल अली 'ओए लकी लकी ओए' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी फिल्मों में ऋचा की शानदार एक्टिंग से काफी इंस्पायर थे. फुकरे की स्क्रिप्ट पढ़ने के दौरान अपनी पहली बातचीत को याद करते हुए, अली ने किस्से शेयर किए कि कैसे उन्होंने बातचीत शुरू करने और उनकी कंपनी में शामिल होने की कोशिश की थी.

अली ने कहा, मुझे लगता है कि मैं उसे इंप्रेस करने की कोशिश कर रहा था. मैंने सोचा कि वह वास्तव में बहुत कूल बदमाश टाइप लड़की थी और मैंने कभी किसी लड़की को इस तरह का व्यवहार करते नहीं देखा था. जब मैंने उन्हें ओए लकी और वासेपुर में देखा, तो मुझे नहीं लगता कि मैंने भारतीय सिनेमा में लंबे समय तक उस रेंज वाला कोई इंसान देखा होगा. वासेपुर में, उनके पास ये पूरी रेंज थी.

फुकरे के सेट पर अली ने शुरू की थी ऋचा से बातचीत

अली फज़ल ने आगे खुलासा किया, मुझे याद है कि हम फुकरे की रीडिंग कर रहे थे और मुझे नहीं पता कि मैं क्यों गया और उसके बगल में बैठ गया.

यह सिर्फ बेवकूफी भरी बातें हैं जो आप करते हैं. मैं बातचीत का हिस्सा बनना चाहता था, और मैंने कहा, ओह, आपको ये डिश चाहिए? जबकि वो डिश उससे पास ही रखी थी. उसने सोचा होगा कि मैं मूर्ख हूं. मुझे राजमा से नफरत थी और ये लोग हमेशा राजमा खाते थे. फिर हम खूब बातें करने लगे.

सौरव दास ने गर्लफ्रेंड दर्शना बानिक से रचाई शादी, रेड साड़ी में नजर आई एक्ट्रेस

फिल्मी और टीवी जगत में रोजाना किसी न किसी सेलेब्स की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जानी-मानी डांसर और एक्ट्रेस मुक्ति मोहन (Mukti Mohan) ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड और टीवी एक्टर कुणाल ठाकुर से शादी रचाई। तो वहीं अब बंगाली अभिनेता सौरव दास (Saurav Das) ने भी सात फेरे लिए।

सौरव दास ने की शादी

अभिनेता सौरव दास ने दर्शना बानिक (Darshana Banik) को अपना जीवन साथी चुना। इस कपल ने 15 दिसंबर 2023 को ड्रीमी वेडिंग सेरेमनी में फेरे लिए। इस कपल ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर फैंस संग गुड न्यूज शेयर की।

बंगाली रीति-रिवाजों से की शादी

इस कपल ने पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाजों से शादी की। पहली तस्वीर में न्यूलीमैरिड कपल को एक-दूसरे का हाथ पकड़कर उस पल का आनंद लेते देखा जा सकता है। दूसरी तस्वीर में सौरव और दर्शना कैमरे के सामने खुलकर पोज दे रहे हैं।

दर्शना बानिक का वेडिंग लुक

दर्शना इस मौके पर पारंपरिक बंगाली दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने रेड कलर की बनारसी साड़ी पहनी थी। दर्शना ने अपनी साड़ी को एक मैचिंग ब्लाउज और एक शीयर रेड दुपट्टे के साथ स्टाइल किया था, जिसमें पूरे बॉर्डर पर छोटे क्रिस्टल स्टोन्स थे। इस पर गोल्डन नेकलेस, झुमके, एक मांग टीका, एक नथ, एक कमरबंद और चूड़ियों के साथ अपने लुक को पूरा किया।तो वहीं, सौरव ने अपनी शादी के लिए व्हाइट कलर का कुर्ता पहना था। उन्होंने इसे धोती और रेड कलर के शॉल के साथ स्टाइल किया था। बता दें, सौरव और दर्शना ने मोंटू पायलट, कटक्कुटी, ब्रेकअप स्टोरी, हुलोर, ब्लैक, रिश और कई अन्य शोज में काम किया हुआ है।

ब्लैक साड़ी में Janhvi Kapoor ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर, एक्ट्रेस की मदमस्त अदाओं ने जीता फैंस का दिल

फिल्म इंडस्ट्री की गॉर्जियस एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) मूवीज के अलावा अक्सर अपने लुक्स को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर फोटो पोस्ट करती हैं, जिसमें लोग उनकी खूबसूरती देख तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाते। चाहे इंडियन हो या वेस्टर्न धड़क एक्ट्रेस हर लिबाज में किसी अप्सरा से कम नहीं लगतीं। एक्ट्रेस ने एक बार फिर दिल थाम देने वाली तस्वीरें शेयर की हैं।

ब्लैक साड़ी में ढाया कहर

जाह्नवी कपूर ने ब्लैक साड़ी में कुछ फोटोज शेयर की हैं। कभी शीशे में देखते हुए, तो कभी कैमरे की ओर देखते हुए, एक्ट्रेस ने कहर ढाने वाले एक्सप्रेशन्स के साथ पोज दिया है। ब्लैक साड़ी में उनका लुक देखने लायक है।

लाइट मेकअप के साथ इस तरह किया खुद को तैयार

अपने लुक को को जाह्नवी ने बैलेंस मेकअप और ज्वेलरी के साथ पूरा किया है। एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की खूबसूरत साड़ी के साथ ईयररिंग्स और रिंग पहना है। काजल और मस्कारा से जाह्नवी ने अपनी आंखों को हाइलाइट किया है। वहीं, माथे पर बिंदी लगाकर एक्ट्रेस ने खुद को प्रॉपर इंडियन लुक दिया है।

इन तस्वीरों के साथ ही एक बार फिर जाह्नवी ने फैंस का दिल जीत लिया है। किसी ने फायर, तो किसी ने हार्ट इमोजी देकर जाह्नवी की फोटोज पर अपना प्यार लुटाया है।

जाह्नवी कपूर वर्कफ्रंट

जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उनकी झोली में साउथ की फिल्म 'दसरा' है। इस मूवी की स्टार कास्ट में कीर्ति सुरेश और नवीन बाबू घन्टा उर्फ नानी हैं। इसके अलावा जाह्नवी, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म 'एनटीआर 30' में नजर आएंगी। बतौर लीड एक्ट्रेस यह जाह्नवी की पहली साउथ साइड की मूवी होगी। इसके बाद एक्ट्रेस को अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी देखा जा सकता है।